सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधववार, 21 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 21, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## निवेशकों के 9.86 लाख करोड़ रुपये डूबे

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच शेयर बाजार में भारी गिरावट आने से निवेशकों के 9.86 लाख करोड़ रुपये डूब गए। } 14

## ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जा आवश्यक : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ब्रिटेन द्वारा अत्यंत महत्वपूर्ण भूमि को सौंपा जाना घोर मूर्खता का कार्य है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के उन कई कारणों में से एक है जिनके चलते ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जा आवश्यक है। } 16

# भाजपा में अब 'नबीन' युग

❍ नये राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार ❍ पीएम समेत सभी नेताओं ने दी बधाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। नितिन नवीन को मंगलवार को औपचारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। उन्होंने जेपी नड्डा का स्थान लिया है। उनके अध्यक्ष बनने के साथ ही ऐसे वक्त में पार्टी के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हो गयी है जब वह देश की राजनीति पर अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है।

भाजपा के संगठनात्मक चुनावों के निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण ने संगठनात्मक चुनावों के परिणाम घोषित किए और 45 वर्षीय नवीन को चुनाव प्रमाण पत्र सौंपा, जो पार्टी के शीर्ष पद पर आसीन होने वाले अब तक के सबसे युवा व्यक्ति हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वरिष्ठ मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी और अन्य लोग भाजपा मुख्यालय में मौजूद थे। नवीन भाजपा के 12वें अध्यक्ष बने, जिसकी स्थापना 1980 में हुई थी और उसी वर्ष उनका जन्म भी हुआ था। सुर्खियों से दूर रहने वाले नवीन ने 14 दिसंबर को भाजपा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने




के बाद बिहार सरकार में कानून और न्याय, शहरी विकास और आवास मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। लक्ष्मण ने चुनाव के नतीजों की घोषणा करते हुए कहा यह चुनाव दर्शाता है कि भाजपा में नेतृत्व वंशवादी विशेषाधिकार से नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत और समर्पण से उभरता है। नड्डा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आज का दिन बहुत ही ऐतिहासिक है, जब हमारे युवा, ऊर्जावान और प्रतिभाशाली नितिन नवीन विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण कर रहे हैं। मैं अपनी और करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई देता हूं। केंद्र सरकार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मेरे बॉस हैं नितिन : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को नितिन नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि पार्टी से संबंधित मामलों में यह युवा नेता उनका बॉस होगा। यहां पार्टी मुख्यालय में एक सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने 45 वर्षीय नवीन को युवा ऊर्जा और संगठन में व्यापक अनुभव वाला एक मिलेनियल बताया, जो पार्टी के लिए बहुत मददगार साबित होगा।

अपने 40 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री ने बार-बार नवीन को माननीय कहकर संबोधित किया और पिछले 11 वर्षों में उनकी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, जिसे उन्होंने पार्टी अध्यक्ष को अपने काम का लेखा-जोखा देने के रूप में वर्णित किया। प्रधानमंत्री ने राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह, जेपी नड्डा जैसे वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ केंद्रीय मंत्रियों, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा उनका हर शब्द हमें एक नई दिशा देगा। उनका मार्गदर्शन एक अमूल्य धरोहर होगा जो हमारे भविष्य की कार्ययोजना को निर्धारित करेगा। मोदी ने भाजपा के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के काम का जिक्र करते हुए कहा मैं भी एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में नए अध्यक्ष को अपने काम का हिसाब दे रहा था। मैंने



अपना हिसाब दे दिया है। अब वह मेरी सीआर (रिपोर्ट) लिखेंगे। मैं उनके मार्गदर्शन की प्रतीक्षा कर रहा हूं। नवीन को संगठन पर्व के समापन पर पार्टी मुख्यालय में भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया गया, जिसमें बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के विभिन्न पार्टी पदों के लिए चुनाव हुए।

मोदी ने कहा जब बात पार्टी के विषयों की आती है, तब माननीय नितिन नवीन जी, मैं एक कार्यकर्ता हूं और आप मेरे बॉस हैं। उन्होंने कहा अब माननीय नितिन नवीन जी हम सभी के अध्यक्ष हैं और उनका ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### बंगाल में एसआईआर की जांच करेंगे पर्यवेक्षक

कोलकाता। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की निगरानी के लिए 12 वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारियों को विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक (एसआरओ) के रूप में नियुक्त किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्यवेक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि एसआईआर की कवायद निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार ही किया जाए। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव गया प्रसाद को मुर्शिदाबाद जिले का एसआरओ नियुक्त किया गया है, जबकि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के संयुक्त सचिव देवेश देवल को पश्चिम मेदिनीपुर का कार्यभार सौंपा गया है। सरकारी ई-मार्केटप्लेस की अतिरिक्त सीईओ को निष्ठा उपाध्याय को शुरूआत में कोलकाता में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में तैनात किया जाएगा और बाद में जिले आवंटित किए जाएंगे।

### ट्रक की टक्कर से तीन लोगों की मौत

बुलंदशहर। जिले के गुलावठी थाना क्षेत्र में एक ट्रक की टक्कर से कार में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, सोमवार रात हुए इस हादसे में मृतकों की पहचान आशुतोष (35), अंकित (37) और महेश (55) के रूप में हुई। इनमें आशुतोष और अंकित मेरठ तथा महेश बुलंदशहर के रहने वाले थे। नगर पुलिस अधीक्षक शंकर प्रसाद ने बताया कि बुलंदशहर-मेरठ मार्ग पर सोमवार की रात गुलावठी क्षेत्र में बुलंदशहर की तरफ से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर गलत दिशा में चली गई और सामने की तरफ से आ रहे ट्रक से उसकी टक्कर हो गई।

### आतंकियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू। जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाकों में आतंकवादियों का पता लगाने के लिए चलाए जा रहे तलाशी अभियान के तीसरे दिन मंगलवार को सुरक्षा बलों ने कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चतरू क्षेत्र के मन्द्राल-सिंहपुरा के पास सोनार गांव में रविवार को अभियान शुरू किया गया था और इस बीच हुई मुठभेड़ में एक पैराट्रूपर शहीद हो गया तथा छिपे हुए आतंकवादियों द्वारा अचानक किए गए ग्रेनेड हमले से सात अन्य घायल हो गए। आतंकवादी घने जंगल में भाग गए, लेकिन खाने-पीने की चीजें, कंबल और बर्तनों सहित बड़ी मात्रा में सर्दियों के सामान से भरे उनके ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया।

## नयी ऊर्जा व दिशा प्रदान करेंगे नये राष्ट्रीय अध्यक्ष

### मुख्यमंत्री योगी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से की भेंट

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की और उन्हें बधाई के साथ उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने मंगलवार को नयी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनसे मुलाकात की। आदित्यनाथ ने एक्स पर एक पोस्ट कर पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर नवीन को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा, 'आपके कुशल नेतृत्व, संगठनात्मक



अनुभव और दूरदर्शिता से पार्टी को नयी ऊर्जा और दिशा मिलेगी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती प्राप्त होगी। आदित्यनाथ ने अपने पोस्ट में नवीन को बधाई देते हुए लिखा, पूर्ण विश्वास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में आप अंत्योदय के पथ पर चलते हुए अपनी निष्ठा व समर्पण से संगठन को नयी ऊंचाइयां प्रदान करेंगे एवं सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं में राष्ट्र प्रथम के भाव को और सुदृढ़ करेंगे। आपके उज्ज्वल कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं।

सीएम योगी ने कहा प्रभु श्रीराम जी के आशीर्वाद से भाजपा का यह नवयुग राष्ट्र निर्माण की नयी गाथा रचे यही मंगलकामना है। वहीं उत्तर प्रदेश के के मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, बोर्ड और निगम प्रमुख, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी नवीन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एक युवा नेता ने दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का नेतृत्व करने की बड़ी जिम्मेदारी ली है। मुझे आशा है कि वह इस जिम्मेदारी को बहुत अच्छे से निभायेंगे।

## नये भाजपा अध्यक्ष का अनुभव देगा नयी दिशा

### सीएम पुष्कर सिंह धामी ने पदभार ग्रहण करने पर दीं शुभकामनाएं

प्रमुख संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन के निर्वाचन पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नितिन नबीन का नेतृत्व ऐसे समय में पार्टी को मिला है, जब देश अपेक्षाओं, अवसरों और चुनौतियों के नए दौर से गुजर रहा है, और उनका अनुभव संगठन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि नितिन नबीन का दीर्घकालिक संगठनात्मक अनुभव, सुदृढ़ कार्यशैली और जमीनी कार्यकताओं से आत्मीय जुड़ाव भारतीय जनता पार्टी की वैचारिक मजबूती को और अधिक



सशक्त करेगा। उनके नेतृत्व में पार्टी राष्ट्रवाद, सुशासन, विकास और अंत्योदय के मूल मंत्र को और प्रभावी ढंग से देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने में सफल होगी। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नितिन नबीन ने संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए अनुशासन, समर्पण और सामूहिक नेतृत्व की मिसाल प्रस्तुत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## इंजीनियर मृत्यु मामला : एसआईटी जांच पर पिता ने सीएम का जताया आभार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। नोएडा में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में योगी सरकार द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई पर मृतक के पिता राजकुमार मेहता ने संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन से उन्हें न्याय की आशा मिली है और उन्हें विश्वास है कि उनके बेटे की आत्मा को न्याय अवश्य प्राप्त होगा। वहीं, मंगलवार को मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

❍ लापरवाही के आरोप में डेवलपर गिरफ्तार

मृतक युवराज मेहता के पिता राजकुमार मेहता के अनुसार, घटना की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से घटनास्थल पर आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक बार भेंट करने की इच्छा भी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से मुलाकात होने पर उन्हें मानसिक शांति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से उन्हें यह भरोसा दिलाया गया है कि पूरा सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को नोएडा की घटना का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने घटना की जांच के लिए अऊॠ जोन मेरठ के नेतृत्व में 3 सदस्यीय एसआईटी की टीम गठित किया था। अधिकारियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक है यूपी की विधानसभा

### राजनीति में बढ़े महिलाओं की भागीदारी : ओम बिरला



विशेष संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की विधानसभा जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक लगती है। पीठासीन अधिकारियों के 86वें अखिल भारतीय सम्मेलन के दूसरे दिन यहां विधानभवन के मंडप (जहां सत्र की कार्यवाही संचालित होती है) में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि इस विधानसभा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सहारनपुर : एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव मिले

जिला संवाददाता

सहारनपुर। जिले के सरसावा थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से मंगलवार की सुबह एक दंपति समेत परिवार के पांच शवों को पुलिस ने बरामद किया है।

पुलिस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि थाना सरसावा क्षेत्र की कौशिक विहार कॉलोनी में एक मकान के एक कमरे में अमीन के पद पर कार्यरत अशोक राठी (40), उसकी पत्नी अजिंता (37), मां विद्यावती (70), पुत्र कार्तिक (16) और देव (13) के शव बरामद हुए। अमीन के पास से तीन पिस्टल भी मिली हैं। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने बताया कि आज सुबह ही पुलिस को यह जानकारी मिली कि सरसावा की कौशिक विहार कॉलोनी में एक अमीन सहित उनके परिवारजनों के कुल पांच शव उन्हीं के मकान के एक कमरे में मिले हैं। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। मृतकों के शव एक ही कमरे में पाये गये। उन्होंने बताया कि अशोक राठी के शव के बगल में तीन लोडेड पिस्टलें भी मिलीं। अमीन के पद पर कार्यरत रहे अशोक राठी सहित सभी के सिर पर गोली लगी है। गोली बहुत पास से मारी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा अशोक राठी सहित उसके पारिवारिक परिवेश की जानकारी ली जा रही है और पूरे क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा ...शेष पृष्ठ 14 पर

❍ सभी के सिर पर लगी थी गोली



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 11.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ वैश्विक कंपनियों के साथ यूपी की साझेदारी (पृष्ठ-02)
❍ एसआईआर में फार्म-6 के साथ भरना अनिवार्य (पृष्ठ-02)
❍ चीनी उत्पादन 22% बढ़कर 159 लाख टन (पृष्ठ-14)
❍ चांदी 323000 रुपये प्रति किलोग्राम (पृष्ठ-14)
❍ अमरावती को बनाएंगे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने सर्दी से बचाव के लिए राजधानी में जगह-जगह जलवाये अलाव, जरूरतमंदों को मिली बड़ी राहत

# सर्दी में गरीब, बेसहारा लोगों का सहारा बने अलाव : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने मंगलवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से बचाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाए। इससे लोगों को काफी राहत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले मुसाफिरों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से राहत पाई।

मंगलवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। अस्पताल आए मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज







सागर दास की इस मानवीय पहल का स्वागत किया और उनके द्वारा जलवाए गए अलाव को तापकर राहत महसूस की। गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव उन्हें सर्दी से जूझने की ताकत देता है। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा अलाव जलवाए जा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने सोमवार को शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# ईवी और रक्षा क्षेत्रों में वैश्विक कंपनियों के साथ यूपी की साझेदारी

## उत्तर प्रदेश में भारत का पहला हाइब्रिड ईवी मोटरसाइकिल संयंत्र स्थापित करेगा टीडब्ल्यूआई समूह

विशेष संवाददाता (vol)

- ग्रीनको समूह ने 1 गीगावॉट कम्प्यूट डेटा सेंटर विकसित करने के लिए किया एमओयू
- सोलर क्षमता और सोलर मॉड्यूल निर्माण के लिए 10,500 करोड़ का निवेश करेगा



**लखनऊ।** विश्व आर्थिक मंच (डब्लूईएफ) की वार्षिक बैठक 2026 के दूसरे दिन दावोस में उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख वैश्विक एवं भारतीय कंपनियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें जारी रखते हुए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छ ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में बड़े निवेश प्रस्तावों एवं दीर्घकालिक साझेदारियों को मजबूत किया। उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना कर रहे हैं।

उनके साथ प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी दीपक कुमार अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, अमित सिंह, सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय, विजय किरण आनंद सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी एवं यूपीसीडा) और इंद्रजीत सिंह विशेष सचिव, ऊर्जा विभाग एवं निदेशक, यूपीनेडा मौजूद हैं। प्रतिनिधिमंडल ने बायर कंज्यूमर हेल्थ, ग्रीनको, आरईसी लिमिटेड, रिलायंस, कॉग्निजेंट और जुबिलेंट भारतीया समूह जैसी कंपनियों के साथ रणनीतिक चर्चा की।

इन बैठकों में उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक साझेदारी तथा विभिन्न क्षेत्रों में निवेश अवसरों पर विस्तृत संवाद हुआ। इस दिन का प्रमुख आकर्षण एएम ग्रीन समूह और इन्वेस्ट यूपी के बीच ग्रेटर नोएडा में 1 गीगावॉट कम्प्यूट डेटा सेंटर स्थापित करने के लिए हुआ ऐतिहासिक समझौता (एमओयू) रहा। यह बहु-अरब डॉलर की परियोजना चरणबद्ध रूप से विकसित होगी, जिसमें 250 मेगावॉट क्षमता के 24 माह के भीतर संचालन में आने तथा 2028 तक पूर्ण क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य है। वैश्विक एआई वर्कलोड्स की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई यह सुविधा स्केलेबल कम्प्यूट इन्फ्रास्ट्रक्चर, लो-लेटेंसी कनेक्टिविटी और भारत के डेवलपर समुदाय के लिए बेहतर चिपसेट एक्सेस उपलब्ध कराएगी। यह परियोजना हाइपरस्केलर्स, एंटरप्राइजेज और सॉवरेन डिजिटल पहलों को समर्थन देगी। एएम ग्रीन की कार्बन-फ्री ऊर्जा समाधानों से संचालित यह प्रोजेक्ट बड़े स्तर पर एफडीआई आकर्षित करने, हजारों उच्च-कौशल रोजगार सृजित करने तथा विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को भारत का प्रमुख डेटा सेंटर हब बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

स्वच्छ ऊर्जा में राज्य के नेतृत्व को और मजबूत करते हुए आईनाक्स जीएफएल समूह ने उत्तर प्रदेश में 2 गीगावॉट सौर ऊर्जा परियोजना तथा 3 गीगावॉट सौर मॉड्यूल निर्माण इकाई स्थापित करने हेतु एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस परियोजना में 10,500 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ 800-1000 लोगों के लिए रोजगार सृजन होगा। अगली पीढ़ी की मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने टीडब्ल्यूआई समूह के साथ 1,100 करोड़ रुपये का एमओयू किया। इसके अंतर्गत राज्य में भारत की पहली हाइब्रिड ईवी मोटरसाइकिल निर्माण इकाई स्थापित की जाएगी, जिससे टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, रोजगार सृजन और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों के विस्तार में, प्रतिनिधिमंडल ने प्रोमोटेक स्वीडन स्थित कंपनी—के साथ भी एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत उत्तर प्रदेश में निवेश संभावनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। प्रोमोटेक ने लखनऊ में 500 करोड़ रुपये के निवेश से एक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने की योजना साझा की तथा उत्तर प्रदेश रक्षा नीति के तहत यूएवी निर्माण में भी रुचि जताई। इससे यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत निवेश एवं औद्योगिक अवसरों को नई गति मिलेगी। इन प्रभावशाली एमओयू और उच्चस्तरीय बैठकों के माध्यम से उत्तर प्रदेश एक भविष्य-तैयार निवेश गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति को और सुदृढ़ कर रहा है, जहां नवाचार, सतत विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धी औद्योगिक वृद्धि को प्राथमिकता दी जा रही है।

# 25 जनपदों में एक साथ हुआ सीएम युवा हेल्प डेस्क का आयोजन

- 1072 इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों ने किया योजना के तहत आवेदन
- विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना व ओडीओपी से जुड़े युवाओं को मिला उद्यमिता का मार्गदर्शन

**लखनऊ।** प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंगलवार को प्रदेश के 25 जनपदों में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र की ओर से सीएम युवा हेल्पडेस्क का सफल आयोजन किया गया, जिसमें यूपीकॉन की ओर से संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रम ने भी संयुक्त रूप से भागीदारी की। इस दौरान हजारों प्रशिक्षणार्थियों ने विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया और महज कुछ ही घंटों में एक हजार से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों ने उद्यम स्थापित करने में रुचि दिखाते हुए योजना का लाभ लेने के लिए अपना आवेदन भी कर दिया।

यूपीकॉन के एमडी प्रवीण सिंह ने बताया कि योगी जी के मार्गदर्शन में आयोजित यह वृहद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस महाआयोजन के दौरान कुल 1072 इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना (सीएम युवा योजना) के अंतर्गत आवेदन किया। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि योगी सरकार की नीतियों और योजनाओं से प्रेरित होकर युवा अब स्वरोजगार और उद्यम स्थापना की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही यह भी स्पष्ट हुआ है कि योगी सरकार की योजनाएं जमीनी स्तर पर असर दिखा रही हैं और उत्तर प्रदेश को उद्यमिता और रोजगार सृजन का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में ठोस प्रगति हो रही है। उन्होंने बताया कि गौतमबुद्धनगर, बाराबंकी, बांदा, औरैया समेत प्रदेश के 25 जनपदों में आयोजित इस कार्यक्रम में वित्तीय विशेषज्ञों और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों द्वारा विशेष सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रशिक्षणार्थियों को सीएम युवा योजना से संबंधित आवेदन प्रक्रिया, ऋण सुविधा, पात्रता मानदंड और आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जानकारी दी गई।

# पंकज चौधरी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को दी शुभकामनाएं

विशेष संवाददाता (vol)

- भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने दी बधाई



**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नबीन को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने राजधानी नई दिल्ली में पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय पर आयोजित संगठन पर्व कार्यक्रम में सहभागिता की। पंकज चौधरी ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से भेंट कर पदभार संभालने पर शुभकामनायें देते हुए कहा कि आपके दूरदर्शी नेतृत्व, कुशल मार्गदर्शन, समृद्ध संगठनात्मक अनुभव एवं कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद के माध्यम से पार्टी को नई ऊर्जा, स्पष्ट दिशा और संगठनात्मक मजबूती प्राप्त होगी।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने शुभकामनायें देते हुए कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नबीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। आपका संगठनात्मक कौशल, अथक परिश्रम और पार्टी की विचारधारा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आपका कार्यकाल पार्टी और राष्ट्र सेवा के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने की मंगलकामना है।

# आजीविका नीति ने बदली ग्रामीण महिला की तकदीर

## बिजनौर की रितु बनी उद्यमी, कैफे से रोजाना हजारों रुपये की कमाई




- सामान्य गृहणी से उद्यमी बनकर लखपति दीदी बनने का पूरा किया सपना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में संचालित 'राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन' ग्रामीण महिलाओं के जीवन में निर्णायक बदलाव ला रहा है। सरकार की यह पहल महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रख रही, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाकर रोजगार सृजन की दिशा में आगे बढ़ा रही है। प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग और बाजार से सीधा जुड़ाव, योगी सरकार की उस नीति का आधार है, जिसके चलते गांवों में महिलाओं की भूमिका अब घर तक सीमित नहीं रही। बिजनौर जिले की रितु की सफलता इसी परिवर्तन की सशक्त मिसाल है।

देवमल ब्लॉक के ग्राम फिरोजपुर नरोत्तम की रहने वाली रितु का जीवन कुछ वर्ष पहले तक पति की दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर था। सीमित और अनिश्चित आय के कारण परिवार का खर्च चलाना कठिन होता था। भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहती थी। ऐसे समय में वर्ष 2022 में रितु का जुड़ाव लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह से हुआ। यह जुड़ाव उनके जीवन में बदलाव का आधार बना। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत रितु को उद्यमिता से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें बचत और ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई गई तथा व्यवसाय शुरू करने के लिए निरंतर मार्गदर्शन भी मिला। योगी सरकार का संकल्प है कि ग्रामीण महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हों और आत्मसम्मान के साथ आजीविका अर्जित करें। इसी सोच ने रितु को आगे बढ़ने का भरोसा दिया। आजीविका मिशन के सहयोग से रितु ने विदुर कैफे की शुरूआत की। सीमित संसाधनों से शुरू हुआ यह कैफे आज उनकी पहचान बन चुका है। रितु अब प्रतिदिन 6-7 हजार रुपये तक की आय कर रही हैं। कभी जिनके लिए घर का खर्च जुटाना चुनौती था, आज वे आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार की जिम्मेदारियां संभाल रही हैं और भविष्य की योजनाएं बना रही हैं। रितु की सफलता का असर केवल उनके परिवार तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपने कैफे के माध्यम से गांव की अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ा है। इससे गांव में महिलाओं के बीच आत्मनिर्भरता की भावना मजबूत हुई है। रितु का कहना है कि स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें प्रशिक्षण, अवसर और सम्मान, तीनों मिले।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की ग्रामीण महिलाएं अब बदलाव की साक्षी बन रही हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से सरकार महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। रितु जैसी सफलता की कहानियां इस बात का प्रमाण हैं कि उत्तर प्रदेश में आत्मनिर्भरता अब केवल योजना नहीं, बल्कि धरातल पर साकार होती वास्तविकता है।

# संतों के साथ बर्बरता निंदनीय : सुनील सिंह

**लखनऊ।** प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज के साथ संगम जाने वाले काफिले में शामिल 80 वर्षीय वृद्ध संत के साथ पुलिस द्वारा की गई बर्बरता अत्यंत निंदनीय, अमानवीय और शर्मनाक है। एक वृद्ध संत के साथ मारपीट करना और जूतों से कुचलने जैसी घटनाएँ यह दशार्ती हैं कि प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में पुलिस निरंकुश होती जा रही है। लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने मंगलवार को बयान जारी करते हुए कहा कि जो लोग खुद को हिंदू धर्म का ठेकेदार और रक्षक बताते हैं, वही आज शंकराचार्य जी जैसे महान संतों और उनसे जुड़े साधु-संतों पर हमले करवा रहे हैं। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदू धर्म की रक्षा दिखावे, नफरत और हिंसा से नहीं, बल्कि संतों के सम्मान, सनातन परंपराओं की रक्षा और सत्य के साथ खड़े होने से होती है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जी और उनसे जुड़े संतों पर हुआ यह हमला किसी एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि सनातन धर्म की आत्मा, उसकी परंपराओं और श्रद्धा पर सीधा प्रहार है। अगर आज संत सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा की क्या गारंटी है? लोकदल इस कायराना घटना की कड़ी निंदा करता है।

# जानकीपुरम में डेढ़ करोड़ से संवर रहा खेल मैदान

**लखनऊ।** जानकीपुरम सेक्टर-जे में लंबे इंतजार के बाद खेल मैदान के विकास का काम शुरू हो गया है। मैदान को विकसित करने पर करीब 1.50 करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जा रहा है। अब यहां पर बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को खेलकूद व सामूहिक गतिविधियों के लिए उचित स्थान नहीं मिल जाएगा। जानकीपुरम द्वितीय वार्ड के सेक्टर-जे में स्थित यह मैदान सेंट मैरी अस्पताल के पीछे और जनेश्वर एंक्लेव के ठीक सामने विकसित किया जा रहा है। स्थानीय समाजसेवी विवेक शर्मा की ओर से इस मुद्दे को लगातार उठाए जाने और संबंधित विभागों में शिकायत दर्ज कराने के बाद एलडीए ने इसका संज्ञान लिया और विकास कार्य को स्वीकृति दी। योजना के तहत मैदान का समतलीकरण, चाहरदीवारी, रनिंग ट्रैक, बच्चों के लिए खेल उपकरण, बैठने की व्यवस्था, हरियाली और प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी। इससे न केवल बच्चों और युवाओं को खेल प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा बल्कि बुजुर्गों के लिए भी सुबह-शाम टहलने और सामाजिक मेलजोल का सुरक्षित स्थान उपलब्ध होगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह मैदान पहले झाड़ियों और कूड़े का अड्डा बन चुका था, जिससे असामाजिक गतिविधियों का भी खतरा बना रहता था। अब विकास कार्य शुरू होने से सुरक्षा और स्वच्छता दोनों में सुधार होगा।

# मुख्य सचिव से आईएफएस के प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल से 2025 बैच के भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मंगलवार को लोक भवन स्थित मुख्य सचिव के कार्यालय कक्ष के सभागार में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश की प्रगति और विकास की गति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अवस्थापना सुविधाओं के सुदृढ़ होने के कारण अब देश-विदेश से निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश तेजी से देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच में उल्लेखनीय सुधार आया है। उन्होंने कहा कि उन्हें राष्ट्र की सेवा करने और विश्व मंच पर भारत के राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्य सचिव ने आह्वान किया कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी, समर्पण और निष्ठा के साथ निभाएं तथा भारत की सकारात्मक छवि को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने में योगदान दें। प्रशिक्षु अधिकारियों में प्रशांत सिंह, रोहित सिंघल, आकाश श्रीवास्तव, प्रियांशु मिश्रा, देवांशी सक्सेना, दमनप्रीत अरोरा शामिल थे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन एस.वी.एस.रंगाराव, सचिव मुख्यमंत्री सूर्यपाल गंगवार, उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार उपस्थित थे।

# अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में मेहनत करें

## विधानसभा चुनाव में जनपद स्तर पर बनेगा घोषणा पत्र : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)



- कार्यकर्ता 2027 के चुनाव की तैयारी में जुटकर बूथ करें मजबूत

**लखनऊ।** सपा के सभी सांसदों की बैठक मंगलवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में हुई। बैठक की अध्यक्षता सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने की। सांसदों को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा शासन में संविधान खतरे में है। कानून का राज नहीं है। आरएसएस ने हमेशा लोकतंत्र के साथ नाइंसाफी की है। संविधान के साथ धोखा किया है। भाजपा एसआईआर में धांधली करना चाहती है। केंद्रीय और राज्य निर्वाचन आयोग की वोटर लिस्ट में भारी अंतर है। भाजपा सरकार बेईमानी के रास्ते पर है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार और जुल्म चरम पर है। सरकारी बजट का बंदरबांट और लूट चल रही है। भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड टूट गये है। भाजपा ने सभी को धोखा दिया है। बीजेपी सरकार में मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। भाजपा सरकार में जितने मंदिर तोड़े गये उतना किसी राजा के कार्यकाल में नहीं तोड़े गए। भाजपा सरकार पूरी तरह से नाकाम हो चुकी है। यह सरकार लोगों के अधिकारों को कुचल रही है। उन्होंने कहा कि 2027 में सपा की सरकार बनेगी। सभी सांसदों को अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में दिन-रात एक कर मेहनत करनी है। जनता के सुख-दुःख में साथ रहकर उनके मुद्दों के लिए लड़ना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के अन्यायपूर्ण शासन से छुटकारा पाने और उत्तर प्रदेश से भाजपा की अराजकता समाप्त करने के लिए सपा की सरकार बनाकर जनता के लाकतांत्रिक अधिकारों को बहाल करना है। सभी सांसदों और विधायकों को अपने-अपने क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गयी है। अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनपदीय स्तर पर घोषणा पत्र बनाया जायेगा।

# विकास, आत्मनिर्भरता और समावेशी समृद्धि की नयी कहानी लिख रहा उत्तर प्रदेश

विशेष संवाददाता (vol)

- श्रम, रोजगार, निवेश और सामाजिक सुरक्षा मॉडल से बदली उत्तर प्रदेश की तस्वीर
- युवाओं व श्रमिकों को प्रदेश छोड़ने की मजबूरी नहीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश, जो कभी रोजगार के लिए पलायन करने वाले राज्यों में गिना जाता था, आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में रोजगार सृजन, औद्योगिक विकास और सामाजिक सुरक्षा का नया मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। बीते पौने नौ वर्षों में योगी सरकार की नीतियों का असर अब जमीन पर साफ दिख रहा है। जहां पहले युवा और श्रमिक रोजगार के लिए प्रदेश छोड़ने को मजबूर थे, अब उनके लिए घर के पास पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए प्रदेश छोड़ने की अब कोई मजबूरी नहीं। पूर्व में राज्य से बाहर जा चुके युवा व श्रमिक भी अब लौट रहे हैं। पलायन का स्थान 'परावर्तन' ने ले लिया है, जो प्रदेश में विकास, आत्मनिर्भरता और समावेशी समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है।

प्रदेश सरकार के कार्यकाल में औद्योगिक निवेश, एमएसएमई विस्तार, सेवायोजन मेलों और कौशल विकास योजनाओं के जरिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित हुए हैं। बेरोजगारी दर में ऐतिहासिक गिरावट आई है और लाखों युवाओं को सरकारी व निजी क्षेत्र में रोजगार मिला है। सेवायोजन विभाग द्वारा संचालित सेवामित्र पोर्टल पर 53 हजार से अधिक कुशल कामगार पंजीकृत हो चुके हैं, जिन्हें सीधे रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इन्वेस्ट यूपी के माध्यम से सिंगल विंडो सिस्टम, पारदर्शी प्रक्रियाओं और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' सुधारों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया। एक्सप्रेसवे नेटवर्क, एयरपोर्ट्स, औद्योगिक कॉरिडोर, डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल कॉलेज और लॉजिस्टिक्स हब जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स ने उद्योगों को जिलों तक पहुंचाया। उत्तर प्रदेश रोजगार और फैक्ट्री इकाइयों के मामले में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है, जिससे स्थानीय स्तर पर स्थायी नौकरियां बनी हैं। वर्तमान में प्रदेश में 30 हजार से अधिक फैक्ट्रियां संचालित हो रही हैं, जिनकी संख्या 2017 तक इसकी आधी भी नहीं थी। बीते पौने नौ सालों में युवाओं, श्रमिकों और महिलाओं के लिए उनके गृह जनपदों में रोजगार के अवसरों की संख्या कई गुना बढ़ी है। सरकार ने रोजगार ही नहीं, बल्कि श्रमिकों और उनके परिवारों की सुरक्षा, शिक्षा और भविष्य को भी प्राथमिकता दी है। पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों और कोविड काल में निराश्रित हुए बच्चों के लिए हर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।

# एसआईआर के तहत फार्म -6 के साथ घोषणा पत्र भरना अनिवार्य : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

विशेष संवाददाता (vol)




- मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रयोग में आने वाले दस्तावेजों के बारे में दी विस्तृत जानकारी

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत नागरिकों द्वारा भरे जाने वाले फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरा जायेगा। फार्म-6 में आवेदक का नाम व सही पता शुद्ध वर्तनी में, नवीनतम स्पष्ट फोटो एवं वर्तमान मोबाइल नम्बर अंकित किया जाना आवश्यक है। आयु के प्रमाण के लिए निम्न में से कोई एक अभिलेख दिया जा सकता है, जिसमें सक्षम स्तर द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट का प्रमाण-पत्र जिसमें जन्म तिथि का उल्लेख हो, भारतीय पासपोर्ट और जन्म तारीख के सबूत के लिए कोई अन्य दस्तावेज (यदि उपरोक्त अभिलेख उपलब्ध नहीं हों)। इसमें से कोई अभिलेख उपलब्ध न होने की दशा में ऐसे मामलों में 18 से 21 आयु वर्ग के आवेदकों को अपने माता/पिता अथवा गुरू (तृतीय लिंग के संदर्भ) के हस्ताक्षर से शपथ पत्र (अनुलग्नक-27) के साथ बूथ लेवल अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी /निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष उपस्थित होना होगा। यदि उपरोक्त में से कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं है और माता/पिता भी जीवित न हों तो आवेदक ग्राम प्रधान/नगर निगम/नगर पंचायत के सदस्यों द्वारा प्रदत्त आयु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता है। यदि आवेदक की आयु 21 वर्ष अथवा उससे अधिक है तो वह स्वयं बूथ लेवल अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आयु के संबंध में मात्र अपना घोषणा पत्र प्रस्तुत करेगा।

यदि आवेदक का जन्म 01.07.1987 से पहले भारत में हुआ है तो उपरोक्त 13 अभिलेखों में से कोई एक अभिलेख जन्म तिथि/जन्म स्थान के प्रमाण के लिए उपलब्ध कराना होगा। इसी प्रकार यदि आवेदक का जन्म 01.07.1987 और 02.12.2004 के बीच भारत में हुआ है तो उपरोक्त 13 में से कोई एक अभिलेख जन्म तिथि/जन्म स्थान के प्रमाण के लिए उपलब्ध कराने के साथ ही साथ उक्त सूची में से पिता या माता का जन्मतिथि/जन्म स्थान के प्रमाण का अभिलेख भी उपलब्ध कराना होगा। यदि आवेदक का जन्म 02.12.2004 के बाद भारत में हुआ है तो उपरोक्त 13 में से कोई एक अभिलेख स्वयं की जन्मतिथि/जन्म स्थान के प्रमाण के लिए उपलब्ध कराने के साथ ही पिता एवं माता, दोनों के जन्मतिथि/जन्म स्थान के प्रमाण के अभिलेखों को उपलब्ध कराना होगा।

यदि अभिभावक में से कोई भारतीय नहीं है तो आवेदक के जन्म के समय उस अभिभावक के वैध पासपोर्ट और वीजा की प्रति उपलब्ध करानी होगी। यदि आवेदक का जन्म भारत के बाहर हुआ है, तो विदेश में भारतीय मिशन द्वारा जारी जन्म पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना होगा और यदि पंजीकरण/नागरिकीकरण द्वारा भारतीय नागरिकता प्राप्त की गयी है तो नागरिकता पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। कोई भी पात्र नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर जाकर अपना ऑनलाइन फार्म-6 (मय घोषणा पत्र) भरकर आवेदन कर सकते है। ऑफलाइन फार्म-6, घोषणा पत्र के साथ सही-सही भरकर आवश्यक अभिलेखों के साथ अपने बीएलओ/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्राप्त करा सकते है।

## निवास के लिए प्रमाण पत्र

निवास के प्रमाण के लिए इनमें से कोई एक अभिलेख दिया जा सकता है इसमें उस पते पर पानी/बिजली/गैस कनेक्शन बिल (कम से कम एक वर्ष का), आधार कार्ड, राष्ट्रीय/अनुसूचित बैंक/डाकघर की वर्तमान पास बुक, भारतीय पासपोर्ट, राजस्व विभाग का भूमि स्वामित्व अभिलेख, जिसमें किसान बही भी है, रजिस्ट्रीकृत किराया पट्टा विलेख (किरायेदार की दशा में) और रजिस्ट्रीकृत विक्रय विलेख (स्वयं के घर की दशा में)। उन्होंने कहा कि इनमें से कोई अभिलेख उपलब्ध न होने की दशा में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्थलीय सत्यापन कराया जाना आवश्यक होगा। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत जमा किये जाने वाले फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र दिया जाना भी अनिवार्य हैं। घोषणा पत्र में आवेदक को वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची में से स्वयं का अथवा अपने माता/पिता अथवा दादा/दादी या नाना/नानी में से किसी एक का विवरण, विधान सभा क्षेत्र संख्या, भाग संख्या तथा क्रम संख्या के साथ भरकर प्रस्तुत करना होगा। सही मैपिंग की दशा में आवेदक को कोई नोटिस निर्गत नहीं होगा। घोषणा पत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली-2003 का विवरण यदि उपलब्ध नहीं है अथवा डेटा बेस से मेल नहीं खाता है तो आवेदक को नोटिस निर्गत किया जायेगा। नोटिस के जवाब में आवेदक को अपनी जन्म तिथि और/अथवा जन्म स्थान के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित 13 में से कोई एक अभिलेख उपलब्ध कराना होगाः-

1- किसी भी केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमित कर्मचारी/ पेंशनभोगी को जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश।
2- 01.07.1987 से पहले सरकार/स्थानीय प्राधिकरणों/बैंकों/डाकघर/एलआईसी /सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भारत में जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र/प्रमाण पत्र /अभिलेख।
3- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र।
4- भारतीय पासपोर्ट
5- मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन/शैक्षणिक प्रमाण पत्र
6- सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी निवास प्रमाण पत्र
7- वन अधिकार प्रमाण पत्र
8- सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी/एससी/एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र
9- राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (जहां भी हो)
10- राज्य/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर।
11- सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र।
12- आधार के लिए आयोग के पत्र संख्या 23/2025 ईआरएस/खंड द्वितीय 09.09.2025 (अनुलग्नक द्वितीय) द्वारा जारी निर्देश लागू होंगे।
13- बिहार एसआईआर की मतदाता सूची का अंश 01.07.2025 की संदर्भ तिथि के अनुसार।

# विभूतिखण्ड में पार्किंग शुरू करेगा एलडीए, 62 करोड़ से संवरेगा नाला

## सीजी सिटी के उत्तरी भाग में 45 मीटर चौड़ी मास्टर प्लान रोड बनेगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विभूतिखण्ड में व्यावसायिक भूखण्डों के बीच बनी पार्किंग को एलडीए संचालित करेगा। इससे पार्किंग स्थल से अवैध अतिक्रमण हटेंगे और लोगों को व्यवस्थित रूप से सुविधा का लाभ मिलेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर विभूतिखण्ड की 09 पार्किंगों के संचालन के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। मंगलवार को उपाध्यक्ष ने अभियंत्रण जोन-1 में निरीक्षण करके विकास कार्यों का मुआयना भी किया।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नगर के वैभव खण्ड में 900 मीटर लंबे नाले का निर्माण व सुरक्षा के दृष्टिगत स्लैब डालने का कार्य किया जा रहा है। 2.77 करोड़ रुपये की लागत से कराये जा रहे उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा विभूतिखण्ड में हाईकोर्ट के पास बरसात के मौसम में होने वाले जलभराव के दृष्टिगत आईआईटी समेत अन्य विभागों की टीम की ओर से संयुक्त सर्वे कराया गया था। इसमें प्राप्त हुये सुझावों के आधार पर विनय खण्ड-5 से दयाल पैराडाइज चौराहे तक लगभग 03 किलोमीटर लंबे ब्रिक वर्क नाले को उच्चीकृत करने का काम कराया जाएगा। लगभग 62 करोड़ रुपये की लागत से नाले में आरसीसी का काम कराने के साथ अन्य जरूरी प्रावधान किये जाएंगे। इससे जल निकासी की व्यवस्था सुदृढ़ होगी और लोगों को जलभराव से राहत मिलेगी। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गयी है और इसी सप्ताह से कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये गये हैं। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि गोमती नगर में ग्वारी फ्लाईओवर के नीचे स्पोर्ट्स एरीना विकसित की गयी है। इसे आरएफपी के माध्यम से संचालित करने की प्रक्रिया प्रचलित है।

अगले महीने से लोग यहां विकसित बास्केटबॉल और बैडमिंटन कोर्ट आदि सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस क्रम में सीजी सिटी में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। सीजी सिटी के उत्तरी भाग में गोल चौराहे से सुल्तानपुर रोड को कनेक्ट करने वाली 45 मीटर चौड़ी मास्टर प्लान रोड का कार्य शुरू कराने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके लिए रोड के एलाइनमेंट में आ रहे अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया जाएगा।

**शहीद पथ के पास नियोजित होंगे भूखण्ड :** इसके अलावा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 में पीली कालोनी के पास जल्द पार्क विकसित करने के निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष ने शहीद पथ की सर्विस रोड व एमआई अपार्टमेंट के मध्य स्थित रिक्त भूखण्ड का भी निरीक्षण किया, जहां मौके पर जेसीबी मशीनें आदि खड़ी मिलीं। इस पर उन्होंने निर्देश दिये कि भूखण्ड को कब्जामुक्त कराकर भूखण्ड नियोजित करने की कार्रवाई की जाए। इस दौरान मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, प्रभारी अधिकारी-अर्जन विपिन कुमार शिवहरे, अधिशासी अभियंता मनोज सागर एवं मनीष कुलश्रेष्ठ समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

# यूपी दिवस पर युवाओं को आकर्षित करेगा ओसेन बैंड

## राष्ट्र प्रेरणा स्थल में प्रवेश शुल्क और म्यूजियम की टिकट दरों में बदलाव नहीं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बसंतकुंज योजना में 65 एकड़ में फैले राष्ट्र प्रेरणा स्थल प्रवेश का शुल्क 15 रुपये और म्यूजियम का 50 रुपये को स्वीकृति मिल गई है। पार्क के संचालन के लिए बनी समिति ने प्रवेश शुल्क को बिना किसी बदलाव के मंजूरी प्रदान कर दी है। सोमवार को संचालन समिति की पहली बैठक हुई। इसमें पार्क के रखरखाव को बेहतर करने पर चर्चा हुई। पार्क में बच्चों के मनोरंजन आदि के लिए किड्स जोन विकसित करने पर चर्चा हुई। इस पर काम किया जाएगा। पार्क का लोकार्पण 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। उसके 31 दिसंबर तक प्रवेश निःशुल्क रहा और एक जनवरी से टिकट लगाया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस के तहत तीन दिन 24 से 26 जनवरी तक का मुख्य आयोजन राजधानी स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल में होगा। इसमें जहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों की ओर से गायन, शास्त्रीय व लोक नृत्य, नाटक, भजन, सुगम संगीत, जनजातीय नृत्य, समकालीन प्रस्तुतियों का मंचन किया जाएगा।

वहीं युवाओं को इंडियन ओसेन बैंड आकर्षित करेगा। उत्तर प्रदेश दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आधुनिकता और परंपरा का समन्वय देखने को मिलेगा। संस्कृति विभाग की ओर से इसे लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। इसके तहत प्रकाश मिश्रा व प्रतिभा सिंह बघेल द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से कथक, भरत नाट्यम व ओडिसी नृत्य की संयुक्त प्रस्तुतियां होंगी। पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी), हस्तशिल्प, जीआई टैग उत्पाद, पर्यटन स्थलों, मिशन शक्ति, औद्योगिक व अधोसंरचना विकास, विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश विषयक प्रदर्शनी लगाई जाएंगी। मुख्य समारोह में उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान, उत्कृष्ट उद्यमियों, महिला शक्ति, युवाओं, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों व विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। वहीं 2026 में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, चित्रकला कार्यशालाएं, संगीत-वादन, ओपन माइक, नाटक, कठपुतली, क्विज, रंगोली, पाक कला प्रतियोगिता, पतंगबाजी व युवा-जनसहभागिता आधारित कार्यक्रम भी होंगे। पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर आधारित प्रदर्शनी तथा उत्तर प्रदेश पारंपरिक व्यंजन मेला आयोजित किया जाएगा।

**स्कूलों-विद्यालयों में तीन दिन होंगी प्रतियोगिता :** उत्तर प्रदेश दिवस पर प्रदेश के बेसिक व माध्यमिक के विद्यालयों में तीन दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देश दिया है कि 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस के जीवन वृतांत व उनके योगदान पर वाद-विवाद, निबंध व भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश विकसित भारत की थीम पर प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद प्रतियोगिता व बिल्डाथॉन, 26 जनवरी को झंडारोहण व सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएं।

# सामान्य सदन 27 को होगा, पार्षदों के निशाने पर होंगे अफसर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर की समस्याओं पर चर्चा को लेकर 27 जनवरी को नगर निगम के सामान्य सदन की बैठक बुलाई गई है। लंबे समय बाद हो रही सामान्य सदन की बैठक में पार्षदों की ओर से अफसरों का घेराव करने की तैयारी है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की समस्या हो या फिर सड़कों की सफाई अथवा पेयजल व सीवर की समस्या।

नाली, सड़क, सीवर और पानी जैसी बुनियादी समस्याओं पर विपक्ष समेत सत्ता पक्ष के पार्षदों ने रणनीति बना ली है। हाउस टैक्स व टैक्स वसूली को लेकर भी अफसरों को कटघरे में खड़ा करने की तैयारी है। इससे कयास लगाए जा रहे हैं कि सदन की बैठक हंगामेदार होगी।

बजट होने के बाद भी वार्डों में विकास कार्य ठप हैं। कई वार्डों में सड़कें नहीं बनीं हैं तो कहीं डबल टेंडर नगर निगम निकाल रहा है। इससे पार्षद भी आक्रोशित हैं। एक तरफ जहां पार्षदों के सवालों के जवाब बनाने का काम अफसरों ने शुरू कर दिया है वहीं अपनी छवि बेहतर बनाने के लिए भी अफसरों की ओर से पूरी तैयारी की जा रही है। नगर आयुक्त की ओर से आदेश जारी कर पिछली बैठकों में लिए गए फैसलों की अनुपालन रिपोर्ट तलब की है। अफसरों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि पुराने प्रस्तावों पर अब तक क्या अमल हुआ, उसका पूरा हिसाब सदन में रखा जाए।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने भी संदेश दिया है कि उनकी प्राथमिकता सिर्फ और सिर्फ जनहित है। उन्होंने कहा, सदन की बैठक शहर की समस्याओं के समाधान के लिए बुलाई गई है। नाली, सीवर और पानी जैसी दिक्कतों से जनता को निजात दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।

# अमर शहीद पथ व दुबग्गा मार्ग पर दूर होगी ट्रैफिक की समस्या

## लखनऊ मण्डल में 99 स्थलों पर बनेंगे हेलीपैड, कमिश्नर ने स्थल चयन के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने अयोध्या मार्ग, अमर शहीद पथ एवं दुबग्गा मार्ग पर ट्रैफिक की समस्या दूर करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने लोक निर्माण विभाग को यातायात पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर एक प्रभावी कार्ययोजना बनाए जाने को कहा है।

लोक निर्माण विभाग की ओर से लखनऊ मण्डल में कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने उक्त निर्देश दिए। आयुक्त सभागार में हुई बैठक में लोनिवि के अधिकारियों ने बताया कि जनपद, तहसील एवं विकास खण्ड मुख्यालयों पर हेलीपैड निर्माण कार्ययोजना के अन्तर्गत लखनऊ मण्डल में 99 स्थलों पर हेलीपैड निर्माण प्रस्तावित है। जिस पर कमिश्नर ने निर्देश दिये कि जनपद स्तर पर राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर स्थल चयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए। बैठक में सड़कों, सेतुओं, मरम्मत कार्यों, अनुबन्ध गठन, हेलीपैड निर्माण तथा यातायात से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा में कमिश्नर ने पाया कि चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत लखनऊ मण्डल में स्वीकृत 34 कार्यों में से 31 कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं तथा 03 कार्य प्रगति में हैं। इसी तरह लखनऊ मण्डल में स्वीकृत 122 कार्यों में से 117 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 05 कार्य प्रगति पर हैं।

वहीं, नवीनीकरण एवं विशेष मरम्मत योजनान्तर्गत लखनऊ मण्डल में स्वीकृत सभी 109 कार्य पूर्ण कर लिये गये हैं। लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित लखनऊ मण्डल में स्वीकृत 22 सेतुओं में से 20 सेतुओं का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 02 सेतुओं का कार्य प्रगति में है। सेतु निगम से सम्बन्धित लखनऊ मण्डल में स्वीकृत 35 सेतुओं में से 09 सेतु पूर्ण हो चुके हैं तथा शेष सेतुओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, नव निर्माण, नवीनीकरण, विशेष मरम्मत एवं सेतु निर्माण से सम्बन्धित लखनऊ मण्डल में स्वीकृत 1086 कार्यों के सापेक्ष अब तक 600 कार्यों के अनुबन्ध गठित किये जा चुके हैं। जिस पर कमिश्नर ने निर्देश दिये कि शेष सभी कार्यों के अनुबन्ध यथाशीघ्र गठित कर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक व गंदगी फैलाने वालों से 49,000 का जुर्माना वसूला

**लखनऊ।** शहर के विभिन्न जोनों में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ रखना, पर्यावरण को सुरक्षित करना और नागरिकों को नियमों के प्रति जागरूक करना है। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कुल 49,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। राजाबाजार वार्ड के अंतर्गत नक्खास चौराहे के आसपास सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुल 21 दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर 4 दुकानों के चालान किए गए, जिनसे कुल 15,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। वहीं अतिक्रमण और गंदगी फैलाने के मामलों में 10 चालान कर 13,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। नगर निगम की इस कार्रवाई से व्यापारियों में नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ी। वहीं जोन-3 में भी पॉलिथीन के उपयोग और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान पुरनिया चौराहे से सेक्टर-क्यू चौराहे तक मुख्य मार्ग पर संचालित किया गया। इस अभियान में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध 21 चालान किए गए, जिनसे 14,500 रुपये की वसूली की गई। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथीन पाए जाने पर 5 चालान कर 6,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार कुल 26 चालानों के माध्यम से 20,500 रुपये की धनराशि वसूल कर नगर निगम कोष में जमा कराई गई।

# क्रोमा की गणतंत्र दिवस सेल शुरू

**लखनऊ।** क्रोमा ने गणतंत्र दिवस पर सेल की घोषणा की है। इस सेल में स्मार्टफोन, लैपटॉप, टेलीविजन, बड़े उपकरणों और ऑडियो उत्पादों पर शानदार डील्स और ऑफर्स उपलब्ध हैं। यह सेल अब सभी क्रोमा स्टोर्स पर लाइव है और 26 जनवरी तक जारी रहेगी। ग्राहक बैंक कैशबैक, एक्सचेंज बोनस, छात्रों के लिए विशेष मूल्य (स्पेशल स्टूडेंट प्राइज़िंग) और आसान ईएमआई विकल्पों का लाभ उठा सकते हैं।

# सामुदायिक केंद्रों को निजी हाथों में देने का व्यापारियों ने किया विरोध



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की इकाई उत्तर प्रदेश आदर्श टेन्ट, केटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल, की लखनऊ इकाई का शपथ ग्रहण समारोह व व्यापारी सम्मेलन का आयोजन हुआ। सर्वोदय नगर स्थित रौनक गेस्ट हाउस में संगठन के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इकाई के पदाधिकारियों को व्यापारियों की सेवा एवं सहायता तथा मान-सम्मान स्वाभिमान की रक्षा करने की शपथ दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के सामने टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं को उठाया। टेंट एवं कैटरिंग व्यापारियों ने मुख्य रूप से एलडीए एवं नगर निगम के कार्यक्रम स्थलों को निजी हाथों में दिए जाने के कारण, एकाधिकार व्यवस्था बन जाने के कारण छोटे एवं मझौले व्यापारियों के सामने व्यापार के अवसर न मिलने का विषय प्रमुखता से उठाया। व्यापारियों ने बताया कि सरकारी स्थलों को निजी हाथों में सौंपने के कारण जनता को भी कैटरिंग एवं टेंट महंगा मिल रहा है तथा छोटे एंव मझोले टेंट केटरिंग कारोबारियों को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे है। संजय ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनकर उनको विश्वास दिलाया कि वह उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा जन्म से लेकर मृत्यु तक टेंट एवं कैटरिंग व्यवसायियों की उपयोगिता रहती है तथा अपने व्यवसाय के माध्यम से टेंट कैटरिंग एवं डेकोरेशन क्षेत्र के व्यापारी सभी के मान सम्मान की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन क्षेत्र के व्यापारियों के सम्मान की रक्षा की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की है। उन्होंने सभी व्यापारियों से एकजुट रहने तथा संगठन को मजबूत करने की बात कही तथा प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति मे कमेटी का विस्तार भी किया गया।

# कृष्णानगर व इन्दिरानगर में आज नहीं मिलेगा पानी

**लखनऊ।** जलकल विभाग की ओर से पेयजल आपूर्ति को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए ओवरहेड टैंकों व सी.डब्ल्यू.आर की नियमित सफाई कराई जा रही है। इसी क्रम में 21 और 23 जनवरी को विभिन्न जोनों में सफाई कार्य के चलते कृष्णानगर, इन्दिरानगरकई समेत कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। जलकल के अधिकारियों के अनुसार 21 जनवरी को जोन-7 अंतर्गत इंदिरा नगर सेक्टर-9 स्थित ओवरहेड टैंक की सफाई होगी, जिससे सेक्टर-8, 9, 10, वैशाली इन्क्लेव सहित आसपास के क्षेत्रों में शाम से जलापूर्ति बाधित रहेगी। इसी दिन जोन-5 के कृष्णानगर सी.डब्ल्यू.आर की भी सफाई प्रस्तावित है, इससे कृष्णानगर, विजयनगर, विनयनगर, बजरंगनगर, मानसनगर, सुभाषनगर, जाफरखेड़ा सहित कई इलाकों में शाम को जलापूर्ति प्रभावित हो सकती है। वहीं, 23 जनवरी को पटेल नगर स्थित ओवरहेड टैंक की सफाई के चलते इस्माइलगंज गांव, दीपक नगर व आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने नागरिकों से पहले से पानी का भंडारण करने की अपील की है और आश्वस्त किया है कि अगले दिन सुबह से आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से की शिष्टाचार भेंट

विशेष संवाददाता (vol)

- **ओम बिरला के नेतृत्व में लोकसभा ने स्थापित किये विधायी उत्पादकता के नये कीर्तिमान : डॉ. राजेश्वर सिंह**



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मंगलवार को राजभवन, लखनऊ में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। यह मुलाकात उस अवसर पर हुई जब लोकसभा अध्यक्ष 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लेने के लिए लखनऊ में हैं।

इस मुलाकात की जानकारी देते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ओम बिरला के नेतृत्व में लोकसभा ने विधायी उत्पादकता के नये कीर्तिमान स्थापित किए हैं। सदन में समय का कुशल प्रबंधन, विधेयकों का त्वरित एवं सुव्यवस्थित पारित होना तथा बहसों में गहनता और संतुलन ये सभी उनके सर्वसमावेशी, नियम-आधारित और परिणामोन्मुख नेतृत्व के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

डॉ. सिंह ने उल्लेख किया कि लोकसभा अध्यक्ष के कार्यकाल में डिजिटल संसद की अवधारणा को साकार करते हुए ई-पार्लियामेंट, पेपरलेस कार्यप्रणाली, एआई-सक्षम बहुभाषी अनुवाद, वास्तविक समय में ट्रांसक्रिप्शन तथा समेकित डिजिटल डेटाबेस जैसी क्रांतिकारी पहलें लागू की गईं, जिनसे संसद अधिक पारदर्शी, समावेशी, सुलभ और जवाबदेह बनी है।

ओम बिरला की प्रशंसा करते हुए डॉ. सिंह ने आगे जोड़ा, आपका गहन संसदीय ज्ञान, अटल नैतिकता, लोकतंत्र के प्रति अटूट निष्ठा तथा सर्वोपरि राष्ट्रहित की दृढ़ प्रतिबद्धता प्रत्येक सांसद एवं नागरिक के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

अंत में, डॉ. राजेश्वर सिंह ने कामना व्यक्त की कि ओम बिरला के नेतृत्व में लोकसभा लोकतांत्रिक मूल्यों, विधायी गुणवत्ता और संस्थागत विश्वसनीयता की नित नई ऊंचाइयों को स्पर्श करती रहे और भारतीय लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ बने।

# बगिया कॉलोनी में दूर होगी जलभराव की समस्या

विशेष संवाददाता (vol)

- **नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर दिए निर्देश**



**लखनऊ।** कुर्सी रोड स्थित गुडंबा बगिया कॉलोनी में लंबे समय से चली आ रही जल भराव की समस्या को लेकर मंगलवार को नगर आयुक्त गौरव कुमार ने निरीक्षण किया। मौके पर कॉलोनीवासियों ने अपनी परेशानियों से नगर आयुक्त से शिकायत कर समस्या के निदान की मांग उठाई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गुडंबा बगिया कॉलोनी में 70 से अधिक मकान हैं, जिनमें करीब ढाई हजार से अधिक लोग निवास करते हैं। कॉलोनी की जलनिकासी व्यवस्था पहले पास में स्थित एक खाली प्लॉट के माध्यम से होती थी, जिससे बारिश और घरेलू उपयोग का पानी आसानी से निकल जाता था। लेकिन हाल ही में स्पोर्ट्स कॉलेज प्रशासन की ओर से खाली प्लॉट के पास दीवार का निर्माण कराए जाने से पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। इसके कारण कॉलोनी में जगह-जगह पानी भर जाता है, जिससे लोगों को आवागमन, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मौके की स्थिति का जायजा लिया और समस्या की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने जोन-7 के अधिशासी अभियंता श्री संजय पाण्डेय को जलकल विभाग की टीम के साथ मिलकर क्षेत्र में जमा पानी की अस्थायी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलता, तब तक स्थानीय लोगों को राहत देने के लिए अस्थायी उपाय तुरंत किए जाएं। इसके साथ ही नगर आयुक्त ने स्पोर्ट्स कॉलेज प्रशासन से समन्वय स्थापित करने की दिशा में भी पहल की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए बताया कि बुधवार को इस समस्या के स्थायी समाधान को लेकर स्पोर्ट्स कॉलेज प्रशासन के साथ स्थलीय निरीक्षण प्रस्तावित है।

निरीक्षण में जलनिकासी के वैकल्पिक मार्ग, नाला निर्माण या अन्य तकनीकी समाधानों पर विचार किया जाएगा, ताकि कॉलोनीवासियों को भविष्य में इस तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी जोन 7 रामेश्वर प्रसाद, चीफ इंजीनियर सिविल महेश वर्मा, जीएम जलकल कुलदीप सिंह समेत नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नगर निगम कर्मचारी संघ के संस्थापक सदस्य को श्रद्धासुमन अर्पित किये

**लखनऊ।** नगर निगम कर्मचारी संघ ने अपने संगठन के कार्यालय पर संगठन संस्थापक सदस्य व पूर्व उपाध्यक्ष स्वर्गीय अरविन्द कुमार 'रूप के देहांत पर शोक सभा आयोजित की। इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके कर्मचारी समाज में किये गये योगदान को याद किया। स्वः रूप जी नगर निगम कर्मचारी संघ के पूर्व उपाध्यक्ष थे और उन्होंने संगठन को बनाने में मुख्य भूमिका निभाई थी। उनकी बातों पर चर्चा की गई और संगठन हित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गया। सभा में स्वर्गीय रूप के देहांत पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। कर्मचारियों ने उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की व दो मिनट का मौन धारण किया गया। नगर निगम कर्मचारी संघ ने स्वर्गीय रूप जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को हमेशा याद रखने का संकल्प लिया। इस शोक-सभा में जवाहर भवन इन्दिरा भवन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सतीष कुमार पांडेय, कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव , नगर निगम कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंदर यादव, अध्यक्ष आनन्द वर्मा, महामंत्री शमील एखलाक आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।




आलमबाग बस अड्डे के सामने लगा भीषण जाम व जाम से जूझते लोग।

फोटो– अमित

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# रोडवेज बस की टक्कर से इंस्पेक्टर की पत्नी की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कैंट थानाक्षेत्र में सोमवार देर शाम तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद इंस्पेक्टर की पत्नी की मौत हो गई। जबकि बाइक सवार परिचित गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची कैंट पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। आरपीएसएफ थर्ड बटालियन तालकटोरा रोड, आलमबाग में तैनात इंस्पेक्टर बच्ची लाल गौतम वर्तमान में अयोध्या में पोस्टिंग है। उनका परिवार सरोजनीनगर स्थित सैनिक स्कूल के पास रहता है। परिवार में पत्नी अनुराधा (42), दो बेटी और बेटे शुभ और बेटी प्रिंसी के साथ रहती है। इंस्पेक्टर ने बताया कि सोमवार देर शाम पत्नी अनुराधा अपने परिचित कुलदीप के साथ बाइक से मूर्ति विसर्जन करने गोमती गई थी। वहां से वापस आते वक्त कैंट थानाक्षेत्र के आर्मी हेडक्वार्टर के डाकखाने के पास पीछे से तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर की थी वह बाइक से उछलकर सड़क पर सिर के बल जा गिरी। बाइक चला रहे कुलदीप को गंभीर चोट आई। कैंट पुलिस दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने अनुराधा को मृत घोषित कर दिया। कुलदीप की हालत गंभीर बनी है। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से भाग गया। उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

**तेज रफ्तार डीसीएम ने कार में मारी टक्कर, कार सवार सिपाही हुआ गंभीर रूप से घायल :** सरोजनी नगर में सोमवार देर शाम एक तेज रफ्तार डीसीएम ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार सवार सिपाही घायल हो गया। राहगीरों की मदद से उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। बताते हैं कि कानपुर निवासी सिपाही निशांत यादव (29) सुल्तानपुर जिले के एक सपा पूर्व विधायक के पास तैनात हैं। निशांत सोमवार देर शाम अपनी कार से किसान पथ होते हुए रायबरेली रोड की तरफ से कानपुर रोड की तरफ जा रहे थे। उन्हें सरोजनी नगर में दरोगा खेड़ा के पास किसान पथ से नीचे उतरकर कानपुर रोड पर जाना था। लेकिन वह धोखे से वहां उतरने के बजाय कट से करीब 100 मीटर आगे निकल गए। बाद में याद आने पर नीचे उतरने के लिए अपनी कार वापस मोड़ने लगे। इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने सिपाही निशांत की कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे निशांत घायल हो गए और उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गयी। घटना के बाद वहाँ राहगीरों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। बाद में राहगीरों की मदद से निशांत को आनन फानन सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहीं घटना के बाद डीसीएम चालक अपनी गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने डीसीएम को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई कर रही है।

**युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या:** गोसाईगंज के महहुआ गांव में मंगलवार को दोपहर एक युवक ने आम के पेड़ पर बिजली के तार के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि वो मजदूरी करता था और कुछ समय से मानसिक समस्याओं से जूझ रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर दिलेश कुमार सिंह के मुताबिक मगहुआ गांव निवासी वासु मानसिक समस्याओं से जूझ रहा था। वह अपने बड़े भाई पार्थ व माता पिता के साथ रहता था। ग्रामीणों ने मंगलवार को वासु के शव को गांव के बाहर एक आम के पेड़ से बिजली के तार के सहारे लटका देखा। इसकी सूचना परिजनों की दी गई। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चाकू से गला रेतकर युवक की हत्या

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र में मंगलवार रात युवक की गलत कर हत्या कर दी गई राहगीरों ने सड़क किनारे खून से लटपट पड़े युवा को देखा और सूचना पुलिस को दिया पीजीआई पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक प्रदीप सिंह मूलरूप से कानपुर का रहने वाला था जो लखनऊ में के उतरेठिया पीजीआई में किराए के मकान में रहता था। बताया जा रहा है कि हत्या रंजिश के चलते रामबिलास नामक व्यक्ति ने चाकू से वार कर की है। देर रात पुलिस मौके पर जांच कर रही है। पुलिस ने मृतक की बाइक को कब्जे में लेकर हत्यारोपित की तलाश कर रही है।

# लाठी-डंडों से पीटकर ड्राइवर की हत्या गांव से एक किमी दूर मिली लाश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मलिहाबाद के खड़ता गांव निवासी ई रिक्शा चालक अर्जुन पाल (50) की सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। उनका शव गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर नबीनगर नहर के पास पड़ा हुआ मिला। ई रिक्शा उनके ऊपर पड़ा हुआ था। चेहरे व सिर पर गंभीर चोट निशान थे। सगे भाई मुन्नू लाल ने अर्जुन पाल की पत्नी शिवरानी व दोनों बेटों रूपलाल व राजेंद्र पर धारदार हथियार और लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर घर से शव को फेंकने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शिवरानी के अनुसार सोमवार देर रात लगभग 9 बजे पति अर्जुन पाल खाना खा कर घर के बाहरी कमरे में सो गए थे। बच्चे और वह घर के अंदर सो गए थे। सुबह जब उठी तो पति व ई रिक्शा दोनों मौजूद नहीं थे। सात बजे उनको सूचना मिली कि पति का नबीनगर रास्ते की नहर पुलिया के पास खेत में शव पड़ा है। पास में उनका ई रिक्शा भी पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मलिहाबाद पुलिस और एडीसीपी नॉर्थ ऋषभ रूढवाल भी पहुंच गए। छानबीन के दौरान पुलिस को घटनास्थल से सौ मीटर दूरी पर खून से लथपथ बिस्तर व पानी का कंटेनर पड़ा था। ग्राम प्रधान राम मूर्ति ने बताया ग्रामीणों से जानकारी हुई है कि देर रात लगभग तीन बजे एक रिक्शा गांव से निकला था। रिक्शे किसका है पहचान नहीं हो पाई थी। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि तहरीर मिली है पत्नी व बेटों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही हत्या कर शव को फेंका गया।

**हत्या कर ई रिक्शा से ले जाया गया शव:** इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस जब छानबीन के लिए अर्जुन के घर पहुंची तो उनके कमरे में भी खून से निशान मिले। ऐसा लग रहा है कि अर्जुन पाल की हत्या कर घर से ई रिक्शा पर रखकर गांव से दूर शव डाला गया है और दुर्घटना दिखाने के लिए उसी के ऊपर ई रिक्शा डाल दिया है। हिरासत में लिए गए शिवरानी व बेटे रूपलाल, राजेंद्र ने हत्या करने से इनकार किया है। ग्रामीणों में चर्चा है कि हत्यारों ने सिर पर वार किया और खून जमीन में न गिरे इसलिए सिर के पास पानी का कंटेनर लगा दिया और सारा खून उसमे भर गया। इसके बाद शव, खून से सना बिस्तर और पानी का कंटेनर एक किलोमीटर दूर लाकर फेंक दिया।

**दोनों बेटे हैं शराबी देर रात पिता को पीटा था:** पुलिस के मुताबिक अर्जुन के दोनों बेटे शराब के आदी है साथ ही जुआ भी खेलते हैं। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि सोमवार देर रात दोनों बेटों ने पिता अर्जुन पाल को पीटा था।

## छात्रा के पिता को अश्लील वीडियो ऑडियो भेज पुत्री को अपरहण कर लेने की मिली धमकी

लखनऊ। आलमबाग, कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक किशोरी छात्रा के पिता ने मोबाइल फोन पर एक युवक द्वारा अश्लील वीडियो ऑडियो भेज उनकी पुत्री को अगवा कर किशोरी संग बलात्कार करने की धमकी देने का आरोप लगा स्थानीय कृष्णा नगर थाने पर नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित पकरी आजाद नगर निवासी इंद्र कुमार की माने तो उनकी पुत्री नंदनी कक्षा 10 की छात्रा है। आरोप है कि बीते वर्ष जुलाई माह से बहराइच जनपद थाना पयागपुर का रहने वाला युवक प्रदीप वर्मा पुत्र राकेश वर्मा लगातार उनके मोबाइल फोन पर अलग अलग नंबरों से अश्लील वीडियो और ऑडियो भेज उनकी पुत्री को अगवा कर लेने और बलात्कार करने की धमकी दे रहा है। वही पीड़ित पिता का कहना था आरोपित उन्हें लगातार जुलाई माह से जनवरी माह तक ऐसे मैसेज भेज मानसिक रूप से प्रताड़ित करता चला आ रहा है। जिसके चलते उन्होंने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में आरोपित के खिलाफ लिखित नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित पिता की शिकायत पर सोमवार को आईटी और धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

## महिला को दी जान से मारने की धमकी, पीड़िता की नामजद तहरीर पर मुकदमा दर्ज

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में बेटी के साथ रहने वाली एक महिला को पूर्व में दर्ज मुकदमे में जेल गए आरोपी के भाई ने पूरे परिवार को जान से मारने, और बर्बाद करने की धमकी दी, पीड़िता ने इसकी नामजद तहरीर पुलिस को दी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। मिथलेश सिंह पत्नी स्वर्गीय राजेश प्रताप सिंह निवासी ओमेक्स आर टू, ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी दी गई तहरीर पर सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली में समीर श्रीवास्तव, ओमेक्स आर 2 अर्जुनगंज लखनऊ पर दर्ज हुई थी, आरोपी समीर जेल में बंद है। घटना बीती 6जनवरी 2026 की है पीड़िता मिथलेश सिंह शाम को लगभग 6.45 पर मैं टहल कर रही थी तभी टावर 6 के पास अभिषेक मिला, और बोला कि मेरे भाई समीर को जेल से आने दो मैं आपको बरबाद कर दूंगा व पूरे परिवार को जान से मरवा दूंगा। पीड़िता का कहना था कि वह यहां अपनी बेटी के साथ अकेली रहती है। बेटे दोनों बाहर रहते हैं। कभी भी अनहोनी हो सकती है। पीड़िता ने सुरक्षा की गुहार लगाई है। सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## पार्षद गीता देवी गुप्ता की अगुवाई में गहरू गांव की नट बस्ती में टीकाकरण अभियान संपन्न

लखनऊ। सरोजिनी नगर प्रथम वार्ड की पार्षद श्रीमती गीता देवी गुप्ता की उपस्थिति और सक्रिय सहभागिता में गहरू गांव की नट बस्ती में विशेष टीकाकरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत नवजात शिशुओं से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को आवश्यक टीके लगाए गए। पार्षद गीता देवी गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी भ्रम में न आएं और अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र की नींव होते हैं। पार्षद गीता देवी गुप्ता स्वयं डॉक्टरों की टीम के साथ मौजूद रहीं और घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया। उन्होंने माताओं से संवाद कर बच्चों को टीका लगवाने के लिए प्रेरित किया और स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों की सराहना की। टीकाकरण अभियान में स्वास्थ्य विभाग की डॉक्टरों की टीम ने गांव-गांव घूमकर लोगों को टीकाकरण के लाभ समझाए और बच्चों को टीके लगाए। कार्यक्रम में शकुंतला वर्मा (बीएचडब्ल्यू), रीना यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मनोज कुमारी, मोबिलाइजर सुनीता उपाध्याय, बीएमसी नीतू रावत, सहायिका सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने बच्चों को टीका लगवाया। क्षेत्रवासियों ने पार्षद एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की मांग की।

## स्कूल कैंपस में फेंका ज्वलनशील पदार्थ, मचा हड़कंप

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी में संचालित सीएमएस स्कूल कैंपस के गेट नंबर दो से किसी अराजकतत्व व्यक्ति ने सोमवार सुबह करीब 4.15 बजे अचानक से ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया जिससे आग लग गई थी गेट ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी कन्नौसी मानक नगर निवासी प्रकाश दास अपने अधिकारियों को सूचना दे अपने अन्य सहयोगी कर्मियों संग आग बुझाने में जुट गया और थोड़ी ही देर में आग पर काबू पा लिया।

# केजीएमयू धर्मांतरण मामला: पुलिस के हाथ लगे डॉ. रमीज के लैपटॉप और मोबाइल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केजीएमयू की महिला रेजिडेंट के यौन शोषण और धर्मांतरण के प्रयास के आरोपी डॉ. रमीज का पुलिस ने मोबाइल फोन और लैपटॉप बरामद कर लिया है। आरोपी 48 घंटे की पुलिस रिमांड पर है। पुलिस ने पूरे मामले में पूछताछ की है। आरोपी से उसके गिरोह के बारे में भी जानकारी ली गई है। एसीपी चौक राजकुमार सिंह का कहना है कि डॉ. रमीज से कई बिंदुओं पर पूछताछ की गई है। साक्ष्य जुटाए गए हैं। फोन और लैपटॉप बरामद करने में सफलता मिली है। प्रारंभिक छानबीन में सामने आया है कि आरोपी ने मोबाइल फोन से सारे चैट और बहुत से लोगों के नंबर डिलीट किए हैं। फोरेंसिक टीम की मदद से डिलीट किए गए डाटा को रिकवर कराने का प्रयास चल रहा है। इसके बाद ही गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में पता चल सकेगा। सूत्रों के मुताबिक सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस गोपनीय स्थान पर रमीज से पूछताछ कर रही है। पुलिस रमीज को उसके कुछ ठिकानों पर भी लेकर गई। आरोपी से एसटीएफ ने भी पूछताछ की है।



**कई सवालों पर साधी चुप्पी:** पुलिस ने आरोपी से महिला रेजिडेंट पर धर्मांतरण का दबाव डालने के बारे में जब सवाल किए तो आरोपी ने कई सवालों के जवाब नहीं दिए। वह चुप्पी साधे रहा। आगरा में डॉ. परवेज से संबंधों पर भी आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया। केस दर्ज होने के बाद से आरोपी किन-किन शहरों में गया, इस संबंध में भी पूछताछ की गई है। इसके अलावा नेपाल सीमा तक आरोपी किन लोगों की मदद से पहुंचा था, इसकी जानकारी भी ली गई है।

**पीड़िता से नहीं कराया सामना:** पुलिस ने यौन शोषण पीड़िता से आरोपी का सामना नहीं कराया। पीड़िता ने भी आरोपी से मिलने से इन्कार कर दिया। पूछताछ में रमीज ने माता-पिता की संलिप्तता से इन्कार किया है। आरोपी ने बताया कि वह पीड़िता के संपर्क में था। दोनों की मुलाकात भी होती थी। हालांकि, धर्मांतरण के प्रयास में उसके माता-पिता की कोई भूमिका नहीं है। पुलिस ने धर्मांतरण के लिए दबाव बनाने वाले मौलाना और गवाह के बारे में भी रमीज से जानकारी ली है। माना जा रहा है कि जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## इंडिगो एयरलाइंस के सुरक्षा अधिकारी ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट करायी दर्ज

**लखनऊ।** इंडिगो की दिल्ली से बागडोगरा जा रही फ्लाइट में रविवार सुबह बम होने की धमकी के मामले में इंडिगो एयरलाइंस के सुरक्षा अधिकारी विपिन त्रिपाठी ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आलमबाग के सुभाष नगर निवासी व लखनऊ एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस के सुरक्षा अधिकारी पद पर तैनात विपिन त्रिपाठी के मुताबिक इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान 6ई-6650 रविवार सुबह दिल्ली से बागडोगरा (पश्चिम बंगाल) जा रही थी। तभी रास्ते में एक क्रू मेंबर को विमान के अंदर बम होने की जानकारी मिली। क्रूमेंबर को लिखा हुआ एक संदिग्ध नोट मिला। इसके बाद क्रू मेंबर ने आनन फानन इसकी सूचना विमान के पायलट को दी। यह घटना सुबह करीब 8:45 बजे की है। इस पर सुरक्षा को देखते हुए पायलट ने विमान को लखनऊ एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया और विमान की लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कराई। सुरक्षा अधिकारी का कहना है कि लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान को आइसोलेशन बे में खड़ा कर बम निरोधक दस्ता, सीआईएसएफ, एटीएस तथा एयरपोर्ट प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में सघन तलाशी ली गई। यात्रियों और क्रूमेंबर्स को सुरक्षित उतारकर जांच की गई, लेकिन विमान में कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली। जांच पूरी होने के बाद फ्लाइट को गंतव्य बागडोगरा के लिए रवाना कर दिया गया। इस मामले में इंडिगो के सुरक्षा अधिकारी विपिन त्रिपाठी की तहरीर पर सरोजनीनगर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं।

## विवाहिता ने ससुरालियों पर लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप, मुकदमा दर्ज

आलमबाग। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित सेक्टर-डी, मानसरोवर गुरुद्वारा, एलडीए कालोनी निवासी गुरुशान कौर पुत्री अमरजीत सिंह के अनुसार उसका विवाह बीते 16 नवंबर वर्ष 22 को गुरुदीप सिंह पुत्र जसपाल सिंह, निवासी सिन्धी कालोनी, गांधीनगर, थाना कोतवाली जनपद महोबा के साथ हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल जाने के कुछ दिनों बाद से ही ससुर जसपाल सिंह ने महोबा में अपने घर के पीछे मकान खरीदने के लिए 30 लाख रुपये की मांग की और न देने पर उत्पीड़न करने के साथ उसके संग नौकरों जैसा व्यवहार करने के साथ कम दहेज के लिए ताना मार ससुर जसपाल सिंह, सास अविनाश कौर, देवर इन्द्रजीत सिंह और पति गुरुदीप सिंह उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। वही पीड़िता का कहना था पति ने जबरन उसके संग संबंध बना उसे घर से निकालने की धमकी देते रहे और दहेज की मांग पूरी न होने पर बीते 10 फरवरी 24 को उसे लखनऊ माइके छोड़कर चले गए। जिसके पश्चात ससुरालियों में कोई भी उसे बिदा कराने नहीं आया और अपनी जिद पर अडे हुए हैं। जिसके चलते उसने उसने पति सहित ससुरालियों के खिलाफ स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से लिखित नामजद शिकायत की है।

## पीजीआई में मोबाइल टॉवर पर चढ़ा युवक, पुलिस ने उतारा

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को बेरोजगार युवक पीजीआई अस्पताल परिसर में स्थित मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया। बेरोजगारी से परेशान युवक टॉवर पर चढ़ कर काम मांगने लगा। युवक ने मांग नहीं पूरी होने पर टॉवर से कूद कर जान देने की धमकी देने लगा। घटना की सूचना पर मिलने पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। युवक को समझा कर सकुशल नीचे उतारा। टॉवर पर चढ़ने वाला इरशान खान एसजीपीजीआईई कैंपस का रहने वाला है। वह मूल रूप से अमेठी का रहने वाला है। उसका परिवार पीजीआई कैंपस में ही रहता है। एक महीने पहले उसे काम से निकाल दिया गया था। जिसके चलते उसके रोजी रोटी के लाले पड़ गए और वह टॉवर पर काम मांगने चढ़ गया। थानाध्यक्ष पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि इरशाद पीजीआई परिसर में रहते हुए घरों, कार्यालयों में घुस जाने वाले सांप, बिच्छु और अन्य जानवरों को रेस्कयू कर उन्हें पकड़ने का कार्य करता था। लेकिन, असामाजिक गतिविधियों के चलते उसे वहां से बाहर कर दिया गया। वह परिसर में दोबारा प्रवेश न कर सके, इसके लिए भी ब्लैकलिस्ट कर दिया गया। इस चलते वह बेरोजगारी की मार झेल रहा था। मंगलवार सुबह इरशाद मोबाइल टॉवर पर चढ़ गया और नीचे कूद जाने की धमकी देने लगा। उसने मांग रखी की उसे दोबारा पीजीआई कैंपस में काम करने दिया जाए। मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पीजीआई डॉयरेक्टर समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पुहंचे। सबने युवक की समस्या का निवारण का आश्वासन दिया है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांक :- 328/352सी/ई-टेण्डर/सी.खी.वृत्त/2025-26 दिनॉक: 14.01.2026

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

इस कार्यालय के प त्र संख्या 7288/352सी/ई-टेन्डर-सी.खी./2025-26 दिनांक 31.12.2025 द्वारा निविदा आमंत्रित की गयी थी, जिसे अपरिहार्य कारणोंवश निरस्त किया जाता है।

(बी.एस. भसिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि.,
सीतापुर

(सतीश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि.
सीतापुर

UPID-244244 Date: 20.01.26 Website : www.upgov.nic.in


# कार से युवक को अगवा कर पीटा, शहीद पथ पर फेंका

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** विभूति खंड थानाक्षेत्र के कमता चौराहे के पास दिनदहाड़े कार सवार कुछ लोगों ने युवक का अपहरण कर लिया। आरोप है कि युवक के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल छीन लिया और उसे शहीद पथ के वृंदावन के पास चलती गाड़ी से फेंक कर भाग निकले। युवक ने राहगीरों से मदद मांगी और उनके मोबाइल से पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने युवक से पूछताछ की।

घटना शनिवार की बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर मामले की जांच कर रही है। चिनहट थानाक्षेत्र के कृष्णा विहार निवासी अनूप सिंह ने बताया कि शनिवार को वह अपनी कार से अवध बस अड्डे कमता चौराहे के पास गए थे। कार का अमित चला रहा था। कमता के पास ड्राइवर को मैंगी प्वाइंट से कुछ सामान लाने को भेज दिया। आरोप है कि इस बीच एक युवक आया और उनकी कार का दरवाजा खोलकर अंदर बैठ गया। युवक कार को स्टार्ट कर अनूप को ले जाने लगा। जिसका अनूप ने विरोध किया।

आरोपी ने कार की चाबी लेकर भाग निकला। कुछ देर तक पीछा किया तो पीछे से आई काले रंग की थार कार से तीन चार लोग उतरे और जबरन बैठा लिया। विरोध करने पर उन्हें लात-घूंसों से मारने लगे। इस दौरान किसी ने अनूप का मोबाइल भी छीन लिया। बदमाशों ने उन्हें शहीद पथ के वृंदावन के पास चलती गाड़ी से फेंक दिया। सूचना पाकर विभूतिखंड पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित से पूछताछ की। अनूप ने पुलिस को बताया कि एक काले रंग की थार सवार 4-5 ने उन्हें जबरन अपने कार में बैठा लिया।

थार सवार लोगों ने उनके साथ मारपीट की और उनका मोबाइल भी छीन लिया। इसके बाद शहीदपथ वृंदावन के पास चलती गाड़ी से छोड़कर भाग निकले। विभूतिखंड इंस्पेक्टर ने बताया कि पीड़ित से तहरीर लेकर मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं पुलिस घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी देख रही है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गुलरिया विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/ दिनांक 20.01.2026

**अति अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गुलरिया के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 27.01.2026 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सरिया | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | लोहे की चादर | सीमेन्ट बैग | मौरंग | गिट्टी |
| 1 | राजेश कुमार पुत्र त्रिमोहन का पशु आश्रय निर्माण कार्य। | 0.07 कुं. | 6465 नग | 3.17 घन मी. | 2 कुं. | 46 बैग | 4.53 घन मी. | 15.16 घन मी. |

नियम शर्तें
1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत गुलरिया के कार्यालय में 21.01.2026 से 27.01.2026 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत गुलरिया के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 21.01.2026 से दिनांक 27.01.2026 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सीलबन्द टेण्डर डाले जायेंगे। तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत गुलरिया के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 27.01.2026 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

ऊषा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गुलरिया
विकास खण्ड धौरहरा

आशुतोष पाण्डेय
ग्रा.पं.वि. अधिकारी
ग्राम पंचायत गुलरिया
विकास खण्ड धौरहरा



**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक -1345/EE-1/नि. दिनांक 20/01/2026

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि. 27/01/2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि. 27/01/2026 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी. आर./ एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जल कल विभाग लखनऊ के नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्ट मनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Boring work of mini Tubewell size 200 * 200 at Guin Tola Bashiratganj. | 8400.00 | 450 | 07 दिवस |
| 2 | Reboring of 02 no. 1.5 hp submersible pump at near Bhuiyyan devi mandir Natkhera Maqboolganj & infront of street of Navrang Patang Natkhera Maqboolganj. | 6600.00 | 350 | 07 दिवस |
| 3 | Devlopment, Supply of p-gravil & other mechanical work for mini Tubewell board at Guin Tola Bashiratganj. | 8500.00 | 450 | 07 दिवस |
| 4 | Reboring of 1.5 hp Submersible pump at near medical store Udaiganj. | 3300.00 | 200 | 07 दिवस |
| 5 | Supply and Fixing of by pass system & electrical/ civil works for newly bore mini tube well at Guin Tola Bashiratganj. | 7000.00 | 350 | 07 दिवस |
| 6 | Shifting & interconnection of 90mm dia 100mtr. Pvc pipeline at Mohlla Pashiyana Lal Kuwan Ward. | 3200.00 | 200 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग नगर निगम
लखनऊ

# उत्तरायणी कौथिग : पहाड़ी लोक कला से रोशन हुई अवध की शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** पर्वतीय महापरिषद लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिग के सप्तम् दिवस की बेला में आगंतुकोंने पहाड़ की आवाज शीर्षक से गायन प्रतियोगिता का आनन्द लिया।

प्रतियोगिता में लखनऊ में रह रहे दिग्गज पहाड़ी लोकगायकों ने प्रतिभाग किया। जहाँ एक ओर पर्वतीय महापरिषद के सचिव शंकर पाण्डेय की परिकल्पना से उत्तराखण्ड के पारम्परिक घर, आंगन, फुलवारी व नदी घाटियों से सुसज्जित मंच साक्षात्पहाड़ में होने की अनुभूति करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर आज की प्रतियोगिता पहाड़ की आवाज के माध्यम से लखनऊ में रह रहे प्रवासी निपुण लोकगायकों के सुरों से पंडित गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन, बीरबल साहनी मार्ग का गोमती तट गूंजती पहाड़ की वादियों सा प्रतीत हुआ। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में आज बलवंत वाणगी, दिव्यांषु जोशी, राधा मेहरा, ललिता जोशी व रीमा वाणगी ने प्रतिभाग किया। संस्था के महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखण्डी प्रवासी समाज की नई पीड़ी के लोग यूं तो बहुत सारे संगीत में पारंगत हैं, परन्तु उत्तराखण्डी भाषा का ज्ञान न होने के कारण उत्तराखण्डी गीत नहीं गा पाते हैं, उनको उत्तराखण्डी गीतों की ओर मोड़ने एवं जो लोग उत्तराखण्डी गीत जानते हैं, उनको अच्छे लेवल की तैयारी के लिए प्रेरित करने के मुख्य उद्देश्य से पहाड़ की आवाज के माध्यम से गायन प्रतियोगिता रखी गई है, जिसके प्रायोजक सातू आठू प्रोडक्शन के निमार्ता चंचल सिंह बोरा हैं। इस प्रतियोगिता में लोग विगत वर्ष से ही बढ़चढ़ कर भाग ले रहे हैं। जिससे हमारी संस्कृति एवं गायकी का विस्तार हो रहा है और हमारे समाज के गायन क्षेत्र के इच्छुक लोगों की उत्तराखण्डी गीतों के गायन प्रतिभा में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में क्षेत्रीय शाखाओं की नृत्य प्रस्तुतियां, झोड़ा प्रतियोगिताएं जिसमें विजय नगर लखनऊ से हेमा बनकोटी, कटहरी बाग नीलमथा से सरोजनी कठैत, शाहीनूर कालोनी से चम्पा महर एवं आदर्श नगर नीलमथा से मुन्नी रावत के नेतृत्व में झोड़ा टीमों ने भाग लिया, इसके बाद छपेली प्रतियोगिता झूमिगो सीजन 4 हुई, इस प्रतियोगिता में पर्वतीय महापरिषद की गोमती नगर शाखा, रामलीला समिति तेलीबाग, महिला शाखा गोमती नगर व माही वेलफेयर सोसाइटी शक्ति नगर ने भाग लिया। जोहार मुनस्यार सांस्कृतिक दल ने नंदा रावत के, ब्रह्मकमल सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति इंदिरा नगर व पिंकी नौटियाल के दलों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। लोकगाथा पर आधारित नृत्य नाटिका प्योली देवभूमि जनसरोकार समिति गोमती नगर के निर्देशक बलवंत वाणगी द्वारा प्रस्तुत की गई। उत्तराखण्ड से आए मेहमान कलाकार लोकगायिका राधा द्विवेदी, गायक चन्द्रशेखर टमटा के बुरूशी को फूला, सुन्दर सिंह बाफिला के आमे की डाई मा घुघुती नि बासा, सुवा प्रतापा मैं चेली पधानी गीत सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हुए। आज अतिथि के रूप में आए राजेन्द्र सिंह कनवाल, हेम पंत एवं जिला अध्यक्ष उ.प्र. पूर्व सैनिक संस्थान अमर नाथ गुप्ता को पर्वतीय महापरिषद ने समाज के प्रति समर्पण भाव से सेवा करने हेतु सम्मानित किया। इस अवसर पर बीना रावत, रमेश उपाध्याय, देवेन्द्र मिश्रा, के एस रावत, एम एस मेहता, मीडिया सलाहकार हरिश काण्डपाल, पी सी पन्त, ख्याली सिंह, सुनील किमोठी, लक्ष्मण सिंह भण्डारी, के एन पाठक, के एन पाण्डेय, संजय पाण्डेय, वीरेन्द्र आर्या, बसन्त भट्ट, लक्ष्मण सिंह धामी, बिशन दत्त जोशी, आनन्द कपकोटी, गोविन्द पाठक,, आनन्द भण्डारी, उमेद सिंह दयोपा, सुदीप जोशी व अन्य उपस्थित रहे।

# यूपी महोत्सव में खेली गयी ब्रज की होली



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित यूपी महोत्सव द ग्रीन प्लैनेट लॉन, शुक्ला चौराहा नहर रोड जानकीपुरम विस्तार ने अपने शानदार और जानदार अंदाज में लोगों में खूब लोकप्रिय हो रहा है। झूला मस्ती के साथ फूड जोन पर लोगों की भीड़ खूब देखी जा रही है। जानकीपुरम विस्तार के सम्मानित नागरिक कश्मीर के शॉल स्वेटर कालीन फर्नीचर में खूब रुचि दिखा रहे हैं और खरीदारी कर रहे हैं। यूपी महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम से महोत्सव में खूब रौनक दिख रही है।

यूपी महोत्सव की सबसे खास बात है हैंडलूम की तरफ से लगी ढेर सारी दुकानें महोत्सव की शोभा को और बढ़ा रही है एक से बढ़कर एक कारीगरी के उत्पाद खिलौने जूट से निर्मित बेग पर्स और भी बहुत सारे उपयोगी सामान से महोत्सव में अपनी एक अधिक छवि बिखेर रहे हैं। प्रगति इवेंट द्वारा आयोजित सांस्कृतिक मंच पर प्रतिदिन कलाकारों द्वारा अपनी उम्दा कल का प्रदर्शन किया जाता है किसी कर्म में आज नृत्य फोलिक डांस अकादमी एल्डीको कॉलोनी आईआईएम रोड लखनऊ द्वारा पल्लवी प्रजापति कथक गुरु डायरेक्टर एवं फाउंडर के नेतृत्व में नृत्य की शाम कला के नाम का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें मेरे घर राम आए हैं, दुर्गा स्तुति, शिव स्तुति, अलबेला सजन, आरंभ है प्रचंड है, मोहे रंग दो लाल, रंगरेज, भरी भरी मटकी तथा अप्सरा आली जैसे गानों पर नैना इशिता, गार्गी, अनुकृति, अलीशा, अंबिका, सृष्टि, मिष्टी, अनेशा सिंह, जानवी, नैना, पार्थवी, पिशाच, कृषा ने अपने मनभावन कल से खूब तालियां बटोरी और लोगों का मनोरंजन किया।

यूपी महोत्सव में आज विशेष रूप से बृज की होली दिव्या महादेव आर्ट झांकी ग्रुप द्वारा अरुण, महादेव, अमृता, रिंकू महाकाल राहुल, निखिल की प्रस्तुति ने अपनी साक्षात ब्रिज को ही यूपी महोत्सव में उतार दिया। फूलों के सॉन्ग कृष्ण राधा की होली लोगों को खूब आकर्षित की अरविंद सक्सेना और अथर्व तिवारी का कार्यक्रम प्रस्तुतीकरण बहुत ही सुंदर रहा।

# मां श्री बड़ी काली जी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य समापन




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मठ श्री बड़ी काली जी मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें एवं अंतिम दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा के समापन अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन माता रानी एवं भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए उपस्थित रहे।

प्रबंधक देवराज सिंह ( मंदिर प्रबंधक ) रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं भक्तों की सुचारु व्यवस्था में महिला मंडल की सक्रिय भूमिका रही, जिसमें विशेष रूप से श्रीमती पंखुरी अग्रवाल एवं श्रीमती लक्ष्मी अग्रवाल ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कथा के दौरान वृंदावन से पधारे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत श्रीकृष्ण-राधा झांकी एवं श्री सुदामा जी की झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। झांकियों के दर्शन हेतु अंतिम दिवस पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सातवें दिन पंडित श्री राघवाचार्य जी ( कथा व्यास ) के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत एवं भावपूर्ण समापन हुआ।

कथा के दौरान उनके ओजस्वी एवं ज्ञानवर्धक प्रवचनों ने भक्तों को भक्ति, प्रेम और सदाचार का संदेश दिया। मीडिया प्रभारी अभय उपाध्याय ने बताया की कार्यक्रम के समापन पर मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी श्रद्धालुओं, सहयोगकताओं एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया तथा क्षेत्र में धर्म एवं संस्कारों के प्रचार-प्रसार हेतु भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया गया। कथा के दौरान मंदिर व्यवस्था में मुख्य रूप से प्रबंधक देवराज सिंह मातृशक्ति सेविका आशा तिवारी माला गुप्ता शालनी लक्ष्मी पंडित शिवम पांडेय राहुल सारस्वत तुषार मेघांश विकास आदर्श महाराज एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सदर मे शुरू हुई भागवत कथा



**लखनऊ।** श्री शिव श्याम मंदिर समिति की ओर से सात दिवसीय भागवत कथा 20 जनवरी सोमवार से हाता राम दास सदर कैण्ट मे शुरू हुई। कथा के पहले दिन कथा वाचक देवेश अवस्थी ( द्वारिकानाथ जी महाराज ) ने भागवत महात्म, गोकर्ण उपाख्यान और मंगलचरण की कथा श्रवण कराई। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति और प्रेम से ही जीवन का वास्तविक उद्देश्य पूरा होता है। कथा के संयोजक राजेंद्र कुमार पांडे 'गुरु जी' और मुख्य यजमान ब्रम्ह प्रकाश व पुष्पा अग्रवाल ने बताया कि कथा 20 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक दोपहर 3:00 बजे से शाम 7 बजे तक होगी।

## नहीं दिखा शाबान का चांद शब-ए-बरात तीन को

**लखनऊ।** इस्लामी माह शाबान का चांद सोमवार को नहीं नजर आया था। इसलिए अब 21 जनवरी को माह-ए-शाबान की पहली तारीख है। शब-ए-बरात मंगलवार 3 फरवरी को अकीदत व एहतराम के साथ मनाई जाएगी। इस्लामी कैलेंडर के माह शाबान की 15वीं तारीख की रात को शब-ए-बरात के नाम से जाना जाता है। चांद नहीं दिखने की तस्दीक मरकजी चांद कमेटी अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने की। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि माह-ए-शाबान बहुत मुबारक महीना है। यह दीन-ए-इस्लाम का 8वां महीना है। इसके बाद माह-ए-रमजान आएगा। शब-ए-बरात के मौके पर महानगर की तमाम मस्जिदों, दरगाहों, कब्रिस्तानों की साफ-सफाई व सजावट होगी। मौलाना ने बताया कि शब-ए-बरात का अर्थ होता है छुटकारे की रात या निजात की रात। इस्लाम धर्म में इस रात को महत्वपूर्ण माना जाता है। हदीस शरीफ में है कि इस रात में साल भर के होने वाले तमाम काम बांटे जाते हैं जैसे कौन पैदा होगा, कौन मरेगा, किसे कितनी रोजी मिलेगी आदि। सारी चीजें इसी रात को तक्सीम की जाती है। इस दिन शहर की छोटी से लेकर बड़ी मस्जिदों, घरों में लोग इबादत करते है। अल्लाह से दुआ मांगते हैं। कब्रिस्तानों में जाकर पूर्वजों की कब्रों पर फातिहा पढ़कर उनकी बख्शिश की दुआ करते हैं।

# किराये के मकान की समस्या को उजागर कर गया 'खुदा खैर करे'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था देवसु थियेटर आर्ट्स सोसाइटी के तत्वावधान और उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सहयोग से आज शाम 6:30 बजे अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान प्रेक्षागृह गोमती नगर लखनऊ में 60 दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत तैयार की गई प्रस्तुति के अंतर्गत आत्माराम सामंत के मूल लेखन का श्रीधर जोशी के नाट्य रूपांतरण और अशोक लाल के निर्देशन में नाटक 'खुदा खैर करे' का मंचन किया गया।

शहरों में किराये के मकान की समस्या को उजागर करते हुए नाटक खुदा खैर करे ने जहां एक ओर किराये पर घर लेने के लिए किरायेदारों द्वारा झूठ बोलने पर तीखा प्रहार किया वहीं दूसरी ओर नाटक के परिस्थितिजन्य हास्य ने दर्शकों को हंसा कर लोटपोट किया। नाट्य मंचन से पूर्व मुख्य अतिथि मानस समूह के निदेशक बी.के. मिश्रा और विशिष्ट अतिथि बी.एन. ओझा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

नाट्य सारानुसार 'खुदा खैर करे ' नाटक का नायक शराफत हुसैन जो कि वास्तव में एक विवाहित है और दूसरे शहर में नौकरी करने आया है। उस शहर में किराये का मकान ढूंढ़ते हुए एक ऐसा मकान किराये पर लेता है जहां का मकान मालिक नवाब साहब ( बड़े हुजुर ) की शर्तों के अनुसार जो कुंवारा व्यक्ति होगा, उसी को मकान में किरायेदार के तौर पर रहने दिया जायेगा। बड़े हुजुर की एक बेटी जिसका नाम पम्मी है जिसकी शादी करके बड़े हुजुर उसे अपना घर जमाई बनाना चाहता है। शराफत मियाँ अपने आप को कुंवारा बताकर उस मकान में रहने लगता है लेकिन एक दिन शराफत मियां की पत्नी शमीम जो उस शहर में अपने पति शराफत का पता लगाते हुए आ जाती है। शराफत मियां की बीबी को इस झूठ का पता नहीं रहता बस मुसीबत यहीं से शुरू हो जाती है एक ओर मकान मालिक से मकान खाली कराये जाने का डर से शराफत मियां अपनी बीवी को आपा ( बहन ) के रूप में मकान मालिक बड़े हुजुर से परिचय कराता है तो दूसरी ओर बड़े हुजुर मन ही मन पम्मी की शादी शराफत हुसैन से कराने की सोचता है। तब बड़े हुजुर जो स्वयं विदुर है। शमीम पर आशिक हो जाते है और उससे शादी करने का सपना देखते है। कई दिलचस्प घटनाओं के बाद शमीम के अब्बू ( पिता ) मीर साहब वहां आ धमकते है। अन्त में बड़े ही नाटकीय परिस्थितियों में सम्पूर्ण घटना का रहस्योद्घाटन होता है। एक दिलचस्प मोड़ पर आकर नाटक समाप्त हो जाता है। सशक्त कथानक से परिपूर्ण नाटक 'खुदा खैर करे ' में सौरभ सिंह, अर्पित श्रीवास्तव, तारिक इकबाल, दीपा यादव, आनन्द प्रकाश शर्मा, खुशी और मोहित यादव ने अपने दमदार अभिनय से रंगप्रेमी दर्शकों को देर तक अपने आकर्षण के जाल में बांधे रखा। नाट्य नेपथ्य में धनन्जय कृष्ण तिवारी (सेट डिजाइन), विश्वास वैश्य (रूप सज्जा), बबिता, अनीता, रमा शर्मा (वस्त्र विन्यास), विजय मिश्रा (प्रकाश), डॉ. सुरेश चन्द्रा (उद्घोषक), आनन्द प्रकाश शर्मा ( मंच परिकल्पना) और पल्लवी जयसवाल (संगीत निर्देशन) का योगदान नाटक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

# 'आदाब अर्ज है' का मंचन 8 को कलाकारों ने की रिहर्सल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्टस लखनऊ द्वारा उ०प्र० उर्दू अकादमी, गोमती नगर लखनऊ के वित्तीय सहयोग से आयोजित मुस्लिम परिवेश पर आधारित मौलियर की मूल नाट्य रचना तथा सलीम आरिफ द्वारा अनुवादित हास्य नाट्यकृति 'आदाब अर्ज हैं' का नाट्य मंचन 08 फरवरी 2026 दिन रविवार को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध सस्थान, गोमती नगर लखनऊ में सांयकाल 6.30 बजे से 7:00 बजे के मध्य मंचित किया जायेगा।

नाटक का निर्देशन नगर के सुप्रसिद्ध रग निर्देशक तुषार बाजपेई जी के कुशल निर्देशन में मंचित किया जा रहा है, इस नाटक को 60 दिवसीय कार्यशाला के अन्तर्गत तैयार किया गया है। कार्यशाला निर्देशन नगर के वरिष्ठतम् रग निर्देशक प्रभात कुमार बोस, उ०प्र० सगीत नाटक अकादमी अवार्डी द्वारा किया गया है। नाटक आदाव अर्ज है में मुख्य सहायक निर्देशन अनुपम बिसारिया द्वारा किया गया है, सगीत निर्देशन नगर की सुप्रसिद्ध संगीतज्ञ श्रद्धा बाजपेई द्वारा किया गया है, नाटक मंचन से पूर्व उच्च न्यायलय के न्यायमूर्ति राघवेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित कर कलाकरों को आशीर्वाद प्रदान करेगें विशिष्ठ अतिथि के रूप में डा. अनिल रस्तोगी, केन्द्रीय संगीत नाटक अकादमी अवार्डी एवं सुप्रसिद्ध रगकर्मी /सीने अभिनेता के अतिरिक्त राजेश जयसवाल, समाज सेवी तथा ऑक्सीजन मैन होंगे तथा आनद मोहन तिवारी, प्रबन्धक, डीएवी (पीजी) कालेज लखनऊ भी विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी संस्था के बीएन ओझा, अध्यक्ष तथा श्रीमती अचला बोस, सचिव आकाक्षा थियेटर आर्ट्स, लखनऊ ने संयुक्त रूप से एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा सूचित किया है।

# यूपी दिवस में चमकेगी लखनऊ की कथक विरासत

## समारोह के लिए भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थी तैयार कर रहे प्रस्तुति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस 2026 पर लखनऊ की कथक विरासत चमकेगी। राज्य की स्थापना की स्मृति में 24 जनवरी को राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर आयोजित मुख्य समारोह में लखनऊ घराने की शास्त्रीय नृत्य कला कथक का भव्य प्रदर्शन होगा। इस तीन दिवसीय उत्सव की थीम विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश है, जिसमें प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि, विरासत और विकास यात्रा को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्रसिद्ध कथक गुरु पंडित राम मोहन महाराज के निर्देशन में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं एक विशेष तराना प्रस्तुति तैयार कर रहे हैं।

यह प्रस्तुति कथक की लय, ताल, भाव और नृत्य की जटिल तकनीकों से सजी होगी, जो लखनऊ की शास्त्रीय परंपरा को जीवंत रूप में दर्शाएगी। पंडित राम मोहन महाराज, जो लखनऊ घराने के प्रमुख प्रतिनिधि हैं, ने अपनी विशेषज्ञता से छात्राओं को प्रशिक्षित किया है ताकि यह प्रदर्शन दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दे। पंडित राम मोहन महाराज ने बताया कि लखनऊ घराने का कथक दुनिया भर में लोकप्रिय है। जिसकी विरासत को यूपी दिवस पर नृत्य के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भातखंडे की छात्राओं की यह प्रस्तुति न केवल कथक की शास्त्रीयता को उजागर करेगी, बल्कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाएगी।

**चित्रों के साथ दिखेगी वन्देमातरम की पंक्तियां :** वंदे मातरम की पंक्तियों पर आधारित 150 फीट लंबे कैनवास पर चित्रांकन के लिए तीन दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के पांच स्थानों लखनऊ, आगरा, बुलंदशहर, वाराणसी एवं प्रयागराज में किया जा रहा है। लखनऊ में यह कार्य क्षेत्रीय ललित कला अकादमी परिसर में किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन डा. सुनील सक्सेना ने किया। शिविर के समन्वयक किरण सिंह राठौर एवं मेंटर अमित कुमार ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिविर हो रहा है। जिसमें वंदे मातरम् की प्रथम पांच पंक्तियां सुजलाम् सुफलाम्, मलयज शीतलाम्, शस्य श्यामलाम्, मातरम्, वंदे मातरम् के भावों को चित्रों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह चित्रांकन उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत प्रदेश के पांच विभिन्न स्थानों पर 30-30 फीट के पांच अलग-अलग चित्र तैयार किए जाएंगे, जिन्हें जोड़कर 150 फीट का भव्य कैनवास तैयार होगा। यह त्रिदिवसीय कार्यशाला 21 जनवरी तक होगी। उद्घाटन अवसर पर क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र, केंद्रीय लेखा अधिकारी राज सिंह, अकादमी के पर्यवेक्षक वेणुगोपाल पराशर, शीतांशु गुप्त मौर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

# वीरेन्द्र यादव की रचनाएं वर्चस्व की सत्ता का प्रतिपक्ष रचती हैं



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रख्यात आलोचक वीरेन्द्र यादव को शहर के लेखकों, संगठनों की ओर से मंगलवार को श्रद्धांजलि दी गई। लेखकों, सांस्कृतिक संगठनों की ओर से कैफी आजमी सभागार में हुई श्रद्धांजलि सभा में दो मिनट का मौन रखा गया। सभा में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नलिन रंजन सिंह ने वीरेन्द्र यादव की पुस्तकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वीरेन्द्र यादव सिर्फ कथा आलोचक ही नहीं थी बल्कि एक जनबुद्धि जीवी थे, उनकी रचनाएं, वर्चस्व की सत्ता का प्रतिपक्ष रचती है। उनके उपन्यासों की सूची देखकर पता चलता है कि ये हाशिए के समाज के पक्षधर आलोचक थे। इप्टा के राकेश ने कहा कि वे भौतिक रूप से भले वीरेन्द्र यादव अब हमारे बीच में नहीं है लेकिन यादों में रहेंगे वैचारिक रूप से साथ रहेंगे। डा. नदीम हसनैन ने अपने सहपाठी के दौर को याद करते हुए कहा कि जीवन के तमाम मुद्दों पर वीरेन्द्र यादव की जिद की वजह से निर्णय लेने में मदद मिली। कथाकार अखिलेश ने वीरेन्द्र यादव को उनके पत्रिका में छपे लेखों के माध्यम से याद किया और अपने व्यक्तिगत जुड़ाव की चर्चा की। लेखिका प्रीति चौधरी ने उन्हे कट्टर सिद्धांतवादी बताया। स्वर्गीय वीरेन्द्र यादव के भाई वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र ने उनकी स्मृतियों को साझा किया। श्रद्धांजलि सभा में सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ, देवेन्द्र, कात्यायनी, सूरज बहादुर थापा, रूपरेखा वर्मा, कौशल किशोर आदि ने भी अपने विचार रखे।

## शहीद हेमू कालाणी के बलिदान दिवस पर सिन्धी समाज देगा श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** बुधवार 21 जनवरी को स्वतंत्रता सेनानी हेमू कालाणी ने 19 वर्ष की आयु में अंग्रेजी हुकूमत से लोहा लेते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था 21 जनवरी 1943 में अंग्रेजों की हुकूमत ने उन्हें फांसी दे दी थी राजधानी लखनऊ में आशियाना नाका हिंडोला चौराहे पर अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सिन्धी पंचायत लखनऊ के मुखी गण में मुख्य रूप से नानक चंद लखमानी, भीमंद दास ,अशोक चांदवानी, सुदाम चंद, राकेश भावनानी, वासुदेव सचदेवा, सहित चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों में प्रवक्ता अशोक मोतियानी अध्यक्ष रतन मेघानी महामंत्री संजय जसवानी हेमू कालाणी चौराहे पर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित करेंगे मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी बताते हैं कि क्षेत्रीय पार्षद गिरीश गुप्ता की विकास निधि से अमर शहीद हेमू कालाणी चौराहे पर सुंदरीकरण कार्य तेजी से चल रहा है काम पूरा न हो पाने के कारण इसका उद्घाटन कार्यक्रम थोड़े समय के लिय आगे बढ़ा दिया गया है।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पहला व्यावसायिक संचालन कल से



- गुवाहाटी (कामाख्या) से हावड़ा तक ट्रेन 972 किलोमीटर की दूरी 14 घंटे में तय करेगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 2019 में वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ के लगभग छह साल बाद, भारत गुरुवार (22 जनवरी, 2026) को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की पहली व्यावसायिक यात्रा का अनुभव करने जा रहा है। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रेन का संचालन पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) जोन द्वारा किया जाएगा। गुवाहाटी (कामाख्या) से हावड़ा तक की यह ट्रेन 972 किलोमीटर की दूरी 14 घंटे में तय करेगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, एक ट्रेन (ट्रेन संख्या 27576) शाम 6:15 बजे कामाख्या स्टेशन से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 8:15 बजे हावड़ा पहुंचेगी। यह 972 किलोमीटर की दूरी 14 घंटे में तय करेगी। दूसरी ट्रेन (ट्रेन संख्या 27575) शाम 6:20 बजे हावड़ा से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 8:20 बजे कामाख्या पहुंचेगी।

गौरतलब है कि कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस (27576) बुधवार (21 जनवरी) को नहीं चलेगी और हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस (27575) गुरुवार (22 जनवरी) को नहीं चलेगी। गुवाहाटी (कामाख्या) से हावड़ा तक चलने वाली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस में टियर 1-एसी का टिकट मूल्य 3,855 निर्धारित किया गया है। वहीं, टियर 2-एसी और टियर 3-एसी का टिकट मूल्य क्रमशः 3,145 और 2,435 है। हावड़ा से कामाख्या के लिए बुकिंग करने पर भी यही शुल्क लागू होने की संभावना है। कामाख्या और हावड़ा स्टेशन के बीच चलने के दौरान, नवनिर्मित वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस मार्ग पर 13 स्टॉपेज देखेगी। इनमें रंगिया, न्यू बोंगाईगांव, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कूच बिहार, जलपाईगुड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, अलुआबारी रोड, मालदा टाउन, न्यू फरक्का, अजीमगंज, कटवा, नवद्वीप धाम और बंदेल शामिल हैं।

रेलवे के अनुसार, यदि कोई यात्री ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से आठ घंटे से कम समय पहले टिकट रद्द करता है, तो उसे कोई रिफंड नहीं मिलेगा। ये नए नियम तब से लागू हैं जब रेलवे ने ट्रेन के प्रस्थान समय से आठ घंटे पहले चार्ट तैयार करना शुरू किया। इसी प्रकार, बुकिंग के बाद किसी भी समय टिकट रद्द करने पर 25% की कटौती लागू होगी। इसके अलावा, ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से 72 घंटे से लेकर आठ घंटे पहले तक रद्द करने पर 50% का शुल्क लागू होगा। टिकट रद्द करने की अद्यतन दरें इस प्रकार हैं: टियर-1 एसी के लिए 240, टियर-2 एसी के लिए 200, टियर-3 एसी के लिए 180, स्लीपर के लिए 120 और द्वितीय श्रेणी के लिए 60। ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से 48 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर निम्नलिखित शुल्क लागू होंगे।

रेल मंत्रालय के अनुसार, मौजूदा सरायघाट एक्सप्रेस (12345/12346) 15 पड़ावों के साथ यह यात्रा 17 घंटे में पूरी करती है। इसकी तुलना में, वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस से अनुमानित यात्रा समय में तीन घंटे की कमी आएगी। इसके अलावा, इस नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन से प्रभावित होने वाले जिलों में असम राज्य के कामरूप महानगरपालिका और बोंगाईगांव, और पश्चिम बंगाल राज्य के कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, मालदा, मुर्शिदाबाद, पूर्वी बर्धमान, हुगली और हावड़ा शामिल हैं। इस ट्रेन में 16 कोच होंगे, जिनमें 11 थ्री-टियर एसी कोच, 4 टू-टियर एसी कोच और 1 फर्स्ट-क्लास एसी कोच शामिल हैं, जिनकी कुल क्षमता लगभग 823 यात्रियों की होगी।

## अब हाइटेक ड्रोन से सुलझेगी रेल हादसों की गुत्थी

**लखनऊ।** किसी भी रेल हादसे के बाद उसकी जांच अब और गहन तरीके से होगी। रेलवे अधिकारी हादसे के बाद परंपरागत तरीके से जांच की जगह नए पहलुओं से भी उसकी पड़ताल करेंगे। इसके लिए छोटे-बड़े सभी हादसों के बाद घटनास्थल का ड्रोन से रिकॉर्डिंग कर साक्ष्य एकत्र होंगे। रेलवे बोर्ड ने पूर्वोत्तर रेलवे सहित सभी जोन को इसे लेकर दिशा निर्देश जारी किए हैं। वर्ष 2024 में गोंडा हुए चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस हादसे के बाद रिपोर्ट के साथ जांच के तरीके में बदलाव करने की संस्तुति की गई थी। हादसे के समय राहत कार्य पहुंचाने वाली दुर्घटना राहत ट्रेन (एआरटी) के कर्मचारियों को फॉरेंसिक विशेषज्ञों से वीडियोग्राफी, साइट अवलोकन की रिकॉर्डिंग एवं साक्ष्यों के संरक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एआरटी में बचाव व राहत कार्य से जुड़े उपकरणों के साथ-साथ ड्रोन कैमरे भी रखे जाएंगे। हादसे बाद अवरुद्ध रूट पर यातायात को बहाल करने और रिलेवल वीडियो तैयार किए जाएंगे। रोलिंग स्टाक को ऊपर से और स्पष्ट रूप से देखकर यह पता लगाया जाएगा कि कहीं हादसे कारण मैकेनिकल त्रुटि तो नहीं है। गोंडा हादसे के बाद रेल संरक्षा आयुक्त ने ऐसी ही कई संस्तुतियां रेलवे बोर्ड से की है। बोर्ड ने इन संस्तुति को स्वीकृति देते हुए सभी जोन को एआरटी और ड्रोन से जुड़े निर्देश जारी कर दिए हैं।

## सर्दी-कोहरे में पस्त हुईं रेल व विमान सेवाएं



**लखनऊ।** मौसम में उतार चढ़ाव के चलते हवाई और ट्रेन संचालन पर असर रहा। हालांकि यह एक सप्ताह के पहले के हालत से कम है। ट्रेनें जहां पर करीब साढ़े तीन घंटे तक लेट हुईं, वहीं प्लेन करीब दो घंटे तक लेट हुए। मंगलवार को सबसे अधिक लेट नई दिल्ली लखनऊ तेजस एक्सप्रेस रही। यह लखनऊ सोमवार रात 10:05 बजे आनी थी मगर आधी रात के बाद 1:20 बजे आई। गाड़ी संख्या 12004 नई दिल्ली-लखनऊ शताब्दी एक्सप्रेस 1:40 घंटा लेट रही। गाड़ी संख्या 12419 गोमती एक्सप्रेस सुबह 5:45 बजे की जगह शाम 7:08 बजे रवाना हुई। इनके अलावा जम्मूतवी-वाराणसी बेगमपुरा एक्सप्रेस 1:31 घंटा, बठिंडा-गोरखपुर गोरखधाम एक्सप्रेस 3:15 घंटे, लखनऊ मेल 1:17 घंटा, एसी एक्सप्रेस 2:23 घंटा, चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट 2:54 घंटा की देरी से आई।

मौसम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। कई जिलों में शीत लहर चली। मुजफ्फरनगर में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री दर्ज किया गया। यह प्रदेश में सबसे ठंडा जिला रहा। दूसरे नंबर पर 2.9 डिग्री तापमान के साथ मेरठ रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवा की दिशा पुनः परिवर्तित होकर उत्तरी पश्चिमी हो गई है। इससे बीते 48 घंटों के दौरान प्रदेश के ज्यादातर भागों में दिन और रात के तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी लखनऊ में इस सीजन का सबसे कम तापमान 5.6 डिग्री दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं न्यूनतम तापमान 4 डिग्री से काफी नीचे चले जाने से मेरठ, मुजफ्फरनगर और बरेली में शीतलहर चली। आगामी 48 घंटों के दौरान इसमें कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद एवं रुहेलखंड मंडल के जिलों में कहीं-कहीं आज रात भी शीतलहर के साथ पाला पड़ने की भी संभावना बनी हुई है। यद्यपि इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उत्तरी तराई इलाकों व सुदूर दक्षिणी इलाकों में कहीं-कहीं सुबह भोर के समय संभावित घने कोहरे के आसार हैं। लेकिन दिन चढ़ने के साथ तेजी से छंट जाने से दिन में धूप निकलेगी जिससे ठंड से मिलेगी। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि आगामी दो उत्तरोत्तर पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में 3-4 दिनों के दौरान 3-5 डिग्री की वृद्धि की संभावना जताई जा रही है। इससे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जारी वर्तमान शीत लहर के दौर से निजात मिल सकती है और कोहरे के क्षेत्रफल व घनत्व में बढ़ोतरी के आसार हैं। हालांकि दिन चढ़ने के साथ कोहरा छंटने से दिन में मौसम खुशगवार रहेगा। उक्त पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से 18 जनवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश हो सकती है जिसके अगले 2-3 दिनों के दौरान बढ़ने के आसार हैं।

## खराब मौसम व अन्य कारणों से ट्रेनें व दर्जन भर उड़ानें देरी का शिकार

**लखनऊ।** खराब मौसम और अन्य कारणों से ट्रेनों और विमानों का संचालन प्रभावित रहा। गोरखधाम एक्सप्रेस छह घंटे से अधिक की देरी से लखनऊ पहुंची। अमौसी एयरपोर्ट पर भी दर्जनभर उड़ानें देरी का शिकार हुईं। यात्री विकास कुमार ने बताया कि उनकी रात पौने बारह बजे लखनऊ से ट्रेन थी। लेकिन लेटलतीफी के चलते उनकी ट्रेन छूट गई। नई दिल्ली-लखनऊ गोमती एक्सप्रेस शुक्रवार रात पौन घंटे अमौसी स्टेशन पर खड़ी रही। ऐसे ही गाड़ी संख्या 11123 ग्वालियर-बरौनी एक्सप्रेस भी मानकनगर में रुकी रही। 12876 नीलांचल एक्सप्रेस कानपुर से लखनऊ पहुंचने में तीन घंटे लेट हुई। गोरखधाम एक्सप्रेस 6:30 घंटे, कैफियात एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, वैशाली एक्सप्रेस ढाई घंटे, लखनऊ मेल डेढ़ घंटे, एसी एक्सप्रेस एक घंटे, चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट सवा चार घंटे, शताब्दी एक्सप्रेस सवा दो घंटे, लखनऊ नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस ढाई घंटे तथा नई दिल्ली-लखनऊ तेजस एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे लेट रही। दूसरी ओर, मुंबई से लखनऊ आने वाली फ्लाइट 6ई-5264 सवा दो घंटे, 6ई-6937 एक घंटे, एआई-2491 आधे घंटे, दिल्ली से आने वाली 6ई-2107 आधे घंटे, 6ई-2172 सवा घंटे, गोवा से आने वाली 6ई-6811 आधे घंटे लेट रही। लखनऊ से मुंबई जाने वाली 6ई-6938 सवा घंटे, 6ई-6222 चालीस मिनट, गोवा जाने वाली 6ई-399 एक घंटे लेट पहुंची।

## टीम भावना के किसी लक्ष्य को पाना होता है आसान : प्रो. जेपी पाण्डेय



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के इनोवेशन हब यूपी फाउंडेशन की सेक्शन 8 कंपनी में नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में मंगलवार को ओरिएंटशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने सभी कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि कंपनी का लक्ष्य प्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को उच्च शिखर पर पहुंचाना है। ऐसे में यह लक्ष्य को पाना तभी संभव है जब कर्मचारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें। टीम के रूप में कार्य करके किसी भी लक्ष्य को आसानी से पाया जा सकता है।

विश्वविद्यालय नवाचार और उद्यमिता को आगे बढ़ाने के लिए क्षेत्र 8 कंपनी कलम सेंटर फॉर इन्नोवेशन एंड इनक्यूबेशन ऑफ स्टार्टअप्स भी चल रही है। इस मौके पर कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स वित्त अधिकारी केशव सिंह ने भी कर्मचारियों को इनोवेशन हब के बारे में बताया।

## अब कृत्रिम अंग के पार्ट्स (किट) बनायेगा पुनर्वास विवि

- अभी तक ओपेन मार्केट से किट खरीदकर बनते हैं कृत्रिम अंग
- विवि और सिपेट के बीच फरवरी में एमओयू होना प्रस्तावित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिव्यांगों के सशक्तिकरण की दिशा में डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय एक और बड़ी पहल करने जा रहा है। शिक्षा में दिव्यांगों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने वाला यह विश्वविद्यालय अब जल्द ही दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम अंगों के कई भागों का निर्माण भी अपने परिसर में करेगा। जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में कुलपति प्रो. संजय सिंह की पहल पर इस दिशा में ठोस कदम बढ़ाए गए। फरवरी में विवि और सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सिपेट) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) होना प्रस्तावित है। इसके बाद विवि में सिपेट के सहयोग से कृत्रिम पैर का पंजा सहित अन्य भाग (पार्ट्स) की निर्माण प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इसको लेकर सिपेट में आयोजित दो दिवसीय थ्रीडी प्रिंटिंग व




कम्प्यूटर एडेड डिजाइन (कैड) आधारित स्किल अपग्रेडेशन ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान विवि और सिपेट के अधिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवि के डीन एकेडमिक्स प्रो. वीके सिंह रहे, सिपेट लखनऊ के जॉइंट डायरेक्टर विवेक कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय, कृष्ण प्रताप सिंह और विवि के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र के कार्यशाला प्रबंधक डॉ. रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन मंगलवार को विश्वविद्यालय के एमपीओ और बीपीओ पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों को कैड-कैम और थ्रीडी प्रिंटिंग की तकनीकी ट्रेनिंग दी गई, जिससे वे डिजिटल तकनीक के माध्यम से कृत्रिम अंग तैयार कर सकें। ट्रेनिंग का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगार, एंटरप्रेन्योरशिप और स्टार्टअप के लिए भी तैयार करना है। अब तक विश्वविद्यालय को दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंगों के पार्ट्स ओपन मार्केट से खरीदने पड़ते थे, लेकिन एमओयू के बाद कई प्रमुख पार्ट्स यहीं तैयार किए जा सकेंगे।

गौतलब है कि विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केंद्र की ओर से दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे यह पहल न सिर्फ तकनीकी बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। इस बाबत कुलपति प्रो. संजय सिंह का कहना है कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना है। थ्रीडी प्रिंटिंग और आधुनिक तकनीक के माध्यम से कृत्रिम अंगों की गुणवत्ता बेहतर होगी और दिव्यांगों को समय पर सहायता मिल सकेगी। इससे हमारे विद्यार्थी भी तकनीकी रूप से दक्ष होंगे और रोजगार व स्टार्टअप की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे।

## डिब्रूगढ़ से गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पहुंची अमृत भारत का स्वागत

**लखनऊ।** गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की सुबह पहुंची गाड़ी सं0 05949 डिब्रूगढ़-गोमती नगर अमृत भारत उद्घाटन विशेष गाड़ी का रेलवे अधिकारियों ने स्वागत किया। लोको पायलटों, ट्रेन मैनेजरों और यात्रियों को मालाएं पहनाईं। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता ने बताया कि यह ट्रेन डिब्रूगढ़ से चलकर गुवाहाटी, कामाख्या, न्यू जलपाईगुड़ी, कटिहार, बरौनी, हाजीपुर, छपरा, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, अयोध्या धाम होते हुए लखनऊ पहुंचेगी। इस साप्ताहिक ट्रेन गाड़ी सं. 15949 का नियमित संचालन 30 जनवरी से किया जाएगा। डिब्रूगढ़ रेलवे स्टेशन से सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को रात्रि 21.00 बजे चलेगी। तीसरे दिन गोमतीनगर दोपहर 13.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 02 फरवरी से गाड़ी सं. 15950 गोमतीनगर-डिब्रूगढ़ अमृत भारत एक्सप्रेस गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से सप्ताह के प्रत्येक रविवार को 18.40 बजे चलेगी। तीसरे दिन डिब्रूगढ़ दोपहर में 12.40 बजे पहुंचेगी। इस अवसर पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक ओंकारनाथ वर्मा आदि रहे।

## डॉ विवेक सिंह तोमर ने शाखा प्रतिनिधि के लिए किया नामांकन



**लखनऊ।** भूमि विकास बैंक शाखा सदर लखनऊ की शाखा प्रतिनिधि के पद के लिए डॉ विवेक सिंह तोमर उपाध्यक्ष लखनऊ महानगर नामांकन किया। इस अवसर पर डॉ विवेक सिंह तोमर ने कहा कि जनता की सेवा करना ही हमारा परम धर्म है। प्रदेश में योगी सरकार किसानों, महिलाओं व नौजवानों के लिए अनेक जनकल्याणकारी कार्य कर रही है। इस अवसर पर लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि आज प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है जिसका विकास ना हो रहा हो। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा उमेश सिंह ने कहा कि जनता का काम ही हमारे लिए सर्वोपरि है। आज पूरे प्रदेश में व्यापारियों, किसानों, नौजवानों व महिलाओं के हितों के लिए अनेक जनकल्याणकारी कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक ही मकसद है कि देश का हर नागरिक हर मोर्चे पर आगे बढ़े। इस अवसर पर प्रमुख रूप से लखनऊ उत्तर से विधायक डॉ. नीरज बोरा, लखनऊ पूर्व से विधायक ओपी श्रीवास्तव, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, हैफेड के अध्यक्ष नवलेश प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष उमेश सिंह, सुरेश प्रताप सिंह चौहान प्रदेश सदस्य किसान मोर्चा, अंजनी श्रीवास्तव, हर शरण लाल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वन डिस्टिक वन इको टूरिज्म साइट के लिए परियोजना करें तैयार

- वन मंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना ने अध्यक्षता में बैठक हुई आयोजित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म कार्यों समुचित गति दिये जाने के उद्देश्य से विचार-विमर्श के लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरूण कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में उप्र वन निगम मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में अनिल कुमार, प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सुनील चौधरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, अनुराधा वैमुरी,



प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं अरविन्द कुमार सिंह, प्रबन्ध निदेशक, उप्र वन निगम, पुष्प कुमार के., निदेशक, पर्यटन के साथ उप्र वन विभाग मुख्यालय व उप्र वन निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में समस्त मुख्य वन संरक्षक/वन संरक्षक तथा प्रभागीय वनाधिकारी गणों द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

बैठक में मंत्री द्वारा बैठक में वर्चुअल रूप से उपस्थित प्रभागीय वनाधिकारियों को वन डिस्टिक वन इको टूरिज्म साइट तथा वन डिस्ट्रिक वन वैटलेण्ड योजना के तहत प्रत्येक जनपद में कम से कम एक परियोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया तथा 02 फरवरी को बुंदेलखण्ड जोन में होने वाले विश्व आर्दभूमि दिवस की तैयारी समयान्तर्गत पूर्ण करने आह्वान किया गया।

बैठक में वर्तमान में विभिन्न जिलों के लिए स्वीकृत परियोजनाओं के क्रियान्वयन, वन विभाग व पर्यटन विभाग के मध्य इको-पर्यटन परियोजनाओं के लिए समन्वय स्थापित किये जाने एवं क्रियाशील परियोजनाओं को गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए पूर्ण कराने के निर्देश भी दिये गये।

## योजनाओं से वंचित न रहें दिव्यांगजन : मंत्री नरेन्द्र कश्यप

- राज्य सलाहकार बोर्ड की सातवीं बैठक में दिव्यांगजनों से जुड़े अहम नीतिगत निर्णय

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को योजना भवन स्थित सभाकक्ष में दिव्यांगता पर गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की सातवीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, विधायकों एवं बोर्ड के सदस्यों द्वारा दिव्यांगजनों के हित में अनेक महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन पर गहन विचार-विमर्श करते हुए नीतिगत निर्णय लिए गए।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने निर्देश दिये कि केंद्र व प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिव्यांगजनों तक समयबद्ध, निष्पक्ष और बिना किसी बाधा के पहुंचाया जाए। मंत्री ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 11 लाख से अधिक दिव्यांगजनों को 1000 रुपये प्रतिमाह, अर्थात 12,000 रुपये वार्षिक भरण-पोषण पेंशन प्रदान की जा रही है, जबकि वर्ष 2017 से पूर्व यह राशि मात्र 300 रुपये प्रतिमाह थी। उन्होंने कहा कि पेंशन भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक में दिव्यांगजनों के निःशुल्क आवागमन, रोडवेज बसों में आरक्षित सीटों के पालन, कॉक्लियर इम्प्लांट के बाद उसके रख-रखाव, तथा दिव्यांगजनों की वास्तविक स्थिति के आकलन के लिए एक समग्र डेटा प्रणाली विकसित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के सभी 18 मंडलों में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) स्थापित करने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका है, जिससे दिव्यांगजनों को उपचार, उपकरण मरम्मत और परामर्श की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेगी। बोर्ड के सदस्यों ने इस निर्णय की सराहना की।

बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों, अधिकारियों और सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मंत्री ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से उत्तर प्रदेश को दिव्यांगजन-सशक्त राज्य बनाया जाएगा। बैठक में विधायक ध्रुव त्रिपाठी, रामवीर सिंह एवं देवेंद्र प्रताप सहित राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्यगण की उपस्थिति रही। इसके अलावा प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा, विशेष सचिव अमर नाथ उपाध्याय, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन हिमांशु शेखर झा सहित विभागीय एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## भाकियू ने उठायी गन्ना मूल्य 550 प्रति क्विंटल किये जाने की मांग

- बुआई के समय किसानों को सरकारी मूल्य पर उपलब्ध कराये खाद
- 13 सूत्री मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) ने मुख्यमंत्री को प्रेषित किया ज्ञापन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के बैनर तले मंगलवार को लखनऊ के यूपी प्रेसक्लब में किसानों ने 13 सूत्री मांगों और समस्याओं को लेकर प्रेसवार्ता की, जिसमें यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अनिल तालान और राष्ट्रीय सचिव राम प्रकाश सिंह, प्रदेश प्रभारी ठाकुर, तारा सिंह बिष्ट के नेतृत्व में सैंकड़ों किसानों ने मांगो को लेकर आवाज बुलंद की और अपना मांग पत्र ज्ञापन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित कर अनुरोध व्यक्त किया कि शीघ्र ही किसानों की मांगों पर मुख्यमंत्री द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

इनकी मांगे उप्र के समस्त जिलों में डीएपी और यूरिया किसानों को बुआई के समय पर नहीं मिलती है तथा बाजार में निर्धारित मूल्य से काफी अधिक कीमत पर खाद बेचकर विक्रेताओं के द्वारा किसानों से अवैध वसूली की जा रही है। रबी फसल की बुआई समय किसानों को पर्याप्त मात्रा में न्यूनतम सरकारी मूल्य पर खाद उपलब्ध करायी जाए। किसान दुर्घटना बीमा में परिवार को इकाई माना जाये, हमारे देश में परम्परा है जब तक पिता जीवित है तब तक जमीन संतान के नाम नहीं आती जबकि 80 वर्षीय बुजुर्ग पिता खेती में कार्य करने नहीं जाते, परिणाम यह होता है कि खाता धारक किसान के अतिरिक्त उसके पुत्रों आदि की मृत्यु पर किसान होने के बाद भी मृतक को किसान दुर्घटना बीमा का लाभ नहीं मिलता।

वर्ष 2012 से बाजार की सभी वस्तुएं की कीमत काफी बढ़ गयी हैं, सरकार से अनुरोध है कि किसान दुर्घटना बीमा की राशि को दो-गुना किया जाएं। मृतक आश्रित में सरकार के द्वारा एक आदेश हुआ जिसमें मृतक आश्रित के भाई को भी नौकरी देने की बात की गयी थी। परन्तु सरकार के द्वारा मृतक आश्रित संशोधन नियम में परिवर्तन किया गया है। उम्र




की सीमा मृतक आश्रित की क्रियान्वयन तारीख तक उम्र का लाभ दिया जाये। बाढ़ आपदा व सूखा में किसानों को फसल बीमा का सम्पूर्ण लाभ दिया जाये व प्राकृतिक आपदा के कारण प्रान्तीय सरकार व केन्द्र सरकार के द्वारा 25000 रुपये प्रत्येक किसान को मुआवजा दिया जाये। कृषि ऋण को किसानों की सिविल में न जोड़ा जाए। किसानों के बच्चों को शिक्षा ऋण नहीं मिलता है जबकि किसान देश की रीढ़ की हड्डी माने जाते है। किसानों को भी शिक्षा ऋण के दायरे में लाया जाये।

किसान एवं मजदूरों की घरेलू बिजली 400 यूनिट निःशुल्क की जाये और बिजली चेकिंग के नाम पर किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाये। उप्र के किसानों को 550 रुपये प्रति कुंटल गन्ने का रेट दिया जाये। भाजपा ने 2017 के चुनाव से पूर्व 450 रुपये प्रति कुंटल किसान को गन्ना मूल्य देने के लिए आश्वासन दिया था। आपकी सरकार 2017 से आज तक 9 वर्षों से सत्तासीन है इसलिए भारतीय किसान महात्मा टिकैत संगठन सरकार से अनुरोध करता है कि आप गन्ना मूल्य पर अपने वादे को व 9 वर्षों की मंहगाई को देखते हुए 550 रुपये प्रति कुंटल का मूल्य किसान को दें।

उप्र में जितनी भी नदिया है सबको अभियान चलाकर एक दूसरे से जोड़ दिया जाए जिससे प्रदेश में न तो बाढ़ आयेगी और न ही सूखा रहेगा। इससे जनता जर्नादन को लाभ मिलेगा और मछली पालन में भी व्यापारियों व किसानो को लाभ मिलेगा। 2022 के घोषणा पत्र में भाजपा द्वारा एक हजार करोड़ रुपये का प्रदेश के किसानो से आलू, टमाटर, प्याज जैसी सभी फसलो के न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने का वादा किया था जो अभी तक पूरा नही किया गया है। तत्काल रूप से वादे को पूरा किया जाए आलू, टमाटर, प्याज उत्पादक किसान काफी समय से बड़े घाटे को झेलते चले आ रहे है अपने घोषणा पत्र में किये गये वादे के अनुसार किसानो को न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलाने का कार्य किया जाए।

भूमि अधिगृहण में 2013 भूमि अधिगृहण एक्ट का क्रियान्वयन अतिआवश्यक है और जिस जिले के किसी भी क्षेत्र में कई वर्षों से सर्किल रेट नही बढ़ाये गये है वहा के सर्किल रेट को पूर्व अवधि से रूके हुए व वर्तमान तक बढ़ाया जाए। प्रदेश के प्रत्येक जिले में किसान दिवस का आयोजन किया जाए जैसे लखनऊ में राजधानी होने के बावजूद किसान दिवस का आयोजन नहीं किया जा रहा है।

## यूपी बोर्ड के छात्रों को नाम, जन्मतिथि सुधार का अंतिम मौका मिला

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 2026 में पंजीकृत छात्र-छात्राओं को बोर्ड ने शैक्षिक प्रपत्रों में सुधार का आखिरी मौका दिया है। इस अवसर के अन्तर्गत छात्र-छात्राएं नाम, जन्मतिथि, माता पिता के नाम में संशोधन करा सकेंगे। जेंडर व जाति में यदि कोई गलती की आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) को पत्र जारी किया है। इसमें 25 जनवरी तक सभी स्कूलों प्रधानाचार्यों को डीआईओएस कार्यालय में छात्र का शुद्ध आवेदन पत्र जमा कराना होगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद से पत्र जारी होने के डीआईओएस ने सभी स्कूलों के प्रधानाचार्य को पत्र भेजते हुए तय तिथि में कार्यालय को आवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। ऐसा नहीं करने पर स्कूल और छात्र अपने गलत शैक्षिक प्रपत्र के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। निदेशक माध्यमिक शिक्षा परिषद ने अपने पत्र में कहा है कि परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए परिषद की वेबसाइट पर प्रधानाचार्यों द्वारा छात्र/छात्राओं के अपलोड की गई त्रुटियों को ऑनलाइन माध्यम से सही कराया गया था। वहीं परीक्षार्थियों के पूर्ण नाम, माता/ पिता के नाम, जन्मतिथि को संशोधित कराने के लिए प्रधानाचार्यों के माध्यम से प्राप्त ऑफलाइन आवेदन पत्रों को क्षेत्रीय कार्यालय की संस्तुति के आधार पर संशोधन का अवसर प्रदान किया गया। इसके बावजूद भी परीक्षार्थियों के विवरण संशोधित नहीं हुये हैं। जिसके बाद अंतिम अवसर देते हुए 25 जनवरी तक सही प्रपत्र जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

संक्षेप

## एक लाख की नगदी और आभूषण चोरी

**कुबेरस्थान, कुशीनगर।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बतरौली बाजार में रविवार को रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी व जेवरात पर हाथ साफ किया, चोरों ने घर में घुसकर करीब एक लाख रुपए नगद और सोने चांदी के आभूषण चोरी कर लिये। जानकारी के अनुसार ग्राम बतरौली बाजार निवासी मुन्ना गुप्ता पुत्र नरसिंह गुप्ता अपने घर से पश्चिम दिशा में मकान बनाकर रहते हैं, रोज की तरह रविवार की देर रात भोजन के बाद परिवार के सभी सदस्य सोने चले गए। इसी दौरान रात में अज्ञात चोर सीढ़ी के सहारे घर में घुस आए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। सोमवार की सुबह करीब 8:00 बजे जब परिजन नींद से जागे और छत पर गए तो वहां सामान बिखरा देख घटना की जानकारी हुई। इसके बाद घर में रखे नगद रुपए और जेवरात की तलाशी की गई तब पता चला कि बैग में रखे एक लाख नगद और सोने चांदी के आभूषण चोरी हो चुके हैं। मुन्ना गुप्ता की लड़की की 12 फरवरी को शादी है, घटना की सूचना गृह स्वामी ने डायल 112 पर दी। 112 की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। इस संबंध में थाना अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## एमडीएम का पैसा न मिलने पर शिक्षक नहीं बनवायेंगे भोजन

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की मासिक बैठक का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय चक अहमदपुर में किया गया। रायबरेली की संयुक्त कार्यसमिति की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व जनपदीय संरक्षक समर बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी विकास क्षेत्रों के अध्यक्ष, मंत्री व जनपदीय कार्यसमिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। संगठन के विस्तार, जनपदीय अधिवेशन, चुनाव, सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह के आयोजन तथा अन्य शिक्षक समस्याओं यथा समायोजन, आरक्षित वर्ग के साथियों के चयन वेतनमान स्वीकृति, लेखा पर्ची न मिलने, परिवर्तन लागत की अनुपलब्धता आदि विषयों पर वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शिक्षक अपने निजी व्यय से मध्यान्ह भोजन नहीं बनवाएंगे। परिवर्तन लागत न होने पर नियमानुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर मध्यान्ह भोजन बनवाना बन्द कर दिया जाएगा। परिवर्तन लागत उपलब्ध हो जाने पर पुनः योजना का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह, जनपदीय उपाध्यक्ष सुरेन्द्र वर्मा, नागेन्द्र सिंह, उत्तम सोनी, विक्रमादित्य सिंह, साधना शर्मा, मंत्री पन्नालाल, राही अध्यक्ष रमेश सोनकर, सतांव अध्यक्ष उमाशंकर चैधरी, मंत्री योगेंद्र यादव, अमावां अध्यक्ष सुरेश सिंह, मंत्री सूर्य प्रकाश, हरचंदपुर अध्यक्ष सूर्य प्रकाश गौतम, कोषाध्यक्ष खुर्शीद अहमद, आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## मेले की तैयारियां पूरी

**महराजगंज,रायबरेली।** क्षेत्र के मोन गांव स्थित बाबा ओरीदास मंदिर पर हर साल बसंत पंचमी के मौके पर लगने वाले प्रसिद्ध मेले की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस बार आयोजक मंडल के अध्यक्ष ग्राम प्रधान श्याम कला और उनके प्रतिनिधि अमरेश कुमार इसे और भी बड़े स्तर पर लगाने की तैयारी में है। मोन गांव स्थित ओरीदास मंदिर में बसंत पंचमी के दिन से मेले की शुरूआत होगी।

# रोजगार गारंटी योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

## कुशीनगर में मनरेगा घोटाला : मजदूर गायब, सरकारी धन का बंदरबांट



जिला संवाददाता (vol)

**कुशीनगर।** जनपद के विशुनपुरा ब्लॉक के ग्राम सभा सिंगापट्टी में मनरेगा योजना के तहत चल रहे मिट्टी कार्य में खुला भ्रष्टाचार और घोटाला उजागर हुआ है। मौके की तस्वीरें और ग्रामीणों की गवाही इस बात को चीख-चीख कर ढिंढोरा पीट रही हैं कि सरकारी योजनाओं का पैसा अब लाल फीताशाही और अधिकारियों की लूट का जरिया बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि काम के नाम पर एक भी मजदूर मौजूद नहीं, फिर भी मनरेगा पोर्टल पर 137 मजदूरों की हाजिरी दर्ज दिखाई जा रही है। ऐसे मे कहना मुनासिब है कि फर्जी हाजिरी, बिना काम भुगतान और धन का बंदरबांट होना न सिर्फ भ्रष्टाचार है बल्कि गरीब मजदूरों के हक की खुली लूट और कानून का उल्लंघन भी है। बतादे कि महात्मा गांधी रोजगार योजना (मनरेगा) का मुख्य उद्देश्य गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराकर शहरों की ओर मजबूरी में होने वाले पलायन को रोकना व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। मनरेगा के तहत गांव मे मिट्टी कार्य, तालाब, पोखरा, चकमार्ग, जल संरक्षण, सिंचाई, वृक्षारोपण, भूमि सुधार जैसे कार्य कराने का प्राविधान है ताकि लंबे समय तक गांव के लोगो लाभ मिल सके।

**जमीन पर मजदूर नदारद, कागजों मे खेल:** सिंगापट्टी गांव की बात करे तो 16 जनवरी को बांसी पिच से मदन गुप्ता के खेत तक चकमार्ग पर 24 मजदूर, हरीश कुशवाहा के घर से गंभीरिया बॉर्डर पिच पटरी पर 68 मजदूर और बंसी टोला से रामघाट बॉर्डर तक 39 मजदूरो से मिट्टी कार्य करवाने का दावा किया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि कोई काम नहीं हुआ और ना ही इन साइडो पर कोई मजदूर 16 जनवरी को दिखाई दिये। यह बात दीगर है कि कागजों और फोटो के खेल मे फर्जी मजदूरी व अन्य खर्च के नाम पर लाखो रुपये जेब मे भरने का खेल चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल औपचारिकता निभाने के लिए फोटो खिंचवाई जाती हैं, और कागजों में फर्जी हाजिरी लगाकर सरकारी धन को बडी ही चतुराई से बेखौफ लूटा जा रहा है। इस पूरे खेल में रोजगार सेवक, पंचायत प्रतिनिधि और ब्लाक से लगायत जिले के मनरेगा अधिकारी की संलिप्तता बतायी जा रही है, जो गरीब मजदूरों के हक पर खुलेआम डाका डाल रहे हैं। आक्रोशित ग्रामीण कहते हैं ?हमारे पसीने और मेहनत का पैसे को अधिकारी फोटो और कागजों के खेल खेलकर चट कर रहे हैं। मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा, सिर्फ उनके नाम पर धन की लूट की जा रही है।

**डीसी मनरेगा बोले:** इस संबध मे डीसी मनरेगा राकेश कुमार से बातचीत किया गया तो उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान मे और वह इसकी जांच करा रहे है। उन्होंने अश्वस्त किया किया दोषी किसी कीमत पर बक्शे नही जायेगें।

**प्रदेश मे हुए मनरेगा घोटाले मे की गयी कार्रवाई:** सूबे के बरेली में मनरेगा में फर्जीवाड़ा करते पाए जाने पर ग्राम प्रधान के वित्तीय अधिकार तुरंत सीज कर दिए गए। दोषी ग्राम प्रधान के साथ तत्कालीन सचिव छेदा लाल, सचिव शालिनी वर्मा, अजय वंश तथा भगवान दास जैसे कर्मियों के खिलाफ सीडीओ ने डीएम के आदेश पर कार्रवाई किया था। कानपुर-बिल्हौर के रहीमपुर-करीमपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजनाओं में लगभग 12 लाख रुपये के घोटाले के मामले मे जांच अधिकारी की रिपोर्ट पर बीडीओ प्रधान व तकनीकी सहायक पर मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके साथ ही बीडीओ के खिलाफ निलंबन व तकनीकी सहायक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी और कंप्यूटर ऑपरेटर की सेवा समाप्ति की कार्रवाई की गयी थी। इसके अलावा घोटाले की धनराशि वसूली का निर्देश भी जारी किया गया। इसी कडी मे कानपुर के बिल्हौर ब्लॉक में मनरेगा के फर्जी विकास कार्यों की जांच के बाद ग्राम प्रधान सहित 15 लोगों पर कड़ी कार्रवाई की गई। इन आरोपितों में ग्राम प्रधान, तीन सचिव, दो तकनीकी सहायक, लेखा सहायक एवं अन्य शामिल हैं। हरदोई जिले के अजबागजाधरपुर गांव में मनरेगा घोटाले में 45 लाख रुपये से अधिक की अनियमितता पाई गई। जिला प्रशासन ने ग्राम प्रधान रीतू समेत दस कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए वसूली के स्पष्ट आदेश जारी किए। विशुनपुरा ब्लॉक का सिंगापट्टी गांव एक बानगी है कुशीनगर जिले मे मनरेगा की जमीन पर फर्जीवाड़ा हो रहा है, मजदूरों को दरकिनार किया जा रहा है और सरकारी धन की खुली लूट जारी है। सिंगापट्टी में मनरेगा घोटाले का खुलासा होने के बाद शासन- प्रशासन के जिम्मेदार भ्रष्टाचार की इस फैक्ट्री पर नकेल कसते है या फिर जांच के नाम पर फाइलों को टेबल दर टेबल घुमाकर मामले दफन कर देते है।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कुशीनगर।** जिला प्रोवेशन अधिकारी ने बताया कि कसया तहसील प्रांगण में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान लखनऊ से आई टीम द्वारा बाल विवाह एवं बेटी बचाओझबेटी पढ़ाओ की थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित अधिवक्ताओं एवं आम जन मानस को बाल विवाह न करने का सशक्त संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम के डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर नलिन सिंह द्वारा बाल विवाह पर विशेष चर्चा करते हुए इसके दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा उपस्थित जनमानस को अपने बच्चों का बाल विवाह न करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही आमजन से अपील की गई कि यदि किसी स्थान पर कम उम्र (लड़का 21 वर्ष, लड़की 18 वर्ष) में विवाह की जानकारी हो तो उसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 112 अथवा 181 पर तत्काल दें। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग की जेंडर स्पेशलिस्ट श्रीमती बंदना कुशवाहा द्वारा विभाग द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों से योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। साथ ही प्रदेश में संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1098, 181, 1090, 112, 108 एवं 102 की उपयोगिता के संबंध में भी जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कसया बस स्टेशन, बुद्धा पी.जी. कॉलेज एवं बुद्ध परिनिर्वाण स्थल, कुशीनगर पर भी आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समापन पर उप जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त जनमानस को बाल विवाह न करने की शपथ दिलाई गई तथा महिला कल्याण विभाग से संबंधित कैलेंडर एवं पंपलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग से श्रीमती बंदना गुप्ता, चाइल्ड एजुकेटर, त्रिलोकिनाथ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में आम जन मानस उपस्थित रहा।

## पुलिस महानिदेशक ने आदर्श थाना दक्षिण का वर्चुअल लोकार्पण किया



**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पुलिसकर्मियों की मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने के क्रम में विशेष योजना के तहत एवं मनीष असीजा विधायक सदर फिरोजाबाद के सहयोग से जनपद फिरोजाबाद स्थित नवनिर्मित आदर्श थाना दक्षिण का राजीव कृष्ण, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस हैडक्वार्टर लखनऊ स्थित सिग्नेचर बिल्डिंग से वर्चुअल लोकापर्ण किया गया। नवनिर्मित आर्दश थाना दक्षिण के लोकार्पण कार्यक्रम में अनुपमा कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा को शैलेश कुमार पांडेय पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा एवं सौरभ दीक्षित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थिति में महिला पुलिस द्वारा गार्द सलामी दी गयी, तत्पश्चात अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा नवनिर्मित आदर्श थाना दक्षिण के भवन का भौतिक निरीक्षण किया गया जिसमें भूतल पर थाना कार्यालय प्रभारी निरीक्षक कक्ष मिशन शक्ति केन्द्र साइबर हेल्प डेस्क विवेचना कक्ष शस्त्रागार बंदी गृह पुरुष महिला शौचालय गैराज कैन्टीन जनरेटर कक्ष स्थित है। अनुपमा कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा शैलेश कुमार पांडेय पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा एवं सौरभ दीक्षित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद ने पुलिस महानिदेशक का धन्यवाद व्यक्त कर आभार प्रकट किया।

# डीएम ने किया जसराना तहसील व नगर पंचायत का औचक निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने तहसील जसराना व नगर पंचायत जसराना का औचक निरीक्षण किया, सर्व प्रथम डीएम तहसील जसराना पहुंचे, इस दौरान उन्होंने तहसील के विभिन्न पटलों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया और राजस्व कार्यो की समीक्षा की, निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक कार्यों में शिथिलता और वित्तीय लक्ष्यों के अपूर्णतः पर डीएम ने कड़ा रुख अपनाया, निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने प्रत्येक पटल पर जाकर राजस्व अभिलेख और पत्रावलियों की जांच की और अधिकारियों को लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए, ई-परवाना नवीस अनुभाग की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि राजस्व वसूली लक्ष्य के सापेक्ष कम है, जिलाधिकारी ने कम वसूली पर गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित कार्मिकों को चेतावनी दी, यदि निर्धारित समय में सुधार नहीं हुआ, तो कठोर कार्यवाही की जाएगी, मत्स्य पालन आवंटन के




कार्यों की समीक्षा करते हुए इसकी प्रक्रिया और गुणवत्ता पर असंतोष व्यक्त किया और यहां पर कार्यरत दो रजिस्ट्रार-कानूनगो, सुशील कुमार व नेत्रपाल सिंह को चार्जशीट देने की बात कही, उन्होंने एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को निर्देशित किया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के बैठने की समुचित व्यवस्था हो, इसके लिए अलग-अलग केबिनों का निर्माण यहां कराया जाए, अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जनता की समस्याओं और समाधान का राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति शासन की प्राथमिकता है।

इसके पश्चात डीएम रमेश रंजन द्वारा नगर पंचायत जसराना का एडीएम विशु राजा के साथ निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान डीएम ने सर्वप्रथम नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में लगी महापुरुषों की प्रतिमाओं के पास व्याप्त गंदगी को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की, महापुरुषों की मूर्तियों की इस दुर्दशा पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई, उन्होंने कहा कि देश के गौरवशाली महापुरुषों की प्रतिमाओं के प्रति ऐसी लापरवाही अक्षम्य है, डीएम ने मौके पर निर्देश दिया कि 24 घंटे के भीतर सभी मूर्तियों की साफ-सफाई व रंग रोगन किया जाए, निरीक्षण के दौरान डीएमने रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को भी परखा और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि यहां रुकने वाले नागरिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, बिस्तर इत्यादि की समुचित व्यवस्था हो। इसके अलावा डीएम ने यहां प्रमुख दो राजकीय इंटर कॉलेजों में पुस्तकालय स्थापना के भी निर्देश दिए, जिससे यहां के युवा प्रतिभाओं को अध्ययन हेतु अन्यत्र कहीं नहीं जाना पड़े, इसके अलावा डीएमने वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत कराये गये कार्यों की भी समीक्षा की उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरे, स्मार्ट पार्किंग, वर्किंग वूमेन हॉस्टल इत्यादि का कार्य कराया जाना है, इस योजना के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से इसके कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। इसके पश्चात डीएम जसराना के टीकतपुरा क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन में स्थित प्राचीन महादेव मंदिर के प्रांगण में चल रहे सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के कार्यों का निरीक्षण करने गए, उन्होने यहां पर कराए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता को परखा, साथ ही कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, डीएम ने कहा कि आने वाले समय में धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से यह क्षेत्र महत्वपूर्ण साबित होगा, उन्होंने कहा कि मंदिर के सौंदर्यीकरण से न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और दर्शनार्थियों के लिए आवागमन के रास्तों को और सुदृढ़ीय बनाने पर जोर दिया।

## मीना मंच के सुगम कर्ता शिक्षक और शिक्षिकाओं की कार्यशाला आयोजित

**अमेठी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र अमेठी और भादर में मीना मंच के सुगम कर्ता शिक्षक शिक्षिकाओं की दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को सम्पन्न हुई। प्रशिक्षण में दो दिनों में कुल 12सत्र आयोजित किए गए। छः कामिक्स बुक पर चर्चा हुई। शिक्षक शिक्षिकाओं को मीना मंच के गठन और उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई।पाक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी गई।यौन शोषण से बचाव के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं को बालिकाओं को प्रशिक्षित करने के तरीके सिखाए गए। समूह चचाएं भी आयोजित की गई।प्रशिक्षण में दूसरे दिन ब्लाक संसाधन केंद्र भादर में एस आर जी अमिता मिश्र ने पास्को ? एक्ट , अरमान माड्यूल और अपने स्कूल में बदलाव की कहानी विषय पर बड़े समूह में चर्चा की।उन्होंने कहा कि मीना मंच की बैठक हर शनिवार को होती है।

बैठक में सुगम कर्ता शिक्षक शिक्षिकाओं को बालिकाओं में नेतृत्व विकास, परस्पर संवाद, समस्या का समाधान करना, निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने और समय प्रबंधन के तरीके सिखाने के लिए प्रशिक्षित किया गया।ट्रेनर गरिमा यादव ने छः कामिक्स का प्रस्तुतीकरण कराया।यह चर्चा बाडी टाक शारीरिक बनावट, और ,बेटी बेटा विभेद समाप्त करने , संतुलित आहार और बाल अपराध पर आधारित रही।कार्यशाला के दौरान स्कूल हर दिन आए, आओ परिवेश बदले, एक कदम स्वच्छता की ओर, चुप्पी तोड़ो, रंग लाल-खतरे का निशान, स्वस्थ जीवन की कुंजी आदि विषयों पर चर्चा सत्र आयोजित करके सुगम कताओं को साप्ताहिक गतिविधियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

# रायबरेली प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ

- टूर्नामेंट का उद्धाटन राहुल गांधी और किशोरीलाल शर्मा के कर कमलों से हुआ

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी व यूथ स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद राहुल गांधी और सांसद अमेठी किशोरीलाल शर्मा के कर कमलों से हुआ। मुख्य अतिथि का स्वागत यूथ स्पोर्ट्स अकादमी के सचिव सिविल रावत ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया व विकास सिंह द्वारा मुख्यातिथि का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। टूनामेंट का पहला मैच नगरपालिका एकादश व मुसीर दबंग के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि राहुल गांधी ने सिक्का उछाल कर टॉस कराया। टॉस जीतकर मुसीर दबंग ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। वहीं बल्लेबाजी का न्योता मिलने वाली नगरपालिका एकादश ने परिपक्व खेल का प्रदर्शन करते हुए अनुज परिहार 36 गेंद खेलकर ताबड़तोड़ 83 रन बनाए। वहीं उनका साथ देने उतरे अंकुर शुक्ला ने 16 गेंदों पर 39 रनों की तेज तर्रार पारी खेली। सुंदरम के 28 रनों से नगरपालिका एकादश ने सात विकेट खोकर 190 रनों का विशाल लक्ष्य दिया। मुसीर दबंग की ओर से विजेंद्र ने 17 रन खर्च कर 2 विकेट लिए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुसीर दबंग की टीम मुसीर दबंग की टीम 143 रन ही बना सकी। शुभम दुबे ने 38 रन व अमन राय ने 22 रन बनाए। नगर पालिका एकादश की ओर से सुधांशु सोनकर ने 23 रन देकर 3 विकेट, अनुज ने 14 रन देकर 2 विकेट लिए।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, विकास सिंह, राजन सिंह, सुनील सिंह, विनीत सिंह, रंजीत सिंह तथा टूनामेंट में प्रतिभाग कर रही 10 टीमें व उनके खिलाड़ी भारी संख्या में दर्शक युवा वर्ग और उपस्थित रहे।

## व्यापारियों ने समस्याओं को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**बछरावां, रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बछरावां संदीप बंसल राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश अनुसार व्यापारियों की समस्याएं जैसे जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को अनावश्यक नोटिस भेजना सरार्फा व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस दिलाना व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर जहां पर पानी का कोई काम नहीं है वहां पर पानी का बिल भेजना व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ को लेकर सभी जनपदों में मासिक बैठकर आयोजित कर समय पर समस्याओं का निस्तारण करना सैंपलिंग के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न करना आदि समस्याओं को लेकर विधायक श्याम सुंदर को ज्ञापन सौंपा जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित प्रदेश युवा उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष ओमिक सोनी, महामंत्री अमित वर्मा, उपाध्यक्ष भूपेश कुशवाहा, युवा महामंत्री अनूप वर्मा, महामंत्री संदीप मौर्य, उपाध्यक्ष राकेश सोनी, संगठन मंत्री राहुल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## श्रीनिवास मणि त्रिपाठी बने जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग के निर्देश पर देवरिया के कठिनइयां स्थित ब्लाक सभागार में जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान श्रीनिवास मणि त्रिपाठी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसे निर्विरोध स्वीकार कर लिया गया। इसी क्रम में रुद्रपुर से उदयभान सिंह, सलेमपुर से सुमेश्वर नाथ त्रिपाठी बबुआ जी ने भी जिला भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए अपना अपना नामांकन दाखिल किया जिसे निर्विरोध स्वीकार कर लिया गया। नामांकन को लेकर ब्लॉक परिसर में सुबह से ही गहमागहमी बनी रही। सहकारिता से जुड़े कई लोग और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की मौजूदगी में सभी औपचारिकताएं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुईं। सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी और उपस्थित समर्थकों और सहयोगियों ने तीनों नव निर्वाचित अध्यक्षों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उनके निर्विरोध नामांकन को सहकारी संस्थाओं के लिए एक सकारात्मक संकेत बताया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, नीरज शाही, ब्लाक प्रमुख पिंटू जायसवाल, प्रभाकर राय, रविंद्र किशोर कौशल, कृष्णनाथ राय, विजय बहादुर दुबे, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, डा विनय राव, मुकुल मणि त्रिपाठी, सुभाष तिवारी, गंगा शरण पांडे, गंगा सिंह कुशवाहा, संजय तिवारी, सी पी सिंह, ओमप्रकाश मौर्या, सुधीर श्रीवास्तव, राजन सोनकर, गोविंद चौरसिया, सतेंद्र मणि, राजेंद्र विक्रम सिंह, मंडल अध्यक्ष विजय पांडे, अरविंद चौहान, बजरंगी मणि, यशवंत शाही, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नितिन के भाजपा का अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने जतायी खुशी

**देवरिया।** नितिन नवीन के भाजपा के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत परिसर में एक-दूसरे को मिठाई खिला खुशी व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व जिलाउपाध्यक्ष भाजपा अजय उपाध्याय ने कहा कि भाजपा एक संगठनात्मक पार्टी है, जिसमें युवाओं के लिए काम करने के बहुत अवसर हैं। नितिन नवीन के भाजपा की बागडोर संभालने से युवाओं में बहुत आकर्षण है और जेन-जी को यह लगता है कि भाजपा में युवाओं का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है, वह देश के लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकती है।नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से भाजपा और भी मजबूत होगी। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो शैलेन्द्र सिंह आजाद ने कहा कि बाकी पार्टियों में रिटायरमेंट के आसपास राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जाता है या पारिवारिक बुजुर्ग स्वर्ग सिधार जाए तो उसकी संतान को बनाया जाता है। देशभर में केवल भाजपा में ही प्रजातंत्र है, जिसमें चुनाव नीचे से ऊपर होते हैं। अन्य पार्टियों में ऊपर से नीचे होते हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा में पहले वार्ड का चुनाव होगा, फिर मंडल का चुनाव होगा और फिर जिला का चुनाव होगा, फिर प्रदेश का चुनाव होगा। उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होता है, जबकि अन्य पार्टियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष तय होते हैं, क्योंकि वे पारिवारिक हैं। ये तो एक प्रकार से एजेंसियां हैं और इनमें डिस्ट्रीब्यूटरशिप चलती रहती है।इस दौरान दुर्गेश पाण्डेय, अम्बिकेश पाण्डेय, विनय जायसवाल, गोविंद मणि, पुनीत सिंह अमेठिया, अखिलेश मिश्रा, अशोक सिंह, राहुल मणि त्रिपाठी, अजय दूबे वत्स आदि रहे।

## अखंड भारत के समर्थक थे गफ्फार खान गांधी : चंद्रभूषण सिंह यादव

**देवरिया।** गैर भारतीय होने के बावजूद भारत रत्न से अलंकृत एवं फ्रंटियर गांधी के नाम से मशहूर खान अब्दुल गफ्फार खान गांधी को उनके स्मृति दिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन संपर्क कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि अंग्रेजी दासता के खिलाफ और अखंड भारत के लिए अपनी आहुति देने वाले महानतम स्वतंत्रता सेनानी गफ्फार खान गांधी को कोटिशः नमन है। ऑल इंडिया मुस्लिम लीग भारत के बंटवारे पर अड़ी हुई थी, तब बादशाह खान ने इसका सख्त विरोध किया था।देश के बंटवारे के बाद पाकिस्तान गए खान अब्दुल गफ्फार खान गांधी को पाकिस्तान सरकार अपना दुश्मन समझती थी, इसलिए वहां उन्हें कई साल जेल में रखा गया। 1988 में हाउस अरेस्ट के दौरान पाकिस्तान में ही उनका निधन हो गया। उक्त अवसर पर उपस्थित रामप्यारे यादव, व्यास यादव, गोविंद यादव, शंकर गोंड, मुन्ना अंसारी, संतोष मद्धेशिया, नारायण प्रसाद, कांता प्रसाद, लालसा यादव, श्यामराज कन्नौजिया, पारस यादव आदि ने बादशाह खान को उनके चित्र के समक्ष शीश नवाते हुए नमन किया।

## सपहा रोड चौड़ीकरण कार्य के चलते आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**कुशीनगर।** कसया के सपहा रोड पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के अंतर्गत 11 केवी एवं एलटी विद्युत लाइन की शिफ्टिंग का कार्य किया जाएगा। इसके वजह से 21 जनवरी 2026 को क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपखण्ड अधिकारी कसया राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि लाइन शिफ्टिंग कार्य के चलते मंगलवार को दिन में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान सपहा रोड एवं आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिलेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय से पूर्व आवश्यक विद्युत कार्य निपटा लें और सहयोग प्रदान करें, ताकि कार्य को समय पर एवं सुरक्षित रूप से पूरा किया जा सके।

## किसान मेला में प्राकृतिक खेती व फॉर्मर रजिस्ट्री के प्रति किया गया जागरूक

**कुशीनगर।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित चार दिवसीय विराट किसान मेलाका आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र, पड़रौना में किया गया। मेले के दूसरे दिन किसानों को आधुनिक, पर्यावरण अनुकूल एवं लाभकारी कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में तीन्द्र सिंह, उप कृषि निदेशक, द्वारा धरती बचाओ अभियान के अंतर्गत किसानों से अपील की गई कि वे फसलों में संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें तथा पराली न जलाकर उसमें यूरिया का छिड़काव कर जुताई कराएं, जिससे प्राकृतिक रूप से जैविक खाद तैयार हो सके और भूमि की उर्वरता बनी रहे।उन्होंने यह भी बताया कि जनपद के सभी किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कराना अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि बाधित हो सकती है तथा भविष्य में बीज, उर्वरक वं कृषि यंत्रों पर मिलने वाला अनुदान भी उपलब्ध नहीं हो सकेगा। किसान भाइयों को अवगत कराया गया कि गन्ने के साथ सहफसली खेती हेतु उड़द व मूंग का बीज निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके लिए टोकन 31 जनवरी 2026 तक काटे जाएंगे। बसंत कालीन गन्ने की बुवाई करने वाले किसानों से गन्ने के साथ सहफसली खेती अपनाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में दामोदर सिंह, तकनीकी सहायक ने चूहा नियंत्रण के उपाय बताये। वेकट रमन पाण्डेय, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (कृषि रक्षा) ने प्राकृतिक खेती पर जानकारी दी। डॉ. विनय कुमार मिश्र, वैज्ञानिक, स्व. बाबू गेदा सिंह गन्ना अनुसंधान संस्थान, सेवरही द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई पर तथा डॉ. वाईपी भारती, वैज्ञानिक द्वारा गन्ने में लगने वाले कीट एवं रोग नियंत्रण पर विस्तृत जानकारी दी गई। उप कृषि निदेशक, कुशीनगर द्वारा पंकज कुमार सिंह, शिवपूजन पाण्डेय, श्री लल्ल यादव, राजाराम राव एवं अरुण कुमार सिंह को 50 प्रतिशत अनुदान पर तिरपाल का वितरण किया गया। किसान मेला में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, एफपीओ व बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

संक्षेप

## सीतापुर एलेवन ने हरदोई स्पोर्टिंग को 24 रन से हराया

महोली/ सीतापुर कृषक इंटर कॉलेज के मैदान पर स्व:कौशल किशोर त्रिवेदी व स्व: समीर मिश्रा स्मृति में लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट टी20 का मैच सीतापुर एलेवन व हरदोई स्पोर्टिंग के मध्य खेला गया। सीतापुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवर खेलकर दस विकेट खोकर 196 रन बनाए। जिसमें सुनील भार्गव ने बीस गेंद खेलकर पांच छक्के व तीन चौके की मदद से 45 रन बटोरे वहीं शशांक ने 25 गेंद खेल कर तीन छक्के वह पांच चौके की मदद से 45 रन बनाए। जवाब में उतरी हरदोई स्पोर्टिंग ने 19.2 ओवर खेल कर 173 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सीतापुर एलेवन ने 24 रन से जीत हासिल की। हरदोई के खिलाड़ी तनमय ने 28 गेंद खेल कर दो छक्के व सात चौके की मदद से 51 रन बनाएं वहीं प्रवीण ने 24 गेंद खेलकर एक छक्के व तीन चौके की मदद से 36 रन बनाएं। आज का मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुनील भार्गव को प्लूटो सोलर व सैमसंग की तरफ से दिया गया। बुधवार का मैच हरगांव एलेवेन व लखीमपुर स्पोर्टिंग के मध्य खेला जाएगा। मैच के दौरान राकेश अवस्थी, अरविंद बाजपेई ,मक्षिले सिंह, मोनू अवस्थी, मोहित सहित दर्शक मौजूद रहे।

## ट्रैक्टर के पलटने से किसान की मौत

बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली बिसवां क्षेत्र में मंगलवार सुबह सकरन से धान तौलाकर घर वापस लौट रहे एक किसान का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी अनुसार, सदरपुर थाना क्षेत्र के भुडकुंडा निवासी प्रेमनाथ 45 पुत्र बाबू गिरी सोमवार को धान तौलाने सकरन गये थे। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर वापस अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही उनका ट्रैक्टर बिसवां क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव के पास पहुंचा। अचानक उनका ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरकर पूरब दिशा में स्थित एक खेत में जा गिरा। जिससे प्रेमनाथ ट्रैक्टर से उछलकर नीचे गिर गए और वाहन की चपेट में आने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर मुकुल वर्मा, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## परिवार का इकलौता सहारा छिना

मृतक के परिजनों ने रोते हुए बताया कि प्रेमनाथ ही अपने परिवार में कमाने वाले एकमात्र सदस्य थे। उनकी मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और भविष्य का सहारा छिन गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला ट्रैक्टर के अनियंत्रित होने का लग रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## हरिशरण गुप्ता निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये

सफीपुर, उन्नाव। भूमि विकास बैंक अध्यक्ष के पद पर भाजपा से हरिशरण गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए। भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दिखी। विकास खंड कार्यालय में हुई भूमि विकास बैंक सफीपुर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया में निर्धारित समय सीमा के अंदर मात्र एक ही नामांकन पत्र दाखिल होने से भाजपा नेता हरिशरण लाला निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। भाजपा नेता के निर्विरोध निर्वाचित होते ही भाजपा कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, विधायक बंबालाल दिवाकर की उपस्थिति में भाजपा नेता हरिशरण गुप्ता (लाला) ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। भाजपा नेता के नामांकन के दौरान सांसद साक्षी महराज के प्रतिनिधि अमितेश सिंह नंदू, भाजपा नेता ज्ञानेंद्र शुक्ला, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष सिंह, नृपेंद्र शुक्ला, विमलेश गौड़, गंगा नारायण फौजी, लाले गौड़, दीपक विमल, आशीष कन्नौजिया, सुशील यादव, पुष्पेंद्र, अभिनव गौड़, मनोज पाल आदि सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

# पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मधु ने जीता गोल्ड मेडल



उन्नाव। स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान दिनेश राजपूत बाबा (कार्यक्रम संचालक) ने बताया कि सोनीपत, हरियाणा में 17 व 18 जनवरी को आयोजित उत्तर प्रदेश स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद के ग्राम विक्रम खेड़ा इटकुटी, अजगैन निवासी मधु कश्यप पुत्र शत्रोहन कश्यप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 150 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल उन्नाव जनपद बल्कि समूचे प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान सभी गणमान्य लोगों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा खिलाड़ियों को फूलमाला, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दिया। वहीं अभय फिटनेस के सौजन्य से 21000/- की चेक राशि से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र (उदा देवी पासी समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष) रहें। अतिथियों में रवि प्रताप सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, राजेंद्र द्विवेदी, पवन शर्मा, अनुज सिंह आदि उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु ग्राम प्रधान रामशंकर कश्यप ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया जिसमें मुख्य रूप से दिनेश राजपूत बाबा, ग्राम प्रधान रामशंकर कश्यप, संजय राजपूत, राकेश राजपूत, राज बहादुर, रमेश सिंह, ब्रजपाल यादव, अजय सिंह आदि तमाम लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। लगभग 25 वर्षीय मधु कश्यप ने देशभर से आई सशक्त महिला खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में अपनी मेहनत, ताकत और तकनीकी दक्षता का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान उनके आत्मविश्वास और संतुलन ने निर्णायकों को भी प्रभावित किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें प्रथम स्थान प्रदान किया गया। मधु कश्यप ने बताया की इस सफलता के पीछे उनके कोच अजीत कुमार मौर्य (अभय फिटनेस क्लब), माता- पिता एवं दिनेश राजपूत बाबा का विशेष योगदान रहा, जिनके मार्गदर्शन में उन्होंने निरंतर कठिन प्रशिक्षण कर यह मुकाम हासिल किया। कोच अजीत कुमार मौर्य ने बताया कि मधु कश्यप शुरू से ही मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी रही हैं और भविष्य में भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने की क्षमता रखती हैं।

## आनंदम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल वीक का शुभारंभ



पाटन, उन्नाव। आनंदम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल वीक का शुभारंभ आज महाविद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ तुनीरा भदौरिया एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला।

आनंदम स्पोर्ट्स एंड कल्चरल वीक के अंतर्गत 26 जनवरी तक विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स सहित अन्य इनडोर व आउटडोर कलश सज्जा रंगोली, मेहंदी, ड्राइंग पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक आशु भाषण खेल शामिल हैं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत लोकनृत्य, लोकगीत, कविता पाठ, वाद-विवाद, निबंध लेखन एवं अन्य साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास होता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की सहभागिता सराहनीय रही। आरंभिक दिवस में कार्यक्रम के प्रथम दिवस में चक्का फेंक शतरंज मेहंदी एवं शॉट पुट खेल संपन्न हुए। कार्यक्रम का संचालन अमित मिश्रा एवं इंदुशेखर शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक दल बहादुर सिंह, दिनेश सिंह बाबा, डॉ लखन सिंह, जितेंद्र सिंह, हरि गोविंद शर्मा सिंह, शेर बहादुर सिंह शिवेंद्र सिंह, डॉ प्रशांत शुक्ला सहित अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने कार्यों में गम्भीरता लायें। सभी प्रभारी



चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाये तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कोई भी प्रभारी चिकित्साधिकारी बिना मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें। सभी सी0एच0ओ0 अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय से उपस्थित होकर कार्य करें। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही करने वाले सी0एच0ओ0 के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सभी अक्रियाशील आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एक सप्ताह के भीतर संचालित कराया जाये। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि शतप्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराया जाये। प्रसव के दौरान समस्त सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि ड्यू लिस्ट समय से अपडेट करायी जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ई कवच पोर्टल एवं आरसीएच पोर्टल पर डाटा फीडिंग का कार्य पूरी शुद्धता के साथ किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र एवं पी0एम0एस0एम0ए0 दिवस व्यापक रूप से आयोजित किये जायें तथा सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। पी0एम0एस0एम0ए0 के अवसर पर एच0आर0पी0 महिलाओं का चिन्हीकरण सुनिश्चित करते हुये उनकी समस्त सूचनाएं मोबाइल नम्बर सहित एकत्रित की जायें तथा एच0आर0पी0 के कारण का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाये। बैठक के दौरान जिला स्वास्थ्य समिति के सदस्य एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने निर्माणाधीन आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क का किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने निर्माणाधीन आचार्य नरेन्द्र देव स्मृति पार्क का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देंखी एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को प्रदान किये। जिलाधिकारी ने पार्क की लाइट व्यवस्था सही न होने पर कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि लाइट की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये। साथ ही जिलाधिकारी ने पार्क में लगी इंटरलाकिंग की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि पार्क की सुन्दरता बढ़ाने के लियें फूल वाले पौधें ज्यादा से ज्यादा लगाये जायें तथा पार्क में वाटर पॉन्ड को देखते हुये जल भरने की व्यवस्था एवं जल निकासी के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये कि बाउन्ड्रीवाल को सही कराते हुये वाल पेंटिंग अवश्य करायी जाये तथा दीवारों को आकर्षक बनाये जाने हेतु सुन्दर टैटो बनवाये जायें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि सभी कार्यों को गुणवत्तापरक एवं ससमय पूर्ण किया जाये। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग नवीन खण्डेलवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## वृद्धजनों को माघ मेला संगम के लिए किया रवाना



फतेहपुर। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मवईया स्थित वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को प्रयागराज के पवित्र संगम में माघ मेला स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने के लिए गंगा बचाओ सेवा समिति ने विशेष व्यवस्था की।

मंगलवार को समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल (नमामि गंगे संयोजक) ने हरी झंडी दिखाकर वृद्धजनों से भरी बस को रवाना किया। यह प्रयास वृद्धजनों की लंबी प्रतीक्षा को पूरा करने वाला साबित हुआ, जहां वे गंगा स्नान कर आध्यात्मिक शांति प्राप्त करेंगे। बस रवाना होते ही वृद्धजनों ने 'गंगा मैया की जय' के जयकारे लगाए और भजन-कीर्तन गाते हुए अपनी यात्रा आरंभ की। वृद्धाश्रम प्रबंधक नीतू वर्मा तथा समिति के पदाधिकारियों ने सभी बुजुर्गों को माला और पटका पहनाकर हार्दिक स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल ने कहा, वृद्धजनों के चेहरों पर चमकती खुशी देखकर मन प्रसन्न हो गया। यह उनकी मनोकामना पूरी होने जैसा है, जो उन्हें झूमने पर मजबूर कर रही है। ₹आयोजन का महत्व और सहयोगी संगठनयह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि वृद्धजनों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगी। माघ मेला के दौरान संगम स्नान से बुजुर्ग पापों से मुक्ति और आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। समिति ने इस अवसर पर वृद्धाश्रम के सभी योग्य निवासियों को शामिल किया, जो उनकी सेवा और समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम में प्रमुख सहयोगी संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे:गंगा बचाओ सेवा समिति के महामंत्री विनोद कुमार गुप्तागायत्री परिवार के रामस्वरूप गुप्तामानव सेवा परिवार के राधेश्याम हयारणअखिल भारतीय वैश्य एकता पारिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश गुप्तामनोज सोनी, सुरेंद्र पाठक, सूर्यपाल सिंह, गंगा दिन, फागुनी प्रसाद, अशोक यादव लेखाकार, सूरज कुमार, आशीष गुप्तायह पहल सामाजिक सद्भाव और सेवा भावना को मजबूत करती है।

## वायरल बुखार और आंख के मरीज बढ़े



उन्नाव। जिले में वायरल फीवर का प्रकोप लगातार जारी है। हाल यह है कि हर घर में एक से अधिक सदस्य बुखार की चपेट में हैं। मंगलवार को 1555 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। वहीं ओपीडी में रोजाना औसतन 300 वायरल बुखार पीड़ित पहुंच रहे हैं। इन दिनों मौसम परिवर्तन के कारण बीमारियां बढ़ रही है। लोग बुखार की चपेट में आ रहें हैं। बुखार के साथ लोगों को सर्दी-जुकाम कमजोरी और शरीर में दर्द जैसी दिक्कतें बढ़ भी रही हैं। डाक्टरों का कहना है कि मौसम में बदलाव और साफ-सफाई न होने से भी लोग बीमार पड़ रहें हैं। जिला अस्पताल में तैनात एनसीडी क्लीनिक चिकित्सक डॉ अमित तिवारी ने बताया कि ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों में अधिकांश मरीजों को तीन से पांच दिन तक बुखार,सिरदर्द, बदन दर्द, और भूख न लगने की शिकायत मिली है। कई मरीजों की जांच में प्लेटलेट्स की संख्या भी कम पाई गई उन्होंने बताया कि बुखार आने पर लापरवाही न करें। कहा कि परेशानी होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे और डॉक्टर को दिखाएं।

### नेत्र विभाग में मरीज घंटों करते रहे इंतजार

नेत्र विभाग में आंखों में मोतियाबिंद और इंफेक्शन के मरीजों की भीड़ लग रही है। रोजाना 200 मरीज आंखों की परेशानी के पहुंच रहें हैं। लेकिन समय से नेत्र चिकित्सक न मिलने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ परामर्शदाता नेत्र चिकित्सक डॉ फैजल जुबैर की ओटी थी।और दूसरे नेत्र चिकित्सक डॉ संजीव कुमार 11 बजे तक अपने कक्ष में नहीं पहुंचे मरीज घंटों नेत्र चिकित्सक के कक्ष के बाहर लाइन लगाए खड़े रहे। जानकारी के लिए सीएमएस डॉ राजीव गुप्ता को फोन मिलाया गया लेकिन उनका फोन नहीं मिला।

## ओमप्रकाश चौधरी भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

पुरवा, उन्नाव। पुरवा ब्लाक पर रिक्त पद पर हुए ऊचगाव के रहने वाले एवं मृदुभाषी व ईमानदार ओम प्रकाश चौधरी को निर्विरोध भूमि विकास बैंक पुरवा का अध्यक्ष चुना गया। जीत की खुशी मे शरीक हुए पुरवा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दीपांशु चौधरी, विधायक प्रतिनिधि मोहन सिंह, जिलामंत्री डॉ. रजनीश वर्मा, असोहा ब्लॉक प्रमुख आनन्द गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह आदि ने माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर जोरदार स्वागत करते हुए बधाई दिया। नये अध्यक्ष ने सभी को विश्वास दिलाया कि हम सभी को साथ लेकर चलने का कार्य करेंगे। और पद की गरिमा को बनाएं रखने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा।

## चेयरमैन पद के लिए कृपा शंकर वर्मा निर्विरोध निर्वाचित



बिसवां नगर (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. बिसवां के चेयरमैन पद के लिए नामांकन में भाजपा समर्थित कृपाशंकर वर्मा ने विधायक निर्मल वर्मा के साथ तहसीलदार बिसवां उमाशंकर त्रिपाठी के समक्ष नामांकन दोपहर 2 बजे प्रस्तुत किया। जैसा कि पूर्व से अंदेशा लगाया जा रहा था ठीक उसी प्रकार नामांकन समयावधि बीत जाने तक अन्य कोई नामांकन न होने से निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो गया। इस अवसर पर चुनाव प्रभार देख रहे भाजपा जिला उपाध्याय सुधाकर शुक्ला, निर्मल वर्मा विधायक बिसवां, समाजसेवी मनोज कुमार जैन मन्नू, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सकरन, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, पंकज गुप्ता, अमर बाजपेई, किसान नेता रामचंद्र उर्फ सुकई मुन्ना, प्रस्तावक राजबाबू व अवध बिहारी सहित सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

## खेल मद की धनराशि खर्च में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

उन्नाव। बेसिक शिक्षा विभाग में खेल मद की धनराशि के बंदरबाँट का मामला और गंभीर हो गया है। पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री (आवास एवं शहरी कार्य) एवं पूर्व सांसद कौशल किशोर ने इस प्रकरण को लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखकर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की हैं। पत्र में उल्लेख है कि पूर्व जिला व्यायाम शिक्षिका अनीता वर्मा ने जनपद उन्नाव के उच्च प्राथमिक विद्यालय अजुर्नामऊ, नवाबगंज में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत रहते हुए नियमों को दरकिनार कर जिला व्यायाम शिक्षिका पद पर गोपनीय तरीके से कार्य किया। आरोप है कि उन्होंने सहायक शिक्षक अनुदीप श्रीवास्तव, उच्च प्राथमिक विद्यालय सराय कटियान, बिछिया के साथ मिलकर भारतीय स्टेट बैंक शाखा शाहगंज के खेल खाते संख्या 10997951048 से विभिन्न तिथियों में लगभग 10 लाख रुपये की धनराशि निकाल ली, जबकि इसके समर्थन में कोई भी वैध बिल वाउचर उपलब्ध नहीं है। पत्र में यह भी कहा गया है कि उक्त धनराशि का उपयोग खेल सामग्री के नाम पर किया गया, लेकिन जब इसकी जानकारी मांगी गई तो संबंधित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए जा सके। पूर्व मंत्री कौशल किशोर ने जिलाधिकारी से पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कराते हुए दोषी पाए जाने पर अनीता वर्मा के विरुद्ध कठोर विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की हैं। पत्र सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। सभी की निगाहें जिला प्रशासन की जांच पर टिकी हैं।

## चोरों के गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार



सीतापुर। शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए छह शातिर चोरों के एक संगठित गिरोह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों के कब्जे से कुल 2 लाख 90 हजार रुपए नगदी सहित चोरी में प्रयुक्त उपकरण सहित अवैध असलहा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार यह सभी अभियुक्त शातिर है और इनका लंबा आपराधिक इतिहास है।

जानकारी के अनुसार सीओ सिटी विनायक भोसले के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने गल्ला मंडी के पीछे स्थित एक अर्धनिर्मित मकान से छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में शादाब, शिवम उर्फ मामा, आशीष उर्फ पहाड़ी, मुकेश कनौजिया उर्फ अंबानी, शिवम कनौजिया तथा वैभव सिंह उर्फ आदर्श ठाकुर निवासी कोतवाली नगर शामिल हैं। सीओ सिटी के अनुसार अभियुक्तों के पास से 2 लाख 90 हजार रुपये नकद, एक हथौड़ी, एक लोहे का बेलचा तथा एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे बंद पड़े मकानों की रेकी कर उन्हें निशाना बनाते थे और ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरी किए गए सोने-चांदी के गहनों को राह चलते औने-पौने दामों में बेचकर आपस में रकम बांट लेते थे। पुलिस का दावा है कि अभियुक्तों ने बीते एक महीने में दो बड़ी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। इनमें 5-6 दिसंबर 2025 की रात मुंशीगंज टंकी के पीछे तथा 23/24 दिसंबर 2025 की रात महेश होटल के पीछे हेमपुरवा क्षेत्र में हुई चोरी शामिल है। बरामद नकदी इन्हीं घटनाओं से संबंधित बताई गई है। सीओ सिटी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके खिलाफ पूर्व में भी लूट, चोरी व नकबजनी के कई मुकदमे दर्ज हैं। शादाब कोतवाली नगर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक



फतेहपुर। 77वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को भव्यता पूर्वक मनाने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविंद्र सिंह की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और पूर्ण गणतंत्र बनने की स्मृति को सादगीपूर्ण लेकिन आकर्षक ढंग से जीवंत किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व परंपरागत उत्साह के साथ मनाया जाए, जिसमें राष्ट्रीय एकता, अखंडता, धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा दिया जाए। प्रमुख निर्देश और कार्यक्रमजिलाधिकारी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में महापुरुषों व शहीदों की मूर्तियों, स्मारकों की सफाई, चूने का छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी तथा नगर पालिका नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को दिए। समस्त उपजिलाधिकारियों को तहसील स्तर पर अमर शहीदों व स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में माल्यार्पण, मिष्ठान व अंगवस्त्र भेंट करने का आदेश दिया। सभी सरकार गैर-सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा संविधान संकल्प पाठ अनिवार्य होगा, उसके बाद संस्कृति व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम द्वारा ध्वजारोहण के बाद गांधी पार्क में महात्मा गांधी, अम्बेडकर पार्क में डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा महात्मा बुद्ध की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण होगा। सभी अधिकारी-कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहकर राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में व्याख्यान देंगे और संविधान की जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे। तहसील-ब्लॉक स्तर पर भी समान कार्यक्रम संचालित होंगे। शहीद स्मारक पुलिस लाइन में डीएम अमर शहीद हिकमत उल्ला खां व डिप्टी कलेक्टर की स्मृति में माल्यार्पण करेंगे। जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, खेलकूद निबंध-विचार प्रतियोगिताएं होंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रभात फेरी निकालने तथा मतदान जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। उपस्थित अधिकारीबैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व, उप जिलाधिकारी बिंदकी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष पद पर शैलेंद्र सिंह निर्विरोध विजयी

हसनगंज। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. की तहसील हसनगंज मुख्यालय स्थित शाखा के प्रतिनिधि/अध्यक्ष पद के चुनाव में पहले ही दिन एकमात्र नामांकन प्राप्त होने से ग्राम भौली निवासी शैलेंद्र कुमार सिंह लगातार दूसरी बार निर्विरोध चुने गए। नामांकन सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें शैलेंद्र ने अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन पत्र की जांच 21 जनवरी को होगी, जबकि वापसी और घोषणा 22 जनवरी को निर्धारित है। चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी अविनाश चौधरी, सहायक निर्वाचन अधिकारी विपिन वर्मा व चंद्रभाल सिंह की मौजूदगी में संपन्न हुई। विधायक बृजेश रावत ने शैलेंद्र को अग्रिम बधाई देते हुए मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत सहित भाजपा के जिला मंत्री नूतन सिंह, नीरज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राधेश्याम रावत, युवा नेता मिलन पांडेयमनोज पांडेय, सविता रावत, राजन शर्मा, प्रभात यादव,, कपिल निगम व सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

## रिजवान गनी ने जोरावर पहलवान को पटकनी देकर जीता खिताब

जिला संवाददाता(vol)



बिसवां नगर (सीतापुर)। हजरत गुलजार शाह मेला मैदान में आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल के दूसरे दिन देश के नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

दंगल के दूसरे दिन की पहली कुश्ती में जम्मू के रिजवान गनी पहलवान और राजस्थान के जोरावर पहलवान के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें रिजवान गनी ने जोरावर पहलवान को पटकनी देकर जीत दर्ज की। दूसरी कुश्ती देवा के सुल्तान वारसी पहलवान और महाराष्ट्र के नकाबपोश पहलवान के बीच हुई। जिसमें सुल्तान वारसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। तीसरी कुश्ती अयोध्या के बाबा बजरंगी पहलवान और नकाबपोश पहलवान के बीच हुई। जिसमें बाबा बजरंगी ने अपने प्रतिद्वंदी को पराजित किया। चैथी कुश्ती बनारस के विक्की पहलवान और बरेली के बबुवा पहलवान के बीच हुई, जो बराबरी पर छूटी। पांचवीं कुश्ती नेपाल के मेवा थापा पहलवान और मध्य प्रदेश के हलचल पहलवान के बीच हुई, जिसमें मेवा थापा विजयी रहे। छठी कुश्ती गाजियाबाद के अय्यूब पहलवान और मऊ के चंचल पहलवान के मध्य हुई। जिसमें अय्यूब पहलवान ने जीत दर्ज की। दंगल में रेफरी की भूमिका शौकत पहलवान और सुल्तान पहलवान ने निभाई। दंगल आयोजक शौकत पहलवान ने बताया कि बुधवार को देश के मशहूर पहलवान रिजवान गनी और मेंटल पहलवान (राजस्थान) के बीच 21 हजार रुपये का इनामी मुकाबला खेला जाएगा। इस अवसर पर मेला अध्यक्ष मसर्रत अली, सेक्रेटरी सैयद हुसैन कादरी, कार्यवाहक अध्यक्ष महबूब अली, रेहान कादरी, राजकुमार रस्तोगी, बदर हयात खान, अन्नू, पप्पू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## शराब पीने को पैसे न मिलने से युवक ने लगायी फांसी

बांदा। शराब पीने के लिए मां से बेटे ने रुपये मांगे। मां के मना करने पर नाराज बेटे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कालिंजर के लंकापुरी मोहल्ला निवासी उमेश उर्फ प्रधान 20 पुत्र सरजू यादव बीती 19 जनवरी को बहन की ससुराल सतना से लौटकर घर आया था। मां बतासी देवी ने बताया कि कल से दारू पीने के लिए पैसे मांग रहा था। पैसे नहीं दिए तो लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो गया। मां ने बताया कि कमरे में जाकर रात करीब 9 बजे साड़ी का फंदा लगाकर फांसी लगा ली। मां ने बताया कि कमरे में बेटे को फांसी पर लटका देख पड़ोसियों की मदद से नीचे उतारा और इलाज के लिए रात में ही नरैनी सीएचसी ले गए। लेकिन चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कलिंजर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताते चलें कि मृतक उमेश का बड़ा भाई छइयन यादव दस्यु सरगना पप्पू यादव गैंग का सक्रिय सदस्य था। विगत 15 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में पुलिस मुड़भेड़ में मारा गया था।

## तुलसी समिति ने धीरेन्द्र शास्त्री को दिया ज्ञापन

बांदा। तुलसी स्मारक समिति राजापुर के पदाधिकारियों ने रामचरितमानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करने को लेकर बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री को ज्ञापन सौंपा। समिति के सह सचिव शिवपूजन गुप्ता ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों का सामना करते हुए सनातन धर्म की रक्षा, सुरक्षा को देखते हुए रामचरितमानस की रचना की। पं. धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री ने ज्ञापन को प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को अपने माध्यम से भेजे जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान पूर्व सभासद सतीशचंद्र सिंह, राहुल मिश्रा, कु. अंतिमा द्विवेदी, संदीप कुमार, जितेंद्र द्विवेदी, डॉ. अखिलेश करवरिया, डॉ. प्रांशु गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

## टैक्सी की टक्कर से वृद्धा घायल, मामला दर्ज

ललितपुर। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ के ग्राम अस्तौन में रहने वाले प्रतिपाल सिंह पुत्र लाखन सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 29 दिसम्बर 2025 को अपराह्न 1 बजे वह अपनी मां चन्द्रकुंवर को बाइक पर बैठाकर मौसी के यहां ग्राम बगौरा जिला झांसी जा रहा था। वह जैसे ही रामनगर नहर के पास हाई-वे से गुजरा तो उसी समय टैक्सी संख्या यू.पी.94 ए.टी. 3179 के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मां गिरकर घायल हो गयी। राहगीरों ने डायल 112 के जरिए पुलिस को बुलाकर उसकी मां को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी मां को झांसी रेफर कर दिया गया। 4 जनवरी को उसकी मां को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। प्रतिपाल सिंह की शिकायत पर पुलिस ने टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## बबूल का पेड़ काटने से मना करने पर मारपीट

ललितपुर। घर के सामने लगे बबूल के पेड़ को काटने से मना करने पर गांव के कुछ लोगों ने एक युवक से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना को लेकर मड़ावरा थाना के ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी रोशन पुत्र स्व.पारीक्षत पटेल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 18 जनवरी की सुबह 10 बजे पड़ौसी अशोक कुमार पुत्र सालिकराम, कपिल पुत्र अशोक कुमार, सोबरन उर्फ छोटू पुत्र अशोक कुमार, सालिकराम पुत्र लक्ष्मन पटेल एकराय होकर आये और उसके घर के सामने लगे बबूल के पेड को काटने लगे। जब उसने पेड़ काटने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि बचाव करने आयी उसकी मां सिरदार पत्नी स्व.पारीछत के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (3), 351 (2), 352, 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# महिलाओं ने किया प्रदर्शन

### देशी-अंग्रेजी शराब की दुकानों के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंच कर की नारेबाजी



ललितपुर। ग्राम जीरोंन में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकानों के कारण गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि शराब पीकर लोग गांव में उत्पात मचाते हैं। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और झगड़े आम बात हो गई है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और महिलाओं को असुरक्षा महसूस होती है। शराब की वजह से घरेलू कलह और पारिवारिक हिंसा की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकानें आबादी क्षेत्र के पास होने से गांव की शांति व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। शाम के समय महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार शराबी तत्व रास्ते में खड़े होकर छींटाकशी करते हैं, जिससे महिलाओं को मानसिक प्रताड ?ा झेलनी पड़ती है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित, महिलाओं की सुरक्षा और गांव की शांति व्यवस्था को देखते हुए ग्राम जिरोंन में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को तत्काल बंद कराया जाए अथवा उन्हें आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन पर पुष्पा, संगीता, अनीता, सरस्वती, रचना देवी, सुशीला और उर्मिला, अमित, सचिन, अभिषेक, अंकित सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर बताए गए।

## एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों व प्रशासन के साथ कमिश्नर आब्जर्वर ने की बैठक

ललितपुर। मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी/रोल प्रेक्षक बिमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की और एसआईआर कार्य का फीडबैक लिया। रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों एवं अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा लगभग 22 वर्ष बाद एसआईआर हो रहा है, इसमें हमें मिलकर काम करना है और मतदाता सूची की शत प्रतिशत शुद्ध कराना है राजनैतिक दलों और प्रशासनिक टीम ने मिलकर एसआईआर में बहुत अच्छा काम किया है, इसका परिणाम यह है कि अन्य जिलों की अपेक्षा हमारे यहां अन्मेप्ड मतदाताओं की संख्या कम है। इसलिए यहां नोटिस दिए जाने की संख्या भी बहुत कम है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि स्थानीय होने के नाते उन्हें मतदाताओं के बारे में अधिक जानकारी है, ऐसे में वे मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं की मैपिंग में प्रशासनिक टीम का सहयोग करें, आगामी 31 जनवरी व 1 फरवरी को पुनरू विशेष बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, इसमें अपने अपने बीएलए के माध्यम से बीएलओ को मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं का सही डेटा उपलब्ध करा दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के 12 पास बच्चों का डेटा तैयार कर सभी के फार्म 6 भरवा दें, इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में वार्डवार मृतक मतदाताओं की सूची राजनैतिक दलों के सहयोग से तैयार कर उसे एएसडी सूची के मिलान करके डिलीशन की कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जनपद समय समय पर राजनैतिक दलों के साथ बैठकें आयोजित कर एसआईआर का डेटा उपलब्ध कराया गया है और उनसे सुझाव एवं आपत्तियां मांगी गई हैं। अभी भी अगर कोई त्रुटि रह गई हो तो उपलब्ध करा दें, संबंधित फार्म भरवाकर उसे सुधार लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन हेल्प के माध्यम से मतदाता स्वयं अपना फार्म भर सकते हैं। बैठक में राजनैतिक दलों से उनके सुझाव व आपत्तियों के बारे में पूछा गया।

## मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, बैंक करें ऋण वितरण



बांदा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान एवं युवा स्वरोजगार योजना को लेकर बैंकर्स की बैठक हुई। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने मुख्यमंत्री युवा अभियान के तहत बैंकों में लम्बित आवेदनों की बैंकवार समीक्षा करते हुए प्रतिनिधियों को आवेदन पत्रों को स्वीकृत करते हुए शीघ्र ऋण वितरण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक तथा बैंक ऑफ इंडिया में अधिक लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद की समीक्षा करते हुए ग्रामीण बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक आफ बड़ौदा में लम्बित आवेदनों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि सरकार की योजनाओं की जानकारी दिये जाने एवं उनके आवेदनों का निस्तारण करने के लिए 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर अपने स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए। इस दौरान सामान्य प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र गुरूदेव, लीड बैंक मैनेजर, बैंकर्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## फाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर का शव फंदे से लटका मिला, पुलिस जांच में जुटी



चांदपुर, बिजनौर। फाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के साथ पिछले डेढ़ साल से लिव-इन रिलेशन में रह रही महिला से पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) से पूछताछ की जा रही है। पुलिस द्वारा मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। थाना चांदपुर पुलिस को रविवार रात लगभग 11 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ से हरिओम सिंह (25 वर्ष) पुत्र भोला सिंह निवासी गांव नकटवा जनपद रायबरेली के मृत पड़े होने की सूचना मिली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम को भेजने के बाद घटना की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक हरिओम सिंह चांदपुर में एक फाइनेंस कंपनी के फील्ड ऑफिसर के तौर पर कार्यरत था। लोगो का कहना है कि मृतक हरिओम पिछले डेढ़ साल से नगर पालिका के पास किराए के कमरे में एक महिला के साथ रह रहा था। सीओ चांदपुर देश दीपक ने बताया कि लिव-इन में रहने वाली युवती मोहल्ले के कुछ लोगों की मदद से हरिओम को अस्पताल लेकर पहुंची थी। युवती के अनुसार रविवार देर शाम हरिओम ने फिल्म देखने की इच्छा जताई थी, जिस पर दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद, युवती कुछ सामान खरीदने बाजार चली गई। जब वह लौटी तो उसने हरिओम को फंदे से लटका हुआ था। मांमले के निष्पक्ष जांच कराई जा रही है जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ विधिक कार्रवाही की जायेगी।

## राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस 30 को 13 फरवरी तक चलाया जायेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान

ललितपुर। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अमित तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत 30 जनवरी को राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस, 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बताया कि आगामी स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान कुष्ठ रोग से संबंधित जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां की जाएगी। जिला कुष्ठ अधिकारी डा. प्रदीप सिंह यादव ने बताया कि त्वचा पर हल्के या तांबाई रंग के धब्बे जिनमे सुन्नपन्न हो, हाथ या पैरों में झनझनाहट का अनुभव, नसों में दर्द, हाथ-पैर या पलकों की कमजोरी कुष्ठ रोग के कारण हो सकती है। सभी कुष्ठ रोगियों को ससमय पहचान कर, इलाज दिलाकर दिव्यांगता से बचाना पहली प्राथमिकता है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट एवं उप जिला कुष्ठ अधिकारी डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि कुष्ठ एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से होता है। इसको हेन्सन रोग के नाम से भी जाना जाता है जो कि मुख्यता हाथों, पैरों की परिधीय तंत्रिका, त्वचा, नाक की श्लेश्मा और ऊपरी श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। कुष्ठ रोग का यदि समय पर उपचार न किया जाए तो दिव्यांगता हो सकती है। अतएव कुष्ठ के लक्षण होने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर तुरन्त सम्पर्क करना चाहिए। वर्ष 2026 के लिए स्पर्श कुष्ठ जाागरूकता अभियान की निर्धारित थीम भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें है। प्रभारी सीएमओ ने सभी जनमानस से आगामी स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान कि सफलता हेतु सहयोग की अपील की।

## पीड़िता ने एसपी से लगायी न्याय की गुहार

### पति की मौत के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा अब भी फरार



ललितपुर। थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम पटा विजयपुरा निवासी महिला ने पति की संदिग्ध मौत के मामले में नामजद आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन दूसरा नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहा है और परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहा है। पीड़िता पुष्पा पत्नी स्व.ग्यासी रैकवार ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि थाना महरौनी में अभियोग संख्या 0029/2026, धारा 108 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज है। यह मामला उनके पति की मृत्यु से जुड़ा हुआ है, जिसमें नरेश रजक और ललित रजक को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस द्वारा नरेश रजक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि ललित रजक अब तक गिरफ्तारी से बच रहा है। पीड़िता का आरोप है कि फरार आरोपी ललित रजक गिरफ्तारी से बचते हुए उनके घर आकर गोली मारने की धमकी दे रहा है और बयान बदलने का दबाव बना रहा है। इसके बावजूद अभी तक मामले में आपराधिक धमकी, गवाहों को डराने जैसी आवश्यक धाराएं नहीं बढ़ाई गई हैं, जिससे पूरे परिवार की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि फरार आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, उसके खिलाफ दी जा रही धमकियों के आधार पर अतिरिक्त धाराएं जोड़ी जाएं और उन्हें व उनके परिवार को तुरंत पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए। पीड़िता का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## खत्म बुखारी शरीफ के मौके पर कुरआन हिफ्ज करने वाले बच्चों की हुई दस्तरबंदी



नगीना, बिजनौर। मदरसा जामिया अरबिया रशीदिया में खत्म बुखारी शरीफ प्रोग्राम का आयोजन हुआ। प्रोग्राम की सदारत मौलाना मोहम्मद सुलेमान शेखुल हदीस ने की और निजामत मौलाना हिफजुर्रहमान ने की। इस मौके पर मौलाना ने देश और दुनिया में अमनो आमान की दुआ कराई। मंगलवार को नगीना के मोहल्ला कलालान स्थित मदरसा जामिया अरबिया रशीदिया में खत्म बुखारी शरीफ प्रोग्राम के मौके पर मेहमाने खुसूसी मौलाना सैयद अशहद रशीदी सदर जमीयत उलमा हिन्द ने बुखारी शरीफ का सबक देते हुए फरमाया कि दुनिया में हम जितने भी अमाल अच्छे करें जिसमें रोजा नमाज हज जकात के साथ-साथ हमें हलाल रोजी का इस्तेमाल करना चाहिए और हराम की हर चीज से बचना चाहिए जिससे कयामत के दिन हमारे अमाल का वजन बहुत ज्यादा हो। उन्होंने कहा कि हमें आपस में प्यार मोहब्बत के साथ बिना तफरीक ए मजहब व मिल्लत एक दूसरे के काम आना चाहिए। मौलाना अशहद रशीदी ने देश और दुनिया में अमनो आमान के लिए दुआ कराई। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद मुशर्रफ, मोहम्मद दाऊद, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद हैदर, आलिम मोहम्मद नदीम, मोहम्मद अख़्तर, मोहम्मद तैयबा की दस्तरबंदी हुई। इस मौके पर डॉक्टर मौलाना खलीक अहमद कासमी ने तमाम आने वाले मेहमानों का शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर इमाम जामा मस्जिद मुफ्ती ओवेस अकरम, मुफ्ती नबील, मुफ्ती कफील अहमद, चेयर पर्सन पुत्र शहराज खलील, समाजसेवी तंजील आलम, मौलाना सुलेमान, मौलाना रईस, मौलाना मुफ्ती इलियास, कारी खलील, मौलाना वकील, कारी कासिम, मुफ्ती शादाब, अतीक भारती वगैरा मौजूद रहे।

## प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना लक्ष्य : डीएम

जिला संवाददाता

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में जिला ओटीडी सेल एवं पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे एनुअल सर्वे का यूनिकारपोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज से संबंधित बैठक आयोजित हुई। सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक रियल एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना प्रदेश के मुख्यमंत्री संकल्पना का प्रतिनिधित्व करता है। राज्य सरकार ने 2027 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य बना रखा है क्योंकि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है जिसके क्रम में राज्य के अंतर्गत संचालित समस्त आर्थिक गतिविधियों का राज्य आय में योगदान को बढ़ाना और उक्त योगदान का राज्य आय में सही आकलन करना अत्यंत आवश्यक है उन्होंने कहा कि राज्य घरेलू उत्पादन के अनुमान के लिए राज्य की आर्थिक गतिविधियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित



मेथाडोलॉजी के आधार पर प्राइमरी, सेकेंडरी एवं टेरिटरी सेक्टर में विभाजित किया गया है। समस्त खण्डों के योगदान की गणना इकाईयों के उत्पादन, मूल्य वेजेस एवं एम्प्लॉयमेंट आदि के आंकड़ों के अनुसार की जाती है। उन्होंने कृषि, विद्युत, उद्यान, परिवहन सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर विभागीय आंकड़ों का मिलन संबंधित पोर्टल पर करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की प्रगति किसी भी रूप में प्रभावित न होने पाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की यदि आंकड़ों का मिलान जिला स्तर पर संभव नहीं हो तो उनके द्वारा विभागीय उच्च अधिकारियों को उक्त संबंध में पत्र लिखवाना सुनिश्चित करें ताकि आंकड़ों को सही रूप में पोर्टल पर अपलोड किया जा सके। जिलाधिकारी द्वारा पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे एनुअल सर्वे का यूनिकारपोरेटेड सेक्टर एंटरप्राइजेज से संबंधित बैठक से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोजगार तथा बेरोजगारी की स्थिति को मापने के लिए सांख्यिकी एवं कार्यक्रम अभियान मंत्रालय के तहत आयोजित सर्वेक्षण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि अधिक नियमित समय अंतराल पर श्रम बाल डाटा की उपलब्धता के महत्व को ध्यान में रखते हुए इस सर्वे कार्य को शुरू किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह सहित अन्य सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## प्रो. शर्मा के निधन पर प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

ललितपुर। प्रेस क्लब द्वारा एक शोक सभा का आयोजन अमर शहीद पं. गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा के चचेरे भाई, प्रेस क्लब के पूर्व कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा के ताऊ एवं बुन्देलखण्ड विकास सेना के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा के पिता एवं नेमवि पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके बाद प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिवार को शोक पत्र सौंपा। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले ने कहा कि प्रो. भगवत नारायण शर्मा बहुआयामी प्रतिभा धनी थे। शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

## ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजन 23 को

बांदा। नेताजी सुभाषचंद्र बोस के जन्म दिवस पर ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजन को लेकर कलक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि 23 जनवरी को मंडलीय चिकित्सालय परिसर में ब्लैक आउट का आयोजन होगा। ब्लैक आउट एवं हवाई हमले की चेतावनी को पुलिस सायरन बजाये जाने के निर्देश दिये। मंगलवार को आयोजित बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट ने ब्लैक आउट, हवाई हमले की चेतावनी को पुलिस सायरन बजाये जाने के मॉक ड्रिल अभ्यास की रूपरेखा तय की। कहा कि 23 जनवरी को इसके अभ्यास व सायरन से किसी को भ्रमित व परेशान होने की जरूरत नही है। सायरन की आवाज होते ही सभी इलाकों की विद्युत आपूर्ति बंद हो जायेगी। ब्लैकआउट स्थल पर फायर सर्विस आग बुझाने को उपलब्ध रखने, स्वयंसेवकों को लगाये जाने, एंबुलेंस, मेडिकल टीम, चिकित्सा व्यवस्था की सुविधा के निर्देश दिये। पुलिस विभाग को रूट डायवर्जन, ट्रैफिक प्रबंधन, कानून व्यवस्था बनाये रखने, चेकिंग एवं पेट्रोलिंग व्यवस्था के निर्देश दिये। कहा कि ब्लैक आउट के समय लोग, बच्चों एवं पूरे परिवार को जागरूक करें। उन्होंने संबंधित विभागों को मॉकड्रिल ब्लैकआउट के लिए अपने कार्यों को सम्पादित करने के निर्देश दिये। सायरन बजते ही बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखें। प्राथमिक चिकित्सा के टार्च व एक्ट्रासेल रखें, शीशे से दूर रहें, जमीन पर लेट जायें, रेड सायरन बजने पर शांतिपूर्वक सुरक्षित स्थान पर शरण लें, अफवाहों से बचें और प्रशासन के दिए निर्देशों का पालन करें। इस दौरान अतिरिक्त मजिस्ट्रेट इरफानउल्ला खां, क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं अधिकारी मौजूद रहे।

## हनुमंत कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

### वैज्ञानिक मंगल पर खोज रहे जीवन, हम जीवन में खोज रहे मंगल





बांदा। हनुमंत कथा का मंगलवार को 5वें दिन समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा का शुभारंभ दोपहर 1 बजे रामभजन के साथ हुआ। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के साथ मंच पर अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास भी मौजूद रहे। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि जो मेला बांदा में लगा वह किसी महाकुंभ से कम नही रहा। बजरंगबली का आशीर्वाद ऐसा बरसा कि आयोजन सदियों तक बुंदेलखण्ड के इतिहास में दर्ज रहेगा। चारों तरफ श्रद्धालु ही श्रद्धालु नजर आ रहे हैं। दर्शन के लिए लोग 5 किलोमीटर तक पैदल चलकर यहां पहुंचे हैं। उन्होने कहा कि वैज्ञानिक मंगल ग्रह पर जीवन खोज रहे हैं लेकिन हम जीवन में मंगल खोज रहे हैं। जीवन में मंगल कहां से मिलेगा, एक उपाय है-बताएं कहां, जहां से बृजभूषण शरण सिंह आए हैं, अयोध्या। बताया कि पूंछो कौन सा नाम लें। कोई भी नाम लो चाहें महावीर, बजरंगबली, रामजी, श्यामजी कहो केवल टोपी वालों के नाम मत लेना। अपने बालक के लिए जैसा चाहे, वैसा नाम ले लो। धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि बांदा संकट मोचन की नगरी के साथ खत्री पहाड़ में स्थित विंध्यवासिनी की नगरी भी है और महर्षि वामदेव की नगरी भी कही जाती है। कहा कि बुरा न मानें तो बांदा को छोटी काशी और यहां की नदी को छोटी गंगा कहा जाता है। धीरेन्द्र शास्त्री ने स्रोताओं से कहा कि हनुमान जी के चरण पकड़ो यही तुम्हारे सिर पर अपना हांथ रखेंगे। उन्होने कहा कि हनुमान जी की एक हूंकार से लंका की गर्भवती महिलाओं का गर्भपात हो गया था। कहा साधु का नियम यदि पक्का हो तो वह साधु कहलाता है। लंगोट का पक्का और नियम का पक्का होना साधु की पहचान है। साधु को हमेशा केवल एक ही भय रहता है किवह बदनाम न हो जाए। यदि उसे साधना करनी है तो भोजन और भजन दोनो पर नियंत्रण रखना चाहिए। कथा के आखिरी दिन मंच और आस-पास का क्षेत्र भक्तों से भरा रहा। हनुमंत कथा शुरू होने से पूर्व बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

## 26 जनवरी को मनाया जायेगा विराट हिन्दू सम्मेलन

ललितपुर। विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित करने के संबंध में शिवाजी बस्ती की बृहद बैठक प्रांत कार्यवाह रामकेश के मुख्य आतिथ्य में एवं कार्यक्रम संयोजक कौशल किशोर गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रान्त कार्यवाह ने विराट हिन्दू सम्मेलन को मनाने की पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला व्यवस्थापक प्रताप नारायण गुप्ता, जिला समरसता प्रमुख रमेश सिंह एड., नगर कार्यवाह रामकुमार, नगर बौद्धिक प्रमुख इन्दर सिंह, नगर सहशारीरिक प्रमुख हर्ष नामदेव, बस्ती प्रमुख विकास गुप्ता, भरत पुरोहित, छक्कीलाल साहू, रविंद्र कुमार जैन, किशन मुनीम साहब, छोटू साहू, आकाश सेन, नीरज तिवारी, युवराज सिंह बुंदेला आदि समाज सेवी उपस्थित रहे।

# भाजपा की नयी चुनौती

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के अड़ियल रुख, बार-बार की जिद और मान-मनौव्वल से आजिज हो चुकी भाजपा को शिवसेना यूबीटी के कमजोर होने और ठाकरे बंधुओं की सियासत ढलान पर पहुंचने के कारण बड़ी राहत मिली थी। लेकिन उद्धव ठाकरे की शिवसेना से अलग होकर अपनी शिवसेना बनाने वाले एकनाथ शिन्दे ने अपने दांव-पेच, जिद और बार-बार रूठने-मनाने और दबाव व तय-तोड़ की सियासत से भाजपा की नयी मुसीबत बन गये हैं। महाराष्ट्र के नगर निकाय चुनाव में बड़ी विजय हासिल कर भाजपा अभी अपनी जीत का जश्न ही मना रही थी कि एकनाथ शिन्दे ने बीएमसी मेयर पद पर शिवसेना की दावेदारी कर भाजपा को असहज कर दिया है। इससे बीजेपी की प्रचंड जीत के जश्न में खलल जरूर पड़ी है। अगर मुंबई महापालिका ही बीजेपी के हाथ से निकल जायेगी तो निकाय चुनावों में इतनी बड़ी जीत से क्या हासिल होगा? महाराष्ट्र के नगर निगम चुनाव में भाजपा को अभूतपूर्व और प्रचंड जनादेश मिला है। एक तरफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पुरानी शिवसेना का वर्चस्व और शासन समाप्त किया है, तो दूसरी तरफ पुणे में शरद पवार के परंपरागत गढ़ को ध्वस्त किया है। पवार अब न तो चाणक्य रहे हैं और न ही राजनीतिक तौर पर प्रासंगिक। उनका राजनीतिक युग समाप्त हो चुका है। महाराष्ट्र नगर निगम के कुल 2869 में से 1440 वार्ड में भाजपा के पार्षद विजयी रहे हैं, लिहाजा कुल 29 नगर निगमों में से 25 में भाजपा के मेयर सत्तारूढ़ हो सकते हैं। भाजपा ने भी ऐसे जनादेश की कल्पना नहीं की थी। महत्वपूर्ण यह रहा कि ये चुनाव प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के बड़े नेताओं के प्रचार के बिना ही लड़े गये। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ही चौतरफा नेतृत्व किया और परिणाम सामने है। जाहिर है कि फडणवीस का भाजपा के भीतर राजनीतिक कद बढ़ेगा। बहरहाल जनादेश की दृष्टि से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस भाजपा से कई गुना पीछे रह गई हैं। सबसे शानदार और उल्लेखनीय जीत बीएमसी की रही है, लिहाजा अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में भाजपा का मेयर (महापौर) होना चाहिए। लेकिन अकेली भाजपा के 89 पार्षदों के बावजूद बीएमसी में बहुमत नहीं है। भाजपा-शिवसेना (शिंदे) ने महायुति वाले गठबंधन के तहत ही चुनाव लड़ा था। शिवसेना के 29 पार्षद जीते हैं। साझा गठबंधन को सदन में 118 पार्षदों के साथ स्पष्ट बहुमत हासिल है। सत्ता से बाहर हो रही शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की मनसे ने 20 साल बाद गठबंधन में चुनाव लड़ा था। लेकिन बीएमसी की सत्ता से बाहर हो गये। मराठी मानुष, मराठा, मराठी भाषा के प्रचार को जनता ने खारिज कर दिया। अब मराठा सियासत के कई साझेदार हो गए हैं, जिनमें भाजपा और शिंदे सेना भी शामिल है। बेशक ठाकरे घराने की चुनावी पराजय हुई है, लेकिन पार्टी संस्थापक बाला साहब ठाकरे की विरासत अब भी अस्तित्व में है। बल्कि वह बीएमसी में सत्ता के समीकरण बदल भी सकती है। भाजपा और उद्धव की शिवसेना ने विधानसभा चुनाव गठबंधन के साथ ही लड़ा था। गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट बहुमत भी था, लेकिन उद्धव ठाकरे की मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल थी कि उन्होंने ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री की मांग की और पहला अवसर शिवसेना को देने की शर्त रख दी। हालांकि भाजपा के 104 विधायक जीत कर आए थे और वह सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। तत्कालीन शिवसेना के 55-56 विधायक ही थे। सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक भूख यहां तक बढ़ी कि उद्धव ने कांग्रेस और संगठित एनसीपी के साथ महाविकास अघाड़ी गठबंधन बनाया और मुख्यमंत्री बन गये। इसके बाद भाजपा ने एकनाथ शिंदे के जरिए न केवल शिवसेना को दोफाड़ किया, बल्कि उद्धव की सरकार भी गिरवा दी। लगभग उसी तरह अब उपमुख्यमंत्री शिंदे की शिवसेना के 29 पार्षदों को 'ताज होटल' में, गहरे पहरे के साथ, रखा गया है। पार्षदों में से ही आवाज उभरी है कि मुंबई का मेयर ढाई-ढाई साल का होना चाहिए। सियासत यहीं से आरंभ होती है। यदि शिवसेना किसी भी स्थिति में भाजपा के पांचसाला मेयर के लिए तैयार नहीं हुई, तो क्या शिंदे की शिवसेना घर-वापसी करते हुए उद्धव की शिवसेना के साथ कोई समझौता कर सकती है? इसका उत्तर तो आने वाला समय देगा लेकिन राजनीति में कुछ भी हो सकता है और इस बात को सबसे बेहतर ढंग से समझती है। शायद इसीलिए वह जीतकर भी असहज हो रही है।



एकनाथ शिंदे ने बीएमसी में ढाई-ढाई साल के मेयर की बात कर भाजपा के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी कर दी है।

विचार

जो अपने कर्तव्य को अच्छी तरह करने की शिक्षा पा चुके हैं। वह मनुष्य से संबंध रखने वाले सभी कामों को भली-भांति करेगा।

-रूसो.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक-दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंत:करण को उज्ज्वल करती हैं।

-महात्मा गांधी.

वह शासक अत्याचारी है जो स्वेच्छा के अतिरिक्त कोई नियम नहीं जानता।

-वाल्टेयर.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ-स्थान से प्राप्त होता है।

-सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

-गेटे.

# भारत-यूएई के रिश्तों में नयी गर्मजोशी



अरविन्द जयतिलक

यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की महज तीन घंटे की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्ते को मिठास से भर दिया है। दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर मुहर लगाई है। दोनों देशों ने साझा बयान में सीमा पार आतंकवाद और आतंकवाद के सभी रुपों की कड़ी निंदा की है। दोनों देशों ने एफएटीएफ अर्थात फाइनेंशियल एक्शन टॉस्क फोर्स के फ्रेमवर्क के तहत मनी लॉन्ड्रिंग विरोधी और आतंकवाद फाइनेंस के तहत सहयोग पर सहमति जताई है। इसके अलावा दोनों देशों ने रक्षा, एआई डिजिटल सहयोग, खाद्य सुरक्षा, अंतरिक्ष और निवेश में भी एकदूसरे से कंधा जोड़ने पर भी सहमति जताई है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2032 तक दोनों देशों के साझा कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद जताई है। आज की तारीख में दोनों देशों के बीच एक सौ अरब डॉलर से अधिक का कारोबार हो रहा है। यूएई गुजरात के धोलेरा में मेगा निवेश के साथ गिफ्ट सिटी में फर्स्ट आबूधाबी बैंक और डीपी वर्ल्ड का ऑफिस बनाने को तैयार है। निःसंदेह इस पहल से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर को पंख लगेगा। याद होगा कि जनवरी 2024 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान की वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट यात्रा हुई थी जिसमें उन्होंने सहभागिता और विकास में सहयोग का उल्लेखनीय संकल्प व्यक्त किया था।

राष्ट्रपति नाह्यान ने अपने एक्स पर कहा था कि दोनों देशों की साझेदारी में लगातार विस्तार हो रहा है। दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्ते लगातार नई ऊंचाई छू रहे हैं और समय की कसौटी पर खरे हैं। गत वर्ष प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा के दौरान भी दोनों देश आर्थिक क्षेत्र में क्रांतिकारी पहल करते हुए अपनी करेंसी रुपये और दिरहम में व्यापार समझौता शुरू करने पर सहमत हुए थे। आरबीआई और संयुक्त अरब अमीरात के सेंट्रल बैंक के बीच संपन्न हुए समझौते के तहत दोनों बैंक एक फ्रेमवर्क तैयार करने पर सहमति जाहिर कि जिसमें क्रॉस-बार्डर ट्रांजैक्शन के लिए लोकल करेंसी का इस्तेमाल होगा। तब प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात से प्रगाढ़ होते संबंध और शहजादे शेख से भाई जैसा मिलने वाले प्यार को निरुपित करते हुए कहा कहा था कि भारत का हर व्यक्ति आपको एक सच्चे दोस्त के रुप में देखता है। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान के बीच इतने अधिक मधुर संबंध है कि तब प्रिंस रहे मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूएई के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद से नवाजा और उन्हें अपना भाई बताते हुए 'अपने दूसरे' घर आने के लिए आभार जताया था। तब राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नहयान ने प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा समेत दुबई फ्रेम, एडनॉक बिल्डिंग एवं एमिरेट्स पैलेस को तिरंगे के रंग से रंग दिया था। दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता कई मायने में महत्वपूर्ण है। ऐतिहासिक, राजनीतिक, भौगोलिक, सांस्कृतिक व आर्थिक कारणों से अरब देश सदैव ही भारत की विदेश नीति में विशिष्ट महत्व का विषय व केंद्र बिंदु रहे हैं। यह क्षेत्र भारत के विदेश नीति के रक्षा संबंधित पहलूओं को प्रभावित करता है और इसी को ध्यान में रख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात से निर्णायक संबंध जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि इस क्षेत्र में नये क्षेत्रीय कुटनीतिक-आर्थिक संबंध तेजी से बनते-बिगड़ते रहे हैं। इन परिस्थितियों के बीच संयुक्त अरब अमीरात की भारत से बढ़ती प्रगाढ़ता अति महत्वपूर्ण है। अच्छी बात है कि संयुक्त अरब अमीरात संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन कर चुका है। दोनों देश आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में साथ मिलकर चलने का भी संकल्प ले चुके हैं। फिलहाल भारत को अरब देशों से ऐसे दीर्घकालिक एवं सुसंगत रणनीति के तहत काम करने की जरुरत है ताकि वह इस क्षेत्र की अपेक्षाएं एवं सरोकार को फलीभूत कर सके। अच्छी बात यह है कि भारत और यूएई दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा सहयोग बना हुआ है। मौजूदा समय में भी तटरक्षक स्तर पर भी दोनों के बीच सहयोग बना हुआ है। ज्वाइंट डिफेंस को-ऑपरेशन कमेटी के प्रावधानों के अनुसार मार्च 2007 में आयोजित हुई इसकी पहली बैठक में संयुक्त अरब अमीरात की पांच सदस्यीय प्रतिरक्षा टीम एंटी एयरक्रॉफ्ट गन एल-70 के जांच के लिए भारत आयी।

इससे साफ संकेत मिला कि संयुक्त अरब अमीरात की भारतीय प्रतिरक्षा हार्डवेयर के प्रति अभिरुचि है। यह भारत के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उदाहरण के लिए दोनों देशों ने प्रत्यपर्ण संधि, आपराधिक एवं सिविल मामलों में आपसी विधिक सहायता संधि, सिविल एवं वाणिज्यिक मामलों में सहयोग के लिए विधिक एवं न्यायिक समझौता किया जो सन 2000 से ही लागू है। इस संधि के तहत दोनों देश अपराधियों के हस्तांतरण के अलावा आपसी विधिक सहायता को मूर्त रुप दे सकते हैं। चूंकि यह क्षेत्र नशीली दवाओं का अड्डा बनता जा रहा है इसलिए दोनों देशों ने नशीली दवाओं और मस्तिष्क पर खतरनाक असर डालने वाले तत्वों की तस्करी रोकने के लिए 1994 में समझौता किया। इसी तरह 1975 में सांस्कृतिक समझौता और 1989 में नागरिक उड्डयन समझौता हुआ। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सन 2000 में अमीरात न्यूज एजेंसी तथा प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया के बीच समझौता हुआ। सेबी और अमीरात प्रतिभूति एवं पण्य प्राधिकरण के बीच भी समझौता हुआ। साथ ही प्रत्यायन गतिविधियों में तकनीकी सहयोग के लिए ईएसएमए तथा नेशनल एक्रिडेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज के बीच समझौते हुए। दोनों देशों के बीच दिसंबर 2006 में मैन पॉवर सोर्सिंग इनकॉरपोरेशन के एक मसौदे पर भी समझौता हुआ। इतिहास पर दृष्टि डालें तो इस क्षेत्र से भारत का सामाजिक व व्यापारिक संबंध शताब्दियों का रहा है। इतिहास से जानकारी मिलती है कि भारत से मसाले व कपड़े अमीरात क्षेत्र को और अमीरात क्षेत्र से मोती व खजूर भारत को भेजे जाते रहे हैं। चूंकि पश्चिमी तट विशेष रुप से मालाबार तट में भारत के व्यापारिक अड्डे शारजाह एवं दुबई हैं, इस नाते भी दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक व व्यापारिक संबंधों में मिठास बनी हुई है। उसी का नतीजा है कि आज संयुक्त अरब अमीरात में तकरीबन पैंतीस लाख से अधिक भारतीय कामगार हैं जो न सिर्फ रोजी-रोटी कमा रहे हैं बल्कि अपनी गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा भारत भेजकर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहे हैं।

संयुक्त अरब अमीरात से ही 15 अरब डॉलर भारत आता है। गौर करें तो अरब देशों में संयुक्त अरब अमीरात एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक हब है तथा साथ ही सिंगापुर एवं हांगकांग के बाद विश्व में तीसरा प्रमुख पुनर्निर्यातक केंद्र भी। यही वजह है कि यह इराक, ईरान, सीआइएस देशों तथा अफ्रीका आदि बाजारां के लिए स्त्रोत केंद्र बना हुआ है। भारत संयुक्त अरब अमीरात का दूसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है वहीं संयुक्त अरब अमीरात भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर से अधिक है। माना जा रहा है कि यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आएगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।



भारत-यूएई संबंध

मौजूदा समय में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 100 अरब डॉलर से अधिक है। माना जा रहा है कि यूएई के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के आर्थिक व कुटनीतिक संबंधों में और भी मजबूती आयेगी और व्यापारिक साझेदारी को नया आयाम मिलेगा।

सोशल मीडिया

भारतीय जनता पार्टी के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन जी को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दायित्व संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभ कामनाएं। सीएम योगी.



माघ मेले में मानदेय न मिलने पर सफाई कर्मियों ने काम ठप कर दिया है, कड़कड़ाती ठंड में रात दिन काम करने वाले सफाई कर्मियों का बकाया तुरंत दिया जाये। अखिलेश यादव.



श्री सोमनाथ महादेव मंदिर- भारत का प्रथम ज्योतिर्लिंग और सदियों पुरानी अखंड आस्था व सभ्यतागत स्मृति का साक्षात प्रतीक है, केवल देवस्थान ही चेतना का प्रतीक है। केशव प्र. मौर्य.



# आस्था का अवलंबन

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा।

श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

अंतर्दृष्टि

# कचौरी खाने की व्याकुलता

व्यंग्यलोक

मंत्रीजी की आंखों में भ्रष्टाचार की कचोरी खाने का सपना तैर रहा है। अहा! रसना-रसीली कुरकुरी कचोरी की पीयूषा वाणी कर्ण में प्रविष्ट होते ही मंत्री जी आनन्दमग्न हो गए हैं। अमृत से भी अधिक मधुर, चन्द्रमा से भी अधिक शीतल, कचोरी भक्षण की हींगमयी सुगंधित महक युक्त वाणी मंत्री जी के हृदय के समस्त दुःखों का हरण कर लेती है। वे कुर्सी से उठते तक नहीं है। बैठे-बैठे ही दलाल को पूछते हैं- 'तात तुम्ह कचोरी कहां ते लाए। परम प्रिय कचोरी बचन सुनाए।' आश्चर्य होता है कि इतना मंगलमय समाचार लाने वाले दलाल से स्वागत कथन भी नहीं किया जाता है। न ही कोई प्रणाम। इस समय मंत्री जी की स्थिति बड़ी दारुण हुई जा रही है। कचोरी की याद में उनके समस्त अंगों ने अपनी सुध-बुध खो दी है। कमल के समान सुंदर नेत्र बंद है। नेत्रों से अत्यंत हर्ष के आंसू बरस रहे हैं। शरीर का रोम-रोम जिह्वा बन गया है। कचोरी के एक-एक अंश का स्वाद लेने के लिए रोम-रोम लालायित हो गया है। कचोरी नाद से मंत्री जी एकाएक ही समस्त सुखों के स्वामी बन गए हैं। उसी समय सारंग समान सुंदर कानों में कचोरी शब्द नाद सुनाई पड़ता है- मंगलमय, रसमय जिह्वा सुंदरी कचोरी, सब संताप हरने के लिए आपके सम्मुख प्रस्तुत है। दलाल अपने सुंदर हाथों में कचोरी लिए मंत्री जी का अनेकों प्रकार से स्तुति गान कर रहे हैं। किन्तु कचोरी प्रेमी मंत्री जी को प्रसन्नता के साथ सन्देह है कि कहीं मेरी व्याकुलता, कचोरी के प्रति संपूर्ण आसक्ति या भावना के कारण ऐसा भ्रम तो सुनाई-दिखाई नहीं पड़ रहा है? पर हृदय कहता है- 'कल्पना ही सही! किन्तु नेत्र इस भय के मारे नहीं खोलते कि कहीं सचमुच भ्रम की भावना सिद्ध न हो जाए! दलाल के शब्द सुनकर उन्हें यही भय होता है कि यह मेरे मानसिक भ्रम की अवस्था ही है। कोई विरहिणी नायिका शयन कक्ष में कचोरी आसक्त पड़ी स्वप्न रत है। स्वप्न में उसे कढ़ी-कचोरी के दर्शन होते हैं। कचोरीयातुर नायिका जागने का उपक्रम करती है। किन्तु भावमयी मृग नयनी नेत्र नहीं खोलना चाहती है। क्यों? क्या रूठी है? नहीं, नहीं, नहीं! नेत्र खोलने में उसे भय लगता है। भय किस बात का? सपने में कचोरी खाते हुए नायिका बेसुध है- 'सोवत सोवत हे सखि, कोई लिया जगाय। आंख न खोलूं डरपती, मत सपना होइ जाय।' अहा! कैसी करुण व्यथा है! वह कचोरी के विरह में अपनी सुध-बुध खो बैठी है। अपने प्रियतम से कह रही है। हे प्रियतम! कुछ नहीं तो मुझे सपने में ही इस दुर्लभ कचोरी का कढ़ी के साथ मिलान करके आनंद लेने दो। दलाल देवता भ्रष्टाचार की कचोरी के लिए व्यवस्था कर रहा है। मंत्री जी भ्रष्टाचार की कचोरी खाने के लिए आकुल हैं, व्याकुल हैं, बड़े आतुर हैं।



रामविलास जॉगिड़

# नागौर का पशु मेला, पशु पालन संस्कृति का उत्सव



कला-संस्कृति

नागौर का पशु मेला सिर्फ पशुओं के व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि यह समूची पशु पालक संस्कृति का उत्सव है। जहां राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश के पशु पालक सिर्फ पशुओं की खरीद-फरोख्त भर के लिए नहीं आते और न ही हजारों दूसरे पर्यटक यहां पशु व्यापार को देखने भर आते हैं बल्कि ये सब पशुपालन संस्कृति का जश्न मनाने आते हैं। इस मेले में सजे-धजे ऊंट, साबुन से धुले और सीगों में तेल लगाए बैल और करीने से सुज्जित घोड़े उत्सव की एक अलग ही छटा बिखेरते हैं। लेकिन यह सब व्यापार के लिए नहीं होता बल्कि पूर्वजों के सौंदर्यबोध और जीवन संस्कृति का उत्सव मनाने के लिए भी यह मेला लगता है। वास्तव में नागौर का पशु मेला सिर्फ राजस्थान का नहीं बल्कि देश के समूची पशुपालन सभ्यता का प्रतिनिधित्व करता है। मेले के दौरान यहां सैकड़ों तरह-तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। ढोल, नगाडे, खड़ताल और अलगोजे की गूंज हर तरफ सुनाई देती है। कालबेलिया, घूमर और तेरहताली जैसे लोकनृत्यों की प्रवीणता का भी यह उत्सव है। एक से बढ़कर एक लोकनर्तक अपनी नृत्य कला से दर्शकों और पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। जहां लोक कलाकारों के लिए मेला पहचान और अजीविका का साधन है, वहीं देश-विदेश से आये हजारों पर्यटकों के लिए यह आत्मा के विरेचन का जरिया है। लोग यहां सिर्फ घूमने नहीं बल्कि तन और मन से तरोताजा होने के लिए आते हैं।

**राजस्थानी पहनावे का प्रदर्शन**

नागौर मेले में राजस्थानी पहनावे का मुग्धकारी प्रदर्शन होता है। यह मेला एक तरह से राजस्थानी पारंपरिक वस्त्रों के आकर्षक संसार की तरह है। इस मेले में पुरुषों के सिर पर कम से कम 100 से ज्यादा तरह की रंगबिरंगी पगड़ियां सजी मिल जाएंगी। राजस्थानी अंगरखा, धोती, महिलाओं की घाघरा-चोली, ओढ़नी और चांदी सहित दूसरी पारंपरिक धातुओं के प्राचीन गहने, इस मेले को सांस्कृतिक संग्रहालय का रूप दे देते हैं। नागौर मेला राजस्थानी पोशाक संस्कृति का महाकाव्य है। पोशाकों की जितनी विविधता और बहुरंगी छटा यहां देखने को मिलती है, शायद ही किसी दूसरे मेले में यह मिले। इसके अलावा नागौर मेला, पशुओं की सौंदर्य प्रतियोगिताओं के लिए भी मशहूर है। यहां ऊंटों को नव-ब्याहताओं की तरह सजाया जाता है। पर्यटक रोमांचक ऊंट दौड़ का भी लुत्फ लेते हैं और इस मेले में पारंपरिक ग्रामीण खेल जैसे रस्साकशी, बैल और ऊंट गाड़ी की दौड़ प्रतियोगिताएं भी होती हैं। यही कारण है कि नागौर का पशु मेला भले पशुओं के नाम पर जाना जाता हो, लेकिन यह समूचे पशु पालक समुदाय की सभ्यता का उत्सव है।

**ग्रामीण भारत की असली झलक**

अगर आपसे पूछा जाए कि आखिर नागौर मेले को लोग इतना ज्यादा क्यों पसंद करते हैं, तो इसका सही जवाब यही होगा कि नागौर मेले में समूचे भारत की झलक देखने मिलती है। दूसरे शहरी मेलों के विपरीत नागौर मेला अभी भी चमक-दमक और बाजार की दिखावट का शिकार नहीं हुआ। इस मेले में अभी भी ग्रामीण सादगी हर तरफ बिखरी मिलती है। यहां आने वाला व्यक्ति राजस्थान के ग्रामीण जीवन को बहुत नजदीक से देख पाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह व्यापार और उत्सव का साझा संगम होता है। यहां पशु खरीद बिक्री के साथ गीत-संगीत, खानपान और मनोरंजन का उत्सव भी अनवरत चलता है। इस मेले का अपना एक धार्मिक कनेक्शन या आस्था का पक्ष भी है। यह मेला वास्तव में लोक देवता रामदेव जी की पहचान से भी जुड़ा है। यहां लाखों की तादाद में उनके भक्त आते हैं, जिस कारण मेले का एक रंग आध्यात्मिक भी हो जाता है। नागौर मेला वास्तव में राजस्थान की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है। लोकगीत, लोकनृत्य, लोकबोलियां और लोकपरंपराएं इस बहुरंगी अनुष्ठान के जरिये सहजता से संरक्षित होती हैं। नागौर जैसे मेले वास्तव में ऐसी गतिविधियां होती हैं, जिन्हें किसी पर्दे या किताबों से पूरी तरह महसूस नहीं किया जा सकता। यह मेला राजस्थान के पशुपालन अतीत की खुली किताब है। यह अतीत की उस अर्थव्यवस्था को लोगों के सामने पुनर्जीवित करता है, जो कभी पशुओं पर आधारित जीवन के चलते यहां की मूल जीवनशैली थी। आज के आधुनिक और यांत्रिक युग में यह संस्कृति जीवंत रूप में ऐसे आयोजनों में ही देखी और जी जा सकती है। नागौर मेला इसलिए खास है, क्योंकि यह इस विशेष संस्कृति को जीवंत बनाये हुए है। **धीरज बसाक.**

## आपकी बात

### गरीबों की भागीदारी

शहरी गरीबों को घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एक ऐसा मिशन बन गयी है जिसे आवास एजेंसियां अगर ईमनदारी से लागू करें तो वास्तव में अगले कुछ वर्षों में सबको आवास का सपना साकार हो सकता है। प्रदेश में इस साल करीब डेढ़ लाख आवास इस योजना के तहत बनाने का फैसला किया गया है। अगर सरकार इस योजना के तहत गरीबों को आवास देने में सफल होती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वैसे इस योजना के तहत जो सरकारी एजेंसियां घर बनाती हैं उसमें करीब ढाई लाख रुपये की छूट मिल जाती है और इससे गरीबों को बहुत फायदा होता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में एक करोड़ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ नये घर बनाकर सरकार सबको घर उत्पलब्ध कराना चाहती है, लेकिन आवास विकास करने वाली एजेंसियों की कार्यप्रणाली इतनी सुस्त रही है कि इनके बलपर गरीबों को आवास मिलना बहुत चुनौतीपूर्ण रहा है। पीएम आवास योजना पूरे देश में अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रही है। उत्तर प्रदेश में आवास विकास, सूडा व विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में इतनी लचरता है कि पात्रों के चयन से लेकर घर बनाने और गरीबों को देने में इतना विलंब होता है कि कई बार बने हुए घर पजीशन देते-देते जर्जर स्थिति में आ जाते हैं। एक-एक प्रोजेक्ट पांच-पांच, छह-छह साल तक निर्माणाधीन स्थिति में पड़े रहते हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। वह भी तब जब निर्माण गतिविधियों से रोजगार में भारी वृद्धि होती है और अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है तब हाउसिंग प्रोजेक्ट में इतनी देरी समझ से परे है। घरों के निर्माण में इतनी ही देरी होती रही तो लक्ष्य प्राप्त करना असंभव है। अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में हर साल 50 लाख घरों का निर्माण होता रहे तो अगले चार-पांच साल में सभी को घर मिल सकता है। उत्तर प्रदेश में फिलहाल हाल के वर्षों में इस योजना काम तेज हुआ है और लाखों गरीबों को घर मिला है। यह अच्छी बात है लेकिन जिस तरह से सरकारी एजेंसियों नेकी कार्यप्रणाली है उससे लोगों को निराश होना पड़ता है।

**आशीष कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### आमजन का इलाज

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते। इससे प्राइवेट अस्पताल का कामकाज बढ़ता है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

### परेड का निरीक्षण



बहराइच। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा मंगलवार की परेड रिजर्व पुलिस लाइन बहराइच स्थित परेड ग्राउंड पर कराते हुये परेड की सलामी ली गई। सलामी ग्रहण करने के उपरांत पुलिस बल की दौड़ कराई गई एवं टोली वार शस्त्र ड्रिल का निरीक्षण करते हुए परेड ड्रिल के संबंध में निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन परिसर की साफ सफाई का जायजा लिया गया तथा सम्बन्धित को बेहतर साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये तत्पश्चात क्वार्टर गार्ड पर सलामी ली गयी तथा शस्त्रों के रख रखाव का निरीक्षण कर उनकी साफ-सफाई हेतु दिशा निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त द्वारा परिवहन शाखा का निरीक्षण किया गया साथ ही मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता को चेक किया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### भरत प्राचीन मंदिर महंत की पत्नी हत्याकांड में अभियुक्त को उम्रकैद

अयोध्या। प्राचीन भरत मिलाप मंदिर नंदीग्राम मंदिर के पुजारी हनुमान दास की पत्नी यशोदा देवी हत्याकांड में दोषी पातें हुए पवन कुमार पांडेय को कोर्ट ने आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 10 हजार रुपए जुमार्ना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज प्रथम सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय रोहित पांडेय तथा वादी के अधिवक्ता अभय प्रताप सिंह ने बताया कि घटना 13 अक्टूबर 2022 की सुबह 8 बजे की है। मंदिर की पुजारी की पत्नी यशोदा देवी पवन पांडेय के यहां सुबह राशन देने गई। काफी देर होने पर जब वह वापस नहीं आई तो वादी के छोटे भाई पवन तिवारी व उसके रिश्तेदार कृष्ण कुमार तिवारी उन्हें तलाशने गए। देखा तो अंदर से दरवाजा बंद था। मकान के अंदर से चिल्लाने व तड़पने की आवाज आ रही थी। जब खिड़की से देखा तो पवन पांडेय माता जी के ऊपर मोटी लोहे की राड से ताबड़तोड़ हमला कर रहा था। गहदाला से मार मार कर हत्या कर दी। हम लोग चिल्लाते हुए दरवाजा तोड़कर अंदर गए और पवन कुमार पांडेय को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

### नवीन मंडी की भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत

सोहावल-अयोध्या। विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अरथर में स्थित नवीन मंडी की सरकारी भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों की है। उप-जिलाधिकारी सोहावल सविता को ग्राम प्रधान शांती देवी,राम दास गुप्ता,हरिराम, तिलक राम मौर्य,बुद्धू,सोनू सिंह,राम जीवन सहित दर्जन भर से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत अरथर में स्थित नवीन मंडी की सरकारी भूमि गाटा संख्या 2919 पर गांव निवासी संत राम पुत्र दुबरी द्वारा अवैध रूप से पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्राम प्रधान शांती देवी का कहना है कि उक्त व्यक्ति द्वारा अवैध निर्माण को रोकवाने की क्षेत्रीय लेखपाल को दी गई।

# कुमारगंज वन रेंज की पौधशालाओं का औचक निरीक्षण

## कर्मचारियों को पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज वन रेंज अंतर्गत संचालित पौधशालाओं का प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) प्रखर गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ कुमारगंज रेंज अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। डीएफओ ने कुमारगंज एवं बवां स्थित पौधशालाओं में पहुंचकर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत कुमारगंज पौधशाला से हुई, जहां डीएफओ ने उगाए जा रहे विभिन्न प्रजातियों के पौधों की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने पौधों की बढ़वार, सिंचाई व्यवस्था, मिट्टी की गुणवत्ता तथा समग्र रखरखाव से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान डीएफओ ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, ताकि पौधे स्वस्थ और मजबूत रूप में तैयार हो सकें। इसके पश्चात डीएफओ प्रखर गुप्ता कुमारगंज वन रेंज की बवां स्थित पौधशाला पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न प्रजातियों की नर्सरी का निरीक्षण किया और कर्मचारियों से पौध तैयार करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या सभी पॉलिथीन थैलों में बीज डालने का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिस पर कर्मचारियों ने बताया कि सभी थैलों में बीज डाले जा चुके हैं। निरीक्षण के दौरान डीएफओ ने विशेष रूप से निर्देश दिया कि तैयार हो रहे पौधों को इस प्रकार शिफ्ट किया जाए कि सूर्य की किरणें सभी पौधों पर समान रूप से पड़ें। उन्होंने कहा कि इससे पौधों की बढ़वार बेहतर होगी और वे अधिक स्वस्थ रहेंगे। साथ ही उन्होंने वर्तमान मौसम को ध्यान में रखते हुए पौधों की निरंतर सिंचाई और नियमित देखभाल को अत्यंत आवश्यक बताया। कुमारगंज वन रेंज में वन विभाग द्वारा कई पौधशालाएं संचालित की जा रही हैं, जहां आम, जामुन, शीशम, सागौन, नीम, महुआ, अमरूद, बरगद, कटहल, पीपल सहित अनेक प्रजातियों के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। डीएफओ प्रखर गुप्ता ने जानकारी दी कि इस वर्ष वन विभाग द्वारा स्वयं लगभग 20 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अन्य विभागों के माध्यम से लगभग 27 लाख पौधों के रोपण का प्रस्ताव है, हालांकि अभी तक इसका कोई आधिकारिक लक्ष्य प्राप्त नहीं हुआ है। डीएफओ ने कहा कि फरवरी माह में तापमान अनुकूल होते ही बीजों का अंकुरण तेजी से शुरू हो जाएगा और पौधों की बढ़वार में स्पष्ट सुधार देखने को मिलेगा। डीएफओ ने बताया कि वर्तमान में कड़ाके की ठंड के कारण पौधों के विकास में कुछ गिरावट देखी जा रही है, लेकिन मौसम में सुधार के साथ ही स्थिति सामान्य हो जाएगी। अंत में उन्होंने कर्मचारियों को पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी वृक्षारोपण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके।

### जाम से निजात के लिए नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। नियावा चैराहे पर अनैतिक रूप से ई-रिक्शा एवं बड़े वाहनों द्वारा जाम की स्थिति उत्पन्न करने एवं जाम से मुक्त कराये जाने के संबंध में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्रा से मिला, अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया और नगर मजिस्ट्रेट को बताया कि नियावा चैराहे पर प्रात काल स्कूल के समय ई-रिक्शा एवं बड़े वाहनों द्वारा जाम लगाया जाता है जिससे स्कूल जा रहे बच्चों एवं उनके अभिभावकों को अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है उस क्षेत्र में कैनोसा कॉन्वेंट, सेंट मैरी, छावनी परिषद एवं आर्मी स्कूल संचालित होते हैं साथ ही मां पाटेश्वरी देवी जी का मंदिर भी इसी क्षेत्र में आता है जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम उठाने जाना नितांत आवश्यक है।

## दामोदर धर्मशाला के दुकानदारों को कर वसूली में मिली राहत

### जनसुनवाई में आईं 18 शिकायतें, 11 का किया गया समाधान



अयोध्या। जनशिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को आयोजित संभव कार्यक्रम में कुल 18 प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 11 का महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने तुरंत समाधान कराया, जबकि सात प्रकरण गली एवं नाली निर्माण कार्य से जुड़े थे, जिसकी जांच कर स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान दामोदर धर्मशाला के दुकानदारों ने 3.20 लाख रुपये बकाया गृह एवं जलकर वसूली को ज्यादा करार देते हुए राहत देने की मांग की, जिस पर जनसुनवाई की अध्यक्षता कर रहे महापौर ने वसूली रोकते हुए पुनर्मूल्यांकन कर चार किस्तों में बकाया जमा कराने की सुविधा प्रदान करने के निर्देश मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को दिए। महापौर ने घनश्याम सिंह की शिकायत पर बनवीरपुर में जल निकासी की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य मार्गों से इतर कॉलोनी एवं गलियों में सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत स्वास्थ्य विभाग को दी। इस मौके पर सड़क, नाली, गली के निर्माण, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के जल एवं सफाई को लेकर शिकायतें आईं, जिसका समयबद्ध समाधान कराने का भरोसा महापौर ने दिया।

नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र संबंधी प्रकरण की जांच कर जल्द से जल्द कर जारी करने समेत समस्याओं का समाधान कराया। सहनवा से महोबारा के बीच सड़क की मरम्मत की मांग कालोनीवासियों ने की। दशरथ कुंड पर बिजली कनेक्शन न होने का मसला भी सामने आया। चैक से बजाजा के बीच अतिक्रमण हटाने की मांग की गई। नुरुलहुदा ने दिल्ली दरवाजा में पेयजल समस्या से अवगत कराया, जिसका तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस मौके पर अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, सुमित कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल, महाप्रबंधक जलकल सौरभ श्रीवास्तव, निर्माण खंड के सहायक अभियंता भारत सिंह वर्मा आदि मौजूद थे।

## सीमावर्ती क्षेत्रों के चिन्हित अतिक्रमण हटाये जायें : डीएम



बहराइच। भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. में सरकारी भूमि एवं नो मेन्स लैन्ड पर अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने के सम्बन्ध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र के 0 से 15 कि.मी. के मध्य सरकारी भूमि पर पाये गये 641 अवैध अतिक्रमण को चिन्हांकित करते हुये अब तक टास्क फोर्स द्वारा 212 अवैध अतिक्रमण को हटा दिया गया। अवशेष अतिक्रमण को नियमानुसार हटाये जाने की प्रकिया गतिमान है। डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा नो मैन्स लैन्ड पर चिन्हांकित किये गये अतिक्रमण को यथाशीघ्र हटाये जाने एवं भारत-नेपाल सीमा के ज्वाइन्ट सर्वे हेतु सर्वे आफ इंडिया को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि टास्क फोर्स द्वारा की गयी कार्यवाही की समीक्षा हेतु प्रत्येक सप्ताह सभी सम्बन्धित अधिकारी बैठक भी करें। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी, कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच, कमॉडेन्ट 42वीं वाहिनी एस.एस.बी., कमॉडेन्ट 59वीं वाहिनी एस.एस.बी. नानपारा, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा, तहसीलदार नानपारा मौजूद रहे जबकि अन्य अधिकारियों द्वारा वर्चुअली बैठक में प्रतिभाग किया गया।

## सनातन की रक्षा के लिए सारे भेदभाव त्यागे

### संपूर्ण हिंदू समाज को एक स्वर में संगठित होना चाहिए : विष्णु देवाचार्य



बहराइच। महसी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आज दिनांक 20 जनवरी दिन मंगलवार को महसी खंड के जोत चंदपरा मंडल के ग्राम पंचायत औराही स्थित शंकर भगवान के मंदिर प्रांगण में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर हुई कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय सामाजिक सद्भाव प्रमुख अशोक कीजिए जी रहे वह मुख्य अतिथि श्री सिद्धनाथ पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री रवि गिरी महाराज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूजा संत विष्णु देवाचार्य जी महाराज रहे मुख्य वक्ता अशोक केडिया ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा की 100 वर्षों से हिंदू समाज को जोड़ने का कार्य संघ कर रहा है तथा आगामी वर्षों में हम पांच प्राण सामाजिक समरसता कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण स्वा का बोध एवं नागरिक कर्तव्य को लेकर आम जनमानस को जगाने का कार्य करेंगे। इसी क्रम में हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर रवि गिरी जी महाराज ने कहा हिंदू समाज तभी सुरक्षित रहेगा जब हम जात-पात की भावना से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करेंगे एवं सनातन की रक्षा के लिए सारे भेदभाव भूलकर धर्म की ध्वजा को लेकर आगे बढ़ाएंगे इस अवसर पर जिले के ख्याति प्राप्त संत स्वामी विष्णु देवाचार्य ने कहा कि भारत सैकड़ों सालों से गुलामी की मानसिकता में रहा है यह जागरण का समय है इसमें संपूर्ण हिंदू समाज को एक स्वर में संगठित होकर धर्मउत्थान के कार्य में लगना चाहिए।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री हरिद्वार प्रसाद जी ने एवं संचालन खंड कार्यवाह टीकाराम ने किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम में विचार परिवार से माननीय विधायक सुरेश्वर सिंह ,रामकर पांडे ,अखंड प्रताप सिंह, दिवाकर पांडे, जिला कार्यवाह भूपेंद्र, सह जिला संघचालक डॉक्टर मनोज, बांकेलाल, मायाराम ,विद्याधर बाजपेई, शैलेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, शशिकांत त्रिपाठी, सह खण्ड कार्यवाह बृजेंद्र अविनाश, आनंद सरोज ,रामपाल वर्मा, सहित सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित है।

# डोर-टू-डोर हो कूड़ा कलेक्शनः डीएम

## डीएम ने की नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नगर विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक मे जिलाधिकारी ने जनपद के सभी नगर निकायों की कार्यप्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली और विकास योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर स्वच्छता समेत विभिन्न श्रेणियों में आने वाली रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर करने के लिए सभी निकाय गंभीरता से कार्य करने, स्वच्छता के प्रत्येक बिंदु पर समयबद्ध प्रगति दर्ज कर किसी प्रकार की शिथिलता न बरतते, सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और नालियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा अतिक्रमण की स्थिति मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल विधिसम्मत कार्यवाही और जुमार्ना वसूलने, नगर निकायों में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने, निमार्णाधीन कल्याण मंडपों की प्रगति व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान, तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य, तालाबों को साफ-सुथरा और सुरक्षित रखने, प्रतिदिन शतप्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन करने को लेकर सम्बधितो को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी नगर निकाय अपने-अपने राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। तथा नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाली गौशालाओं का संबंधित अधिशासी अधिकारी और नामित नोडल अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करे। समीक्षा बैठक में अमृत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना तथा शहरी आजीविका मिशन जैसी योजनाओं की प्रगति पर भी जानकारी ली। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मधुमिता सिंह, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी नवाबगंज संजय शुक्ला सहित अन्य नगर पंचायतो के अधिकारी मौजूद रहे।

## मानक रहित सात स्कूली वाहनों का चालान

- लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल, राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज सहित अन्य स्कूलो मे प्रवर्तन टीमों ने पहुंच किया वाहनों का निरीक्षण

जिला संवाददाता



**बाराबंकी।** अनफिट स्कूली वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तृतीय सप्ताह 15 से 21 जनवरी तक चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के अन्तर्गत आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की संयुक्त टीम ने लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल, राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज सहित अन्य स्कूलो मे खडी स्कूली वाहनो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बसों का फिटनेस व प्रदूषण प्रमाण पत्र, आपातकालीन खिड़की, आग बुझाने के उपकरण, फर्स्ट एंड़ बाक्स सहित अन्य मानको की जांच कर हुये मानको का उल्लंघन मिलने पर 7 स्कूली वाहनो के चालान किये गये। इसके साथ ही प्रबन्धको, प्रधानाचार्य को निर्धारित आयु पूरी कर चुके वाहनों को समय रहते सार्वजनिक वाहन के रूप में उसे परिवर्तित या पंजीयन निरस्त अवश्य कराने व अनफिट वाहनों का संचालन सड़कों पर न किये जाने को लेकर निर्देशित किया गया।

### प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन



बाराबंकी। रफी अहमद किदवई स्मारक जिला चिकित्सालय पुरुष मे नवनिर्मित पंजीकरण भवन एव प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने फीता काटकर उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने ऑनलाइन पंजीकरण सिस्टम व्यवस्था का शुभारम्भ करते हुये कहा कि मरीज स्वयं से घर या कहीं से भी पर्चा बनाकर चिकित्सालय आकर सीधे चिकित्सक के कक्ष में जाकर चिकित्सीय परामर्श व औषधि प्राप्त कर सकता है। इससे मरीज को पंजीकरण हेतु अनावश्यक लाइन में खड़े होने, भीड़ एवं समय हानि की समस्या से छुटकारा मिलेगा। तथा जन औषधि केन्द्र से कम कीमत पर जो औषधियां चिकित्सालय में उपलब्ध नहीं हैं उनको प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 जय प्रकाश मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अवधेश कुमार यादव, जिला महिला चिकित्सालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 प्रदीप कुमार, प्रभारी अधिकारी पैथोलॉजी, ब्लड बैंक डा0 विनोद पाल सिंह, वरिष्ठ परामर्शदाता डा0 राजेश कुशवाहा, चिकित्सा अधीक्षक डा0 विरेन्द्र सिंह, हास्पिटल मैनेजर राज कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने के विरोध में आप ने किया प्रदर्शन




बाराबंकी। काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों को तोड़े जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविन्द यादव के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओ ने विरोध प्रदर्शन करते हुये महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौपा। ज्ञापन मे कहा गया है कि मणिकर्णिका घाट पर तोड़े गए सभी प्राचीन मंदिरों का तत्काल पुनर्निर्माण कराये जाने, मंदिर ध्वस्तीकरण के आदेश देने वाले अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किये जाने, भविष्य में किसी भी धार्मिक स्थल के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर पूर्ण प्रतिबंध लगाये जाने की मांग की है। प्रदर्शन करने वाले मे चांदबाबू, रवि पांडे, अफसाना बानो, नन्हेराम यादव, टानू चैहान, अयोध्या प्रसाद, राजू शुक्ला, जवाहर, हरपाल धनगर, विद्या प्रसाद वर्मा, वीरेंद्र कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अवैध अतिक्रमण पर एसडीएम नानपारा के नेतृत्व में गरजी जेसीबी



बहराइच। नानपारा तहसील क्षेत्रान्तर्गत ग्राम इमामनगर गड़रहवा स्थित गाटा संख्या-280 रकबा 0.1900 है. जोकि राजस्व अभिलेखों में खलिहान के नाम दर्ज है तथा गाटा संख्या 68 जो कि राजस्व अभिलेखों में तालाब के नाम दर्ज है। जिस पर ग्राम के ही कुल 16 व्यक्तियों के द्वारा लंबे समय से उपरोक्त सरकारी भूमि पर पक्का निर्माण करके अवैध कब्जा कर रखा था। सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण को उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के निर्देश पर नायब तहसीलदार नबाबगंज अक्षय पांडेय, राजस्व निरीक्षक सनाउल्लाह व क्षेत्रीय लेखपाल ने जे.सी.बी के माध्यम से ध्वस्त करवा दिया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान दौरान एसएसबी व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। तहसील प्रशासन की सख्त कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश क्षेत्र में गया है कि सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम नानपारा द्वारा लगातार सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटवाए जाने पर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणकारियो में भय का माहौल है वही यह भी स्पष्ट हो गया है कि अब प्रशासन अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण पर कड़ी कार्यवाही कर रहा है। तहसील प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि सरकारी भूमि, तालाब, चकरोड एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध आगे भी अभियान जारी रहेगा। सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### एसडीएम सदर व सीओ महसी ने अधिकारियों के साथ ब्लैक स्पाट्स का किया निरीक्षण



बहराइच। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर 31 जनवरी 2026 तक जनपद में संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अन्तर्गत अधिकारियों की टीम द्वारा जनपद बहराइच में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, ओवरलोडिंग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, वैध दस्तावेज साथ के साथ वाहन का संचालन करने तथा रात्रि में लाइट एवं संकेतकों के सही प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गयी। ए.आर.टी.ओ. श्री सिंह ने बताया कि उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती पूजा चौधरी व पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार ने अधि.अभि. एनएचएआई/एनएच, ए.आर.टी.ओ., यातायात प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रदीप कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ बहराइच-नानपारा मार्ग पर ब्लैक स्पॉट्स झिंगहाघाट, चौपाल सागर, सोहरवा, बेगमपुर व तुलसीपुर का निरीक्षण किया गया। ए.आर.टी.ओ. ने बताया कि अधिकारियों के निरीक्षणोंपरान्त सम्बन्धित ब्लैक स्पॉट्स पर आवश्यकतानुसार प्रकाश, मार्ग चौड़ीकरण, स्पीड ब्रेकर, स्पीड टेबल साइन बोर्ड इत्यादि की स्थापना का कार्य कराया जायेगा।

### जाम से निजात के लिए चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कस्बे में लगने वाले जाम से लोगो को निजात देने के लिए डीएम के निर्देश पर नगर पंचायत प्रशासन व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान बस स्टॉप से लेकर भीटी तिराहे तक चला। अभियान के दौरान सड़को पर बेतरतीब खड़ी टैक्सियों को हटवाते हुए नाली के आगे व सड़क के किनारे दुकान लगाए हुए सभी दुकानदारों को भविष्य में पटरियों पर दुकान ना लगाने की चेतावनी देते हुए हटवा दिया। नगर पंचायत प्रशासन ने बताया कि अब यदि कोई भी पटरी व सड़क तक दुकान लगा मिला तो उसके खिलाफ सख्त विधिक कार्यवाही करते हुए भारी जुमार्ना भी लगाया जाएगा।

संक्षेप

## किसान दिवस आज

**अमेठी।** उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार ने बताया डीएम के निदेशानुसार जनपद अमेठी में माह जनवरी 2026 के तृतीय बुधवार 21 जनवरी को किसान दिवस का आयोजन तहसील सभागार गौरीगंज में अपरान्ह 12:00 बजे से 2 बजे तक किया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने जनपद के विभागीय अधिकारियों को सूचित किया कि किसान दिवस से सम्बन्धित संचालित कार्यक्रमों की सूचना सहित बैठक में समय से स्वयं प्रतिभाग करें।

## गेहूं, चावल सहित अन्य सामान जलकर खाक

**परशदेपुर, रायबरेली।** थाना डीह क्षेत्र के पूरे पितई मजरे हाजीपुर गांव में एक मकान में अचानक आग लग जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक धुन्नी लाल पटेल पुत्र गयादीन के मकान के एक कमरे में रखे भूसे में सुबह अचानक आग गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप धारण करना शुरू कर दिया। आग की विकराल लपटें उठती देख लोगों में अफरा तफरी मच गई।ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारी व ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि आग लगने से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई। पीड़ित परिवार के अनुसार भूसे में रखे गेहूं, चावल सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया।

## भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने किया निर्विरोध नामांकन

**सलोन, रायबरेली ।** ब्लॉक सभागार में सहकारी भूमि विकास बैंक की हुई बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सहकारी भूमि विकास बैंक की सलोन शाखा में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र चतुवेर्दी ने निर्विरोध नामंकन किया। उनके नाम का प्रस्ताव प्रभाकर सिंह तथा अनुमोदन कामता यादव ने किया। वहीं राजेंद्र चतुवेर्दी लगतार दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित किये गए। इस अवसर पर सलोन विधायक अशोक कोरी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह, भाजपा जिला मंत्री राघवेन्द्र पान्डेय, माडल अध्यक्ष चन्द्र शेखर सिंह , बृजेश शुक्ल, राम कुमार जायसवाल, सतेंद्र जोशी , इन्देश द्विवेदी, रोहित गुप्ता, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी सहित भाजपा संगठन के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्षेत्र के संभ्रात लोगो ने बधाई दी।

## दो बाइकों की टक्कर में पांच घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दो बाइकों में आमने-सामने हुई टक्कर में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। गंभीर चोट लगने के कारण चार लोगों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मंगलवार को दिन में लगभग 02:30 बजे कोतवाली क्षेत्र के किशुनदासपुर गांव के प्रिंस (19), संदीप (18), किशन( 15 ) एक बाइक से कादीपुर की तरफ से जा रहे थे। कटसारी गांव के गुलशन ( 18 ) सामने से बाइक से आ रहे थे। राइबीगो गांव के ब्राह्म बाबा स्थान के समीप दोनों बाइकों में आमने सामने टक्कर हो गई, जिससे दोनों बाइक पर सवार चारों युवक एवं राइबीगो गांव की बकरी चरा रही महिला शिवकुमारी ( 32 ) भी घायल हो गई। घायलों को सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से गंभीर चोट लगने के कारण चारों युवको को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। प्रत्यदर्शियों के अनुसार बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाएं थे।

# गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं मोदी: राहुल गांधी

## अडानी-अंबानी को दे रहे हैं सारा पैसा

**रायबरेली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के रोहनिया ब्लॉक के उमरन गांव में आयोजित मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल में केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मनरेगा योजना को कमजोर कर गरीब मजदूरों और ग्रामीणों के अधिकार छीन रही है, जबकि धन अडानी-अंबानी जैसे उद्योगपतियों को दिया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, भाजपा सरकार आरएसएस से पहले का हिंदुस्तान बनाना चाहती है, जहां गरीबों की जमीन और हक छीने जाएंगे। मनरेगा लोकतंत्र की तीसरी बड़ी पंचायत है, जिसे मोदी सरकार खत्म कर रही है। कांग्रेस इसे बचाने के लिए लड़ रही है।

उन्होंने मनरेगा योजना की मूल भावना पर जोर देते हुए बताया कि इसकी शुरूआत गरीब मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी और गांवों के विकास के लिए की गई थी। पंचायतों को वित्तीय अधिकार दिए गए, सड़कें-नालियां बनीं और गांवों की सूरत बदली। लेकिन मौजूदा सरकार ने इसे कमजोर करने का फैसला लिया है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मोदी ने मजाक उड़ाया था कि मनरेगा से कोई फायदा नहीं, जबकि कोविड काल में जब अन्य योजनाएं बंद थीं, तब मनरेगा ने मजदूरों और देश की रक्षा की। उन्होंने आरोप लगाया, अब सरकार गरीबों का गला घोंटने के लिए इस योजना का गला घोंटा जा रहा है। जो पैसा गरीबों को मिलता था, अब अडानी को दिया जाएगा। इससे पहले सांसद राहुल गाँधी ने आज सुबह कार्यकर्ताओं और जन प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद आईटीआई ग्राउंड स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में रायबरेली प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का उदघाटन किया है। यहाँ आईटीआई ग्राउंड पर पहुँच कर राहुल गांधी ने सिक्का उछाल कर टॉस किया और टीमों का उत्साहवर्धन भी किया।

## राहुल गांधी को अतुल सिंह ने राजा माहे पासी की प्रतिमा व अंग वस्त्र देकर किया स्वागत

**ऊँचाहार, रायबरेली।** उमरन में मनरेगा बचाओ संग्राम कार्यक्रम में सांसद राहुल गांधी को अतुल सिंह ने राजा माहे पासी कि प्रतिमा एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया इस मनरेगा बचाओ कार्यक्रम में राहुल गांधी ने कहा आरएसएस और नरेंद्र मोदी ने बाबा साहब अंबेडकर और संविधान की सोच को मिटाना चाहते है। गांधी जी की सोच को मिटाना चाहते है। आजादी से पहले जैसा हिंदुस्तान था, वैसा ही हिंदुस्तान आज भी है। जमीन छीनी जा रही है, आपके सारे हक छीने जा रहे हैं। योजनाएं छीनी जा रही हैं। योजना और उनका पैसा अदानी व अंबानी को दिया जा रहा है। आपकी जमीन अदानी और अंबानी के हवाले की जा रही है। आप भुखमरी की ओर खड़े दिखाई दे रहे हैं। हिंदुस्तान की सरकार पूंजीपतियों की सरकार है।

## देश का पूरा का पूरा हिस्सा अडानी व अंबानी को दे रहे हैं मोदी : राहुल

**रायबरेली।** नेता प्रतिपक्ष लोकसभा, राहुल गांधी ने सांसद आवास भुएमऊ में मंगलवार सुबह जन प्रतिनिधियों व संगठन पदाधिकारियों से मुलाकात कर जनता को कई योजनाओं की सौगात दी। अपने एक दिवसीय रायबरेली दौरे के दिन विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा का जो कांसेप्ट है उसके पीछे जो हमारी गवर्नमेंट थी, जो पंचायतें व लोकल गवर्नमेंट हैं उनको जिम्मेदारी दी जाये और उनको फाइनेंशियल रिस्पांसिबिलिटी दी जाए। दूसरा लक्ष्य था कि हिंदुस्तान के जो गरीब लोग हैं उनके लिए, मिनिमम वेज बने जिससे कम कहीं वेज न हो यह हमारा लक्ष्य था।

नेता प्रतिपक्ष ने कहाकि नरेंद्र मोदी पावर को अपने हाथों में लेना चाहते हैं और ब्यूरोक्रेसी के पास डालना चाहते हैं। वह गरीबों को भूखा मारना चाहते हैं। मामला केवल नाम बदलने का नहीं है उन्होंने गांधी जी के नाम का अपमान जरूर किया है। उससे भी बड़ी बात जो हमारी गरीब जनता है उनका जो प्रोटेक्शन था वह हटा दिया गया है। जो हमारी मनरेगा स्किम हर उसे बचाने का आंदोलन कांग्रेस कर रही है। जो मजदूरी करते हैं उन्हें प्रोटेक्शन मिले इसके लिये हम लगे हैं। नरेंद्र मोदी चाहते हैं देश का पूरा का पूरा भाग गौतम अडानी और अंबानी जी के हाथ चला जाए। हम जनता की रक्षा कर रहे हैं। जनता का सपोर्ट कर रहे हैं। दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी देश का पूरा का पूरा हिस्सा अडानी और अंबानी को दे रहे हैं। इससे पहले सांसद गांधी ने 2 करोड़ 61 लाख 53 हजार 7 सौ रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनता को सौंपा। इस दौरे से कांग्रेस कार्यकताओं में जोष व जनता को विकास कार्यों की सौगात मिली, भुएमऊ आवास पर श्री गांधी ने कई सामाजिक संगठनों एवं प्रतिनिधि मण्डलों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद उन्होंने आईटीआई स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में यूथ स्पोर्ट एकाडमी की ओर से आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और युवाओं को स्पोर्ट से जुड़ने को प्रेरित किया। श्री गांधी नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन लाल सोनकर के आवास पर वर-वधू को आशीर्वाद दिया, वहां से सीधे रोहनियां विकास खण्ड के उमरन गांव पहुंचे जहां पर कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम चैपाल कार्यक्रम के तहत देष की पहली चैपाल में भाग लेकर उपस्थित गरीब, किसान और मजदूरों से सीधा संवाद कर मनरेगा पर केन्द्र सरकार की उपेक्षा और गरीबों व मजदूरों की इस महत्वपूर्ण योजना को सरकार द्वारा समाप्त किये जाने के षड़यंत्र पर केन्द्र को घेरा।

## दबंगों के हौसले बुलंद, बाउंड्रीवॉल गिराकर कब्जा करने का प्रयास



**अमेठी।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खेरौना ( वृंदावन होटल के पीछे) स्थित एक कीमती भूखंड पर कब्जा करने की नीयत से दीवार गिराने और जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित ने अमेठी कोतवाली में नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। सोमपुर मनकंठ निवासी अरविन्द कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी बहू मैत्री श्रीवास्तव के नाम गाटा संख्या 251 ( रकबा 0.0041 ) का बैनामा करवाया था। इस भूमि का दाखिल-खारिज भी हो चुका है और सुरक्षा के लिए चारों ओर बाउंड्रीवॉल बनाई गई थी। पीड़ित के अनुसार, मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे जब वे अपने सहयोगी के साथ प्लॉट पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। आरोप है कि विपक्षी जनार्दन मिश्र और राधेचन्द्र प्रकाश मिश्र अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर लोहे की रॉड से उनकी बाउंड्रीवॉल गिरा रहे थे। दबंगों ने लगभग 30 फीट लंबी और तीन फीट ऊंची दीवार गिरा दी। जब पीड़ित ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ भद्दी-भद्दी गालियां दीं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी नींव भरना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी मूल रूप से बाहर के रहने वाले हैं और वर्तमान में अमेठी में ही निवास कर रहे हैं। पीड़ित अरविन्द कुमार श्रीवास्तव ने कोतवाली प्रभारी को पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने और सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पशुओं के मुंह का निवाला बना पुष्टाहार जिम्मेदार बने मूकदर्शक

**जगदीशपुर, अमेठी।** सरकार द्वारा चलाई जा रही बाल विकास परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढकर कमाई का स्रोत बनता जा रहा है गर्भवती महिलाओं व नन्हे मुन्ने बच्चों को मिलने वाला पुष्टाहार पशुओं के मुंह का निवाला बन गया है जहां विभागीय अधिकारी जानबूझकर आंख मूंदे हुए है। जगदीशपुर के अन्तर्गत स्थित दर्जनों आंगनबाडी केंद्रों पर तैनात आंगनबाडी कार्यकत्री सुपरवाइजर को मिलाकर दिन दूनी रात चौगुनी कमाई करने में मस्त हैं। नन्हे मुन्ने बच्चों, किशोरियों व गर्भवती महिलाओं को मिलने वाला पुष्टाहार दरिया पंजीरी पशु पालकों को बेचकर जेब गरम करने में मस्त है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाडी कार्यकत्री कुछ गिने चुने बच्चों को प्रसाद की तरह पुष्टाहार बांटकर कागजी खानापूर्ति कर देती हैं कागज में किशोरियों व नन्हे मुन्ने बच्चों की संख्या अधिक दशार्यी जाती है मौके पर गिने चुने बच्चे ही मौजूद रहते हैं नाम ना छापने की शर्त पर आँगनबाडी कार्यकत्री ने बताया कि इसके एवज में पुष्टाहार उठान के समय सीडीपीओ कार्यालय में तैनात जिम्मेदारों की जेब गरम करनी पड़ती है ऊपर से क्षेत्रीय सुपरवाइजर को भी मैनेज करना पड़ता है इस संबंध जब सीडीपीओ से बात करने की कोशिश की गई तो फोन नहीं उठा।

## डीएम ने तहसील स्थित ईवीएम,वीवी पैट वेयर हाउस की वाह्य सुरक्षा व्यवस्था का किया गया निरीक्षण

**अमेठी।** मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ,जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा तहसील गौरीगंज परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस की वाह्य सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त वेयर हाउस में विधानसभा क्षेत्र- अमेठी, गौरीगंज, तिलोई व जगदीशपुर निर्वाचन क्षेत्र की ईवीएम ,वीवी पैट मशीने लॉक के अन्दर संरक्षित हैं। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा के द्दष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि/रा अर्पित गुप्ता, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व जिला निर्वाचन कार्यालय के स्टाफगण उपस्थित रहे।

## मनायी गयी भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र के अमावां ब्लॉक अंतर्गत रसेहता गाँव में भारत रत्न कपूरी ठाकुर जी की 102वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कीं। सदर विधायक ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए यह आयोजन लोगों को एक दूसरे से जोड़ता है जो सामाजिक एकता के लिए महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा रही है मकर संक्रांति मौनी अमावस्या एवं अन्य सनातन पर्व पर अन्नदान करने से समाज के लोगों में सुख और समृद्धि तथा नवीन ऊर्जा का संचार होता है ।इस अवसर पर संदीप साहू द्वारा कंबल वितरण एवं खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इसके साथ ही युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा चयनित युवक एवं महिला मंगल दलों को खेल प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई। सामग्री वितरण के दौरान सदर विधायक ने लोगों का उत्साहवर्धन किया ।यह आयोजन सामाजिक सेवा, जनकल्याण और युवाओं के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरक उदाहरण रहा हैं ।

# सेवार्थम फाउंडेशन ने जरूरतमंदों में बांटी रजाइयां और मच्छरदानी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** ठंड को देखते हुए सेवार्थम फाउंडेशन की ओर से जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के लिए रजाई व मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रजाई और मच्छर दानी पाने के बाद जरूरत मंदो के चेहरे पर दिखी खुशी की लहर, लोगो ने इस कार्यक्रम की सराहना और प्रशंसा किया ,जिस तरह निः स्वार्थ भाव से गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा कर रही यह संस्था अपने निर्छल स्वभाव के लिए जानी जाती है। वही बात चित के दौरान यह भी बात सामने आया कि सेवार्थम फाउंडेशन किसी के खुशियों में शामिल हो या न हो पर जब किसी गरीब और जरूरतमंदों पर दुःख के बादल छाते है तो उस समय यह संस्था उस परिवार या जरूरत मंदो के लिए संजीवनी की तरह उनके दुःखो का हरण करता है, और एक नई ऊर्जा प्रदान कर उस परिवार के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहता है ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के



रूप में डॉ. आशीष तिवारी के बड़े भाई अमित तिवारी मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता धोपाप मंडल अध्यक्ष अनुपम निषाद ने की ।मुख्य अतिथि अमित तिवारी ने कहा कि डॉ. आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में सेवार्थम फाउंडेशन लगातार गरीबों व असहायों की सेवा में जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन भविष्य में भी इसी तरह समाजसेवा के कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अनुपम निषाद के साथ पवन निषाद, प्रिंस तिवारी, सचिन प्रजापति, संदीप यादव, उमेश तिवारी, कमलेश दुबे सहित गढ़ व धोपाप मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा संगठन के प्रदेश मडिया प्रभारी राममणि तिवारी आचार्य चंद्रकेश मिश्रा, विवेक तिवारी, लवलेश दूबे, विपिन शुक्ला, शिवम दुबे, धर्मेंद्र तिवारी समेत सेवार्थम फाउंडेशन के अधिकांश सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे। रजाई वितरण से जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिलेगी।

# स्वामी विवेकानंद सभागार का हुआ लोकार्पण



**सुलतानपुर (वीओएल)।** सिविल लाइंस स्थित राणा प्रताप पीजी कॉलेज में स्वामी विवेकानंद के नाम पर निर्मित स्वामी विवेकानंद सभागार का लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। स्वामी विवेकानंद सभागार का लोकार्पण क्षत्रिय शिक्षा समिति के अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने किया।

समिति के उपाध्यक्ष शुभ नारायण सिंह, महाविद्यालय के प्रबंधक बाल चंद्र सिंह, महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक प्रो. विनोद कुमार सिंह, राणा प्रताप विधि महाविद्यालय के प्रबंधक योगेश सिंह, प्रबंध समिति के सदस्यगणन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन अवसर पर अध्यक्ष एडवोकेट संजय सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के नाम पर निर्मित इस सभागार से विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों को अपने विचार प्रस्तुत करने, संवाद स्थापित करने तथा बौद्धिक गतिविधियों को सशक्त मंच प्रदान करेगा। यह सभागार महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं वैचारिक उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। महाविद्यालय के प्रबंधक बाल चंद्र सिंह ने कहा कि यह सभागार छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं प्रेरणादायी वातावरण निर्माण की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। वहीं प्राचार्य प्रो. डी.के. त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं और यह संगोष्ठी सभागार उनके आदर्शों को आत्मसात करने का सशक्त केंद्र बनेगा। सभागार के लोकार्पण के पश्चात समरसता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें क्षत्रिय शिक्षा समिति के सदस्यगण, राणा प्रताप पी जी कॉलेज, महात्मा गांधी स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज, राणा प्रताप विधि महाविद्यालय एवं श्री धनंजय सिंह मेमोरियल स्कूल के समस्त स्टाफ ने सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

## एनटीपीसी बनी उम्मीद की किरण, 40 युवाओं को मिला रोजगार का अवसर

**रायबरेली।** नैगम सामाजिक दायित्व के तहत एनटीपीसी ऊँचाहार परियोजना के आस-पास के गांवों के 40 युवक-युवतियों को जब जॉब ऑफर लेटर मिला तो उनकी बांछे खिल उठी और सभी लाभार्थियों ने एनटीपीसी के प्रति दिल से आभार जताया ।सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ( सीपेट ) के माध्यम से ऊँचाहार परियोजना क्षेत्र के युवक एवं युवतियों को प्लास्टिक प्रोसेसिंग में छह माह का कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण उपरांत इन अभ्यर्थियों का देश विदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट कराया गया ।प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं ऑफर लेटर प्रदान करने हेतु एनटीपीसी ऊँचाहार में एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख बिश्व मोहन सिंह, अन्य महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा संबंधित ग्राम प्रधानों की गरिमामयी उपस्थिति में लाभार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य और आत्मनिर्भर जीवन को नई दिशा मिली ।परियोजना प्रमुख बिश्व मोहन सिंह ने कहा कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि चयनित अभ्यर्थियों में लगभग आधी संख्या बालिकाओं की है, जो एनटीपीसी के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए एनटीपीसी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सीपेट के कौशल विकास विभाग के प्रमुख केपी सिंह ने प्रशिक्षण से संबंधित प्रेरणादायक जानकारी साझा की तथा युवाओं के रोजगार सृजन हेतु एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की।

## काशी में मंदिर ध्वस्तीकरण के खिलाफ आप कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**गौरीगंज, अमेठी।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को जिला मुख्यालय गौरीगंज में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया है। कार्यकताओं ने ज्ञापन में काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के कथित ध्वस्तीकरण के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने कहा कि यह कार्रवाई धार्मिक आस्था पर हमला है और संविधान के सिद्धांतों के विरुद्ध है। पार्टी कार्यकताओं ने मांग की है कि ध्वस्त किए गए मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया जाए और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जाय। इस मौके पर मीडिया प्रभारी आवेश हन्फी, मलखान सिंह, धर्मेश चन्द्र मिश्र, राजेश मो. तस्लीम सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूल वाहनों की जांच

**गौरीगंज,अमेठी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में परिवहन विभाग को सौपे गये दायित्वों के क्रम में परिवहन विभाग अमेठी द्वारा जनपद के विभिन्न स्कूलों में स्कूली वाहनों की जॉच की गयी तथा मानक के अनुरूप न पाये गये वाहन के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गयी तथा सड़क सुरक्षा गोष्ठियों का आयोजन कर सड़क सुरक्षा / यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नो हेलमेट नो फ्यूल, हेलमेट एवं शीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ओवरस्पीडिंग से बचाव, ट्रैक्टर तथा मालवाहनों में सवारियों न बैठाने तथा कोहरे में धीमी गति से वाहन चलाने तथा रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। प्रवर्तन दल, अमेठी द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही करते हुये 69 चालान हेलमेट के अभियोग में, सीटबेल्ट के अभियोग में 05 चालान तथा ओवरलोड के अभियोग में 4 मालवाहनों के चालान / बन्द की कार्यवाही की गयी कुल मिलाकर प्रवर्तन दल द्वारा 78 वाहनों के विरुद्ध चालान / बन्द की कार्यवाही की गयी है।

## हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**रायबरेली।** लालगंज-सरेनी मार्ग में बेंहटाकलां गांव के पास हुई मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर षव को अन्त्य परीक्षण के लिये भेज दिया है। क्षेत्र के सराय कुर्मी गांव निवासी रामलखन का लालगंज के बेहटा चैराहे के पास सरेनी रोड में व्यवसायिक प्रतिष्ठान है। जहां से रात लगभग 10 बजे उसका पुत्र दीपक( 20 ) बाईक से अपने घर जा रहा था। बेहटा कलां गांव के पास उसकी बाईक में अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे वह बाईक समेंत खंती में चला गया। आासपास के लोगो की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे लेकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भती कराया। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। जिला चिकित्सायल में भी उसकी हालत में सुधार न होने के चलते उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया लेकिन रास्ते में ही दीपक ने दम तोड़ दिया।

## मामला उजागर होने पर जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम,मचा हड़कंप

**परशदेपुर, रायबरेली।** नसीराबाद स्थित सीएचसी में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हेराफेरी,अवैध वसूली व फजीर्वाड़े के आरोप के मामले में एसीएमओ ने अस्पताल पहुंच कर मामले की गहनता से जांच पड़ताल की। एसीएमओ ने आरोप से संबंधित लोगों के बयान भी दर्ज किए। उल्लेखनीय है कि अवैध वसूली, हेराफेरी व फजीर्वाड़े का मामला रविवार को अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अधिकारियों ने खबर को संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल शुरू हुई। वहीं मामला बढ़ता हुआ देख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारी एक अन्य व्यक्ति के माध्यम से पीड़ित से मैनेजमेंट करने में जुट गए हैं। देखना है कि पीड़ित को न्याय मिलता है या नहीं। वहीं पीड़ित ने अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र का राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में चयन

**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां नगर के उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र ने राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम चयन हासिल किया। छात्र के चयन से विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इंटर कॉलेज के कक्षा 9 के छात्र आयुष गौतम का राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी ने छात्र को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं ज्ञापित की है। वहीं इसके साथ ही साथ छात्र की इस सफलता पर हौसला अफजाई भी की है।

# संघर्ष प्रेरणा महिला संकुल समिति की आम सभा संपन्न

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रतापपुर कमैचा ब्लॉक के बैतीकला क्लस्टर में संघर्ष प्रेरणा महिला संकुल समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, ग्राम संगठन प्रतिनिधि, कैडर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। ब

ैठक का उद्देश्य संकुल संघ की वार्षिक प्रगति की समीक्षा करना, उपलब्धियों को साझा करना तथा आगामी योजनाओं पर चर्चा किया। सभा में बताया गया कि वर्तमान में संकुल संघ 20 ग्राम पंचायतों एवं 40 राजस्व गांवों में सक्रिय है। इन क्षेत्रों में 22 ग्राम संगठनों के माध्यम से कुल 279 स्वयं सहायता समूह संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे 3293 परिवार सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु संकुल संघ द्वारा आरएफ, सीआईएफ एवं




सीसीएल के माध्यम से निरंतर वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। सीआईएफ एवं सीसीएल के जरिए किए गए वित्त पोषण का सकारात्मक परिणाम सामने आया है, जिसके चलते लगभग 3000 परिवार ब्यूटी पार्लर, बीसी सखी सेंटर, जन सेवा केंद्र, फर्नीचर दुकान, स्टील चक्र, कॉस्मेटिक शॉप, रेडीमेड कपड़ों की दुकान, नाश्ता व किराना दुकान, सिलाई सेंटर, मछली पालन, मुर्गी पालन, कृषि एवं पशुपालन जैसी विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। बैठक के दौरान आजीविका के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिससे अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। बताया गया कि महिला समूहों की एकजुटता और नियमित बचत, ऋण व व्यवसायिक गतिविधियों के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव, बीएमएम अनिल कुमार पटेल, उमेश सिंह एवं शिवांशु त्रिवेदी, डीईओ चेचल, एफपीओ सीईओ अमित दुबे सहित, कलस्टर अध्यक्षता अध्यक्ष मीना कोषाध्यक्ष सुनीता, सचिव चंद्रकला और उपाध्यक्ष जय काली तथा उपसचिव कमलावती सहित बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

संक्षेप

## साइबर ठगी करने वाले छह शातिर गिरफ्तार

**मथुरा।** शेरगढ़ थाना पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले 6 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा द्वारा चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत की गईं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मथुरा और क्षेत्राधिकारी छाता ने इस संबंध में जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक थाना शेरगढ़ प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। अभियुक्तों को 20 जनवरी 2026 को आईटीआई कॉलेज के बगल में एक मकान के बाहर से पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान शहजाद पुत्र रहमत (निवासी गांव विशंभरा), साबिर पुत्र उमेदा (निवासी विशंभरा), अलीओस पुत्र नवाज खां (निवासी बोना नगला विशंभरा), साहिद पुत्र जेकम (निवासी विशंभरा), साबिद पुत्र उमर (निवासी बोना नगला) और हनीप पुत्र उसमान (निवासी विशंभरा) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से 6 मोबाइल फोन, 17 सिम कार्ड, 14 आधार कार्ड और 2060 रुपये नकद बरामद किए हैं। इसके अतिरिक्त, तीन तमंचे और तीन कारतूस भी जब्त किए गए।

## दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

**लंभुआ, सुलतानपुर ।** लंभुआ नगर पंचायत के विवेक नगर वार्ड में एसपी के निर्देशन पर पुलिस चेकिंग के दौरान दो गांजा तस्कर गिरफ्त में आ गए और पुलिस ने दोनो तस्करों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया और विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने न्यायिक अभिरक्षा में उन्हें जेल भेज दिया। दो अन्य तस्कर जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गए, पुलिस उनकी तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत लंभुआ क्षेत्र अधिकारी ऋतिक कपूर तथा कोतवाली प्रभारी संदीप राय के नेतृत्व में लंभुआ पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उप निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, चंद्रपाल सिंह, सिपाही सुष्पेंद्र सिंह, पंकज तिवारी, संदीप यादव, उमेश कुमार की संयुक्त टीम ने नगर पंचायत के विवेक नगर से कुंवर शिवम सिंह निवासी शाहपुर पूरन तथा रोहित जायसवाल दियारा रोड लंभुआ को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से अड़तीस किलो तीन सौ ग्राम नाजायज गांजा सफेद प्लास्टिक की बोरी में बरामद हुआ। उक्त घटना में अन्य अभियुक्त अंकित पाठक सराय मकरकोला तथा रामकुमार लंभुआ घना जंगल होने का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले।

## चौरासी बाबा के आश्रम में उमड़ा श्रद्धा और सेवा का संगम

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** मंगलवार को सुप्रसिद्ध संत श्री चैरासी महाराज जी की प्रथम पुण्यतिथि पर चैरासी बाबा आश्रम में श्रद्धा, भक्ति और सेवा से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के गुरुद्वारे से पधारे रागी जत्थे ने मनोहारी भजन व कीर्तन प्रस्तुत कर महाराज जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। भजन-कीर्तन से आश्रम परिसर आध्यात्मिक वातावरण में सराबोर हो गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री गुरु गोविंद सिंह शैक्षिक तथा धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया। दोपहर 12:00 बजे से शुरू हुआ भजन-कीर्तन का सिलसिला अपराह्न 3 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# मंडलायुक्त ने होली को लेकर की समीक्षा




**मथुरा।** तहसील गोवर्धन के नगर पंचायत बरसाना में स्थित लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में रंगोत्सव 2026 के संबंध में उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र एवं मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने सभी विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल, उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण लक्ष्मी एन, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार, एसपी यातायात मनोज कुमार यादव, एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र प्रकाश, उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

आगामी होली / रंगोत्सव 2026 तथा बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लडडू होली (24 जनवरी 2026) तथा लठामार होली (25 जनवरी 2026) की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा संपन्न बैठक हुई। बैठक में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने अवगत कराया है कि मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों से सम्बन्धित मंचो, साज-सज्जा, प्रवेश द्वार, सेल्फी पॉइन्ट आदि का निर्माण एवं लाइव प्रसारण आदि की व्यवस्था पर्यटन विभाग एवं उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा समन्वय स्थापित कर किया जायेगा। उन्होंने बताया 24 जनवरी को श्रीराधारानी मंदिर में लडडू होली होगी। राधा बिहारी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न स्थलों पर प्रवेश द्वारों की स्थापना की जाएगी, जिसमें बरसाना में 5, नन्दगाँव में 4, रावल में 2, गोकुल में 2, बल्देव में 2, फालैन में 2, महावन में 1 तथा मथुरा में 5 कुल 23 द्वार बनाए जाएंगे। रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत बरसाना, नन्दगाँव, फालैन एवं मथुरा जनपद के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु 25 छोटे स्टेज बनाए जाएंगे। रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर 12 सेल्फी प्वाइंट की स्थापना की जाएगी। जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख मंदिरों पर प्रकाश व्यवस्था विद्युत सजावट का कार्य किया जाएगा, जिसमें गाजीपुर मंदिर, संकेत मंदिर, श्री राधारानी मन्दिर रावल, नन्दकिला नन्दभवन गोकुल, श्री प्रहलाद मन्दिर (प्रहलाद कुण्ड) ग्राम फालैन, होलीगेट मथुरा, विश्राम घाट मथुरा, ठाकुर श्री दाऊजी मन्दिर बल्देव तथा नन्दभवन चौरासी खम्भा मन्दिर महावन शामिल है। फसाड लाईटिंग का कार्य श्री राधारानी मन्दिर बरसाना तथा श्री नन्द मन्दिर नन्दगाँव में किया जाएगा।

## भूमि विकास बैंक चुनाव में भाजपा का परचम, दो चेयरमैन निर्विरोध निर्वाचित

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी मथुरा महानगर के जिलाध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव के नेतृत्व में ब्लॉकों में आयोजित हुए भूमि विकास बैंक (एलडीबी) चुनाव में भाजपा ने एकतरफा जीत दर्ज की। वही मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया मथुरा भूमि विकास बैंक से राजवीर सिंह चैधरी तथा गोवर्धन भूमि विकास बैंक से विजय सिंह को निर्विरोध चेयरमैन चुना गया, जिससे संगठन में उत्साह का माहौल देखा गया।

वहीं जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू ने बताया भूमि विकास बैंक चुनाव में मथुरा एवं गोवर्धन से भाजपा प्रत्याशियों का निर्विरोध निर्वाचित होना संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है। महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया भूमि विकास बैंक चुनाव में मथुरा एवं गोवर्धन से भाजपा प्रत्याशियों का निर्विरोध चयन यह सिद्ध करता है कि किसान, सहकारिता से जुड़े सदस्य और आम जनमानस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त कर रहे हैं। मथुरा भूमि विकास बैंक से राजवीर सिंह चैधरी और नव निर्वाचित चेयरमैन विजय सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि वह जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने भूमि विकास बैंक की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने का भी आश्वासन दिया।

चुनाव परिणामों की घोषणा के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद चै. तेजवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवी सिंह, गोवर्धन विधायक ठा. मेघश्याम सिंह, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन निरंजन सिंह धनगर, ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष पन्ना लाल गौतम, पूर्व चेयरमैन गोविंद सिंह भवनपुरा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद सिंह चैधरी, गंभीर गुर्जर, जिला मंत्री कुन्ज बिहारी चतुर्वेदी, कमला प्रसाद शर्मा, चंद्रपाल कुंतल, जगदीश कुंतल, मोहनलाल शर्मा, ललित गौतम, पार्षद अंकुर गुर्जर, मनोज सौनोट, परशुराम सिंह, सतेंद्र चैधरी, प्रणय शर्मा, चंदगीराम, तेजवीर प्रधान, बलजीत प्रधान, जगदीश कुंतल, डायरेक्टर जिला सहकारी बैंक संजय कुमार, सहकारी समिति अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष सतेन्द्र चैधरी, अशोक प्रधान कौंथरा, कृष्णा कुंतल, बच्चू सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये दीपक चौधरी



**टूंडला।** ब्लॉक कार्यालय टूंडला में भूमि विकास बैंक अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा जिला महामंत्री दीपक चौधरी निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय टूंडला में भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद का नामांकन हुआ, जिसमें भाजपा जिला महामंत्री दीपक चौधरी ने दलबल के साथ अपना नामांकन किया, अन्य किसी और का नामांकन न होने पर उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बैंक प्रबंधक ने उनके निर्वाचित होने की घोषणा की व तहसीलदार राखी शर्मा ने उन्हें जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समर्थकों ने साफ बांध फूल मालाओं से ढोल नगाड़े बजा कर मिष्ठान वितरण कर नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, गुड्डू बघेल पूर्व विधायक शिव सिंह चक, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष मा. देशराज सिंह, राम तीर्थ चक, रूपेश शुक्ला, संजय परमार, रिंकू उपाध्याय, लाल बहादुर सिंह लालन, देवेंद्र बेनीवाल, अनिल कुमार चौधरी, अजीत जुरैल आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

## बांके बिहारी मंदिर की हाई पावर्ड कमेटी की 11वीं बैठक संपन्न

**मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर्ड कमेटी की 11वीं महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को देर शाम वृंदावन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार ने की, जिसमें सेवानिवृत्त जज मुकेश मिश्रा, जिलाधिकारी सीपी सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश और सेवायत गोस्वामी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में मंदिर की सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था और बुनियादी ढांचे से जुड़े कुल 17 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के उपरांत मीडिया से बात करते हुए कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार ने एक बड़ी उपलब्धि साझा की। उन्होंने बताया कि राजस्थान के कोटा में ठाकुर बांके बिहारी जी की संपत्ति का वर्षों से चिन्हांकन नहीं हो सका था। जिलाधिकारी मथुरा के निर्देशन में एक टीम कोटा भेजी गई थी, जिसने राजस्थान सरकार और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से मंदिर की 15 हेक्टेयर भूमि को सफलतापूर्वक चिन्हित कर लिया है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए कमेटी ने दर्शन व्यवस्था को और सुगम बनाने का निर्णय लिया है। नववर्ष के दौरान सेवायतों के यजमानों के लिए दर्शन संख्या में जो ढील दी गई थी, उसे पुनः संशोधित कर अधिकतम 5 व्यक्ति प्रति सेवायत निर्धारित कर दिया गया है। साथ ही, भविष्य में भीड़ नियंत्रण के लिए रैलिंग के माध्यम से कतारबद्ध दर्शन की व्यवस्था लागू की जाएगी। कमेटी अध्यक्ष ने जानकारी दी कि आगामी बसंत पंचमी के पावन पर्व से मंदिर में पारंपरिक होली महोत्सव का शंखनाद हो जाएगा। इसी दिन मंदिर के द्वार पर एक श्रद्धालु द्वारा भेंट की गई चांदी की देहरी भी विधि-विधान से पूजन के बाद ठाकुर जी को समर्पित कर लगा दी जाएगी। बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के निर्माण पर चर्चा करते हुए न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने पहली रजिस्ट्री होने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने इसे सेवायत गोस्वामियों की एक सराहनीय पहल बताते हुए अन्य लोगों से भी अपील की कि वे कॉरिडोर निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए आगे आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर की वर्तमान व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चलती रहेंगी और आवश्यकतानुसार निरंतर सुधार किए जाएंगे।

# सिद्धि विनायक कॉलेज की सामान्य ज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों का सैलाब उमड़ा



- 57 इंटर कॉलेज के 3475 छात्र और छात्रायों ने भाग लिया

**गोवर्धन।** शहर के श्री सिद्धि विनायक महाविद्यालय में युवा प्रतिभा महोत्सव के अंतर्गत सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया।

सोमवार को सामान्य ज्ञान परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राओं का सैलाब सुबह से ही श्री सिद्धि विनायक सिद्धि पर उमड़ पड़ा। आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा में जनपद के सभी ब्लॉकों से 57 इंटर कॉलेज के 3475 छात्र-छात्रायों ने भाग लिया। निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, सचिव श्रीमती मधु शर्मा ने गणेश जी महाराज की आरती उतारकर, पुष्प वर्षा करके परीक्षा का शुभारंभ किया। प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि सामान्य ज्ञान परीक्षा में मथुरा जनपद के सभी ब्लाकों से छात्र-छात्राओं ने बड़े ही जोश और उत्साह के साथ भाग लिया है। एलएलबी विभागाध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारी भारत उपाध्याय एडवोकेट ने बताया की युवा प्रतिभा महोत्सव में आयोजित खेलकूद एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा के विजेताओं का परिणाम 29 जनवरी को घोषित किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार एलइडी टीवी, द्वितीय पुरस्कार रेंजर साइकिल, तृतीय पुरस्कार तूफानी और 161 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सहनिदेशक सतीश शर्मा, विपुल शर्मा ने इंटर कॉलेजों से आये प्रबन्धकों एवं प्रधानाचार्यों का स्मृति चिन्ह देकर पटुका माला उड़ाकर भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पीटीआई दिलीप यादव ने किया। इस अवसर पर टीकम सिंह राजावत, विष्णुकांत शर्मा, पवन कुमार, कुमरपाल सिंह, जयप्रकाश कुंतल, भानु अग्रवाल, हारून, बालकृष्ण सैनी, दिनेश कौशिक, चंद्रशेखर जोशी, प्रकाश सिंह, याचना शर्मा, अर्चना माथुर, नीलम, मोनिका भारद्वाज, बुलबुल कौशक आदि उपस्थित रहे।

## एडीजी ने पुलिस लाइन फिरोजाबाद में की समीक्षा

**फिरोजाबाद।** पुलिस लाइन स्थित बहुउद्देश्यीय हॉल में अनुपमा कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा शैलेश कुमार पांडेय पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा रेंज आगरा एवं सौरभ दीक्षित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद की उपस्थिति में जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद को जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जागरूगता प्रदान की गयी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी फिरोजाबाद, परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आगरा परियोजना क्रियान्वयन इकाई, फिरोजाबाद, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, फिरोजाबाद सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, फिरोजाबाद, नगर आयुक्त, नगर निगम, फिरोजाबाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद जिला विद्यालय निरीक्षक, फिरोजाबाद ट्रान्सपोर्ट यूनियन के प्रतिनिधि, एनसीसी कैडेट, सिविल डिफेंस क्रिटिकल कॉरिडोर टीम एवं यातायात पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में 08 क्रिटिकल थानों टूण्डला, पचोखरा, शिकोहाबाद, मक्खनपुर, सिरसागंज, नसीरपुर, जसराना एवं एका को चिन्हित करते हुए 12 क्रिटिकल कॉरिडोर टीमें गठित की गई हैं, इन टीमों द्वारा चिन्हित क्रिटिकल कॉरिडोर एवं ब्लैक स्पॉट्स पर निरंतर निरीक्षण प्रवर्तन एवं दुर्घटना रोकथाम से संबंधित कार्यवाही की जा रही है। ब्लैक स्पॉट्स पर चेतावनी संकेतक रिफ्लेक्टर, प्रकाश व्यवस्था, गति-नियंत्रण उपाय, प्वाइंट-ड्यूटी तथा दृश्यमान पुलिसिंग सुनिश्चित किए जाने पर विशेष बल दिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर लागू किया जाए। उन्होंने महत्वपूर्ण मार्गों पर निरंतर गश्त, यातायात नियमों का सख्ती से पालन तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन आवर सिद्धांत को प्राथमिकता देते हुए पुलिस डायल-112 एवं एम्बुलेंस सेवाओं के मध्य समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। बैठक के अंत में यह संकल्प दोहराया गया कि जनपद फिरोजाबाद को सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त कर जीरो फैटालिटी डिस्ट्रिक्ट बनाए जाने की दिशा में पुलिस विभाग पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा। इसके सम्बन्ध में जनपद में विभिन्न जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएँगे साथ ही एक्सीडेंट पीड़ित की मदद करने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# नशा मुक्ति व मतदाता जागरूकता रैली निकाल किया जागरूक




**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय आवासीय विशेष शिविर के पांचवें दिन चयनित गांव देवखेड़ा में नशा मुक्ति एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि किशन शर्मा सह निदेशक मत्स्य अधिकारी एवं प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय एवं उपस्थित शिक्षकों ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने स्वागत गीत गाकर आए हुए अतिथियों का वेज एवं पट्टा डालकर स्वागत किया। किशन शर्मा एवं प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रेलियो का शुभारंभ किया।

किशन शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्वयं सेवकों से कहा कि आप घर घर जाकर के लोगों को मतदान के बारे में समझाएं तथा जिनकी 18 वर्ष की आयु हो चुकी है वह अपने वोट अवश्य बनवाएं। वोट डालते समय किसी के लालच में न आए। स्वतंत्र रूप से मतदान करें। अच्छे नेता का चुनाव करें जो आपकी समस्याओं को हल कर सके। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने नशा मुक्ति अभियान विषय पर छात्रों को नशे से बचने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा यह भी बताया कि नशा करने से कौन-कौन सी हानियां होती हैं, एवं सभी छात्र/छात्राओ को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। शिक्षक सुरेश पचौरी ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन आलोक उपाध्याय हिमांशु भारद्वाज, रिचा गुप्ता जितेंद्र शर्मा शीर ध्वज शर्मा, अमर तिवारी, कौशल शर्मा ऋषि शर्मा, अमित उपाध्याय आदि लोग उपस्थित रहे।

## जिपं अध्यक्ष के प्रतिनिधि और सुपुत्र ने किया प्रशिक्षण संस्थान का शुभारंभ

**मथुरा।** पाली खेड़ा गांव में आज कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट सेंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी के प्रतिनिधि देवी सिंह और उनके सुपुत्र पार्थ चैधरी ने फीता काटकर सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा पाली खेड़ा गांव के जितेन्द्र सिंह, नरेन्द्र कुमार यतेन्द्र कुमार द्वारा संचालित कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट संस्थान क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से खोला गया है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में संस्थान सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष के सुपुत्र पार्थ चैधरी ने कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयां स्थापित करेगा। शुभारंभ के अवसर जितेन्द्र सिंह, नरेन्द्र कुमार, यतेन्द्र कुमार ने मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि देवी सिंह (डीएम), उनके सुपुत्र का पगड़ी बांध कर पटुका पहनाकर व श्रीराधाकृष्ण तस्वीर देकर जोरदार स्वागत किया।



## नितिन नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपाइयों ने मनाया जश्न




**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी के नितिन नवीन के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया इस दौरान टुंडला नगर कार्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए जिन्हें संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है हमारे यहां कार्य करने वाले कार्यकताओं को मौका मिलता है, नितिन नवीन सामान्य परिवार में जन्मे विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री बिहार युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विधायक वर्तमान में बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, आपका संगठनात्मक अनुभव ही प्रशासनिक अनुभव है भाजपा से सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं उन्होंने आगे कहा भाजपा में सदैव कार्यकताओं को सम्मान मिलता है, इस उपलक्ष में वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह चौधरी दीपक चौधरी हनुमंत बघेल शिव शंकर शर्मा दिनेश गुप्ता ब्लॉक प्रमुख सतीश बघेल सुशील चक शिव सिंह चक दीपक राजोरिया नीलम दिवाकर योगेंद्र चौहान देवेंद्र बेनीवाल महिपाल निषाद पुष्पेंद्र पाल सिंह पूरन सिंह निषाद अनंत प्रताप संध्या गौतम रिंकू सुनील पाठक जुबिन भारद्वाज विष्णु तिवारी महेंद्र झा मुकेश धामा आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

## शंकराचार्य के साथ कथित पुलिसिया उत्पीड़न के विरोध में कटका क्लब ने सौंपा ज्ञापन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ हुए कथित पुलिसिया उत्पीड़न और अमानवीय व्यवहार के विरोध में कटका क्लब सामाजिक संस्था ने सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संस्था पदाधिकारियों ने घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन की अगुवाई करते हुए संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि सनातन धर्म ने पूरी दुनिया को मयार्दा, संस्कार और सम्मान का संदेश दिया है। ऐसे में सनातन परंपरा के सर्वोच्च पद शंकराचार्य के साथ अभद्र और अमानवीय व्यवहार होना अत्यंत पीड़ादायक और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती केवल एक संत नहीं, बल्कि आदि गुरु शंकराचार्य की उस महान परंपरा के ध्वजवाहक हैं, जिसने भारत को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से एक सूत्र में बांधा है। कटका क्लब के मीडिया प्रभारी मोनू यादव ने कहा कि पूज्य महाराज के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाना चाहिए और सार्वजनिक रूप से उनसे क्षमा याचना की जानी चाहिए। वहीं आईटी सेल प्रभारी बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि संतों और शंकराचार्य जैसे उच्च पद पर आसीन व्यक्तित्व के साथ ऐसा व्यवहार दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पहले अंग्रेजी शासन के दौर में भी इस प्रकार का व्यवहार देखने को नहीं मिलता था। यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो संस्था आंदोलन के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान आदर्श जायसवाल, रामराज पांडेय, प्रज्वल मिश्र, सुशांत पाठक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में संतों के सम्मान की रक्षा और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

# रिफाइनरी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया



**मथुरा।** मथुरा रिफाइनरी ने अपने 45वें रिफाइनरी दिवस का उत्साह और उमंग के साथ आयोजन किया, जो इसकी गौरवशाली यात्रा का एक और महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। रिफाइनरी दिवस के कार्यक्रम के लिए विशेष तौर पर इंडियनऑयल के अध्यक्ष ए एस साहनी पधारे। अपने इस संक्षिप्त दौरे में श्रीसाहनी ने नगर चैपाल, रिफाइनरी नगर में वृक्षरोपण किया और रिफाइनरी कर्मियों को रिफाइनरी दिवस की बधाई दी और सभी रिफाइनरी कर्मियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहा, साथ ही भविष्य में भी अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित किया।

बाद में रिफाइनरी में आयोजित कार्यक्रम की अगुवाई रिफाइनरी प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक मुकुल अग्रवाल ने की और रिफाइनरी ध्वज फहराया। इस अवसर पर अनिल कुमार, सीजीएम (एचआर), वी. सुरेश, सीजीएम (टीएस एवं एचएसई), सुधांशु कुमार, सीजीएम (एम एंड सी, ईएस एवं निरीक्षण), एच.एस. रुखियार, सीजीएम (टी), हरीश पहल, संयुक्त सचिव (आईडी), फतेह सिंह, कोषाध्यक्ष (कर्मचारी संघ), डी.एस. चहर, सचिव, आशीष दहिया, सीईसी (ओफिसर्स एसोसिएशन) तथा बड़ी संख्या में रिफाइनरी कर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान रिफाइनरी प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक मुकुल अग्रवाल ने सभी रिफाइनरी कर्मियों को सेवा में समर्पण की शपथ दिलाई। अनिल कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और साढ़े चार दशकों में मथुरा रिफाइनरी की गौरवशाली विरासत पर प्रकाश डाला।

अध्यक्ष इंडियनऑयल तथा निदेशक (रिफाइनरीज) के शुभकामना संदेश क्रमशः वी. सुरेश और सुधांशु कुमार द्वारा पढ़कर सुनाए गए। वर्ष 2025 के लिए रिफाइनरी के प्रदर्शन पर प्रस्तुति इमरान अली खान, डीजीएम (टीएस) द्वारा दी गई। सभा को संबोधित करते हुए श्रीअग्रवाल ने सभी रिफाइनरी कर्मियों को बधाई दी और कहा कि रिफाइनरी की सफलता इसके पूर्व एवं वर्तमान कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने 2025 को एक ऐतिहासिक वर्ष बताया, जिसमें नए रिकॉर्ड और मानक स्थापित किए गए, तथा भविष्य में निरंतर उत्कृष्टता का विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में नई पहलों के वर्चुअल उद्घाटन हरिश पहल और आशीष दहिया के प्रेरक संबोधन तथा डी.सी. वर्मा, जीएम (ईएमएस, एमएस, एल एंड डी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन भी शामिल रहा। सायंकाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम और मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह के साथ समारोह का समापन हुआ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से पल्सर सवार युवक की मौत, दो गंभीर घायल

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार थाना क्षेत्र अंतर्गत अयोध्याद्दप्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुप्तारगंज बाजार में मंगलवार की शाम करीब छह बजे सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन ने तेज रफ्तार में पल्सर बाइक सवार तीन नवयुवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक बाइक से उछलकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सुमित यादव (25 वर्ष) पुत्र जोखू, निवासी शिव पल्टन का पुरवा सेउर चमुरखा, की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके साथ बाइक पर सवार जिगर (22 वर्ष) पुत्र जुबेर तथा कैफ (25 वर्ष) पुत्र आफात, निवासीगण सेउर चमुरखा, गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों व स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों की मदद से तथा एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को तत्काल कूरेभार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ. प्रयेश दीक्षित ने पजिगर और कैफ की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही कूरेभार पुलिस भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में ग्रामीणों और परिजनों का जमावड़ा लग गया। युवक की असामयिक मौत से क्षेत्र में शोक की लहर है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

संक्षेप

## टाटा मोटर्स ने 17 ट्रकों को लॉन्च किया

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स ने आज 7 से 55 टन तक की क्षमता वाले 17 ट्रकों का अपना अगली पीढ़ी का पोर्टफोलियो लॉन्च किया, जो सुरक्षा, लाभ और प्रगति में नए मानक स्थापित करता है। यह व्यापक लॉन्च नई अज़ुरा सीरीज, अत्याधुनिक टाटा ट्रक्स.ईवी रेंज, और मशहूर प्राइमा, सिग्ना तथा अल्ट्रा प्लेटफॉर्म्स में महत्वपूर्ण अपग्रेड पेश करता है। ये ट्रक दुनिया के कड़े सुरक्षा नियमों के हिसाब से बने हैं और इनका मकसद ट्रांसपोर्टर्स की बचत बढ़ाना, रखरखाव का खर्चा कम करना और काम को आसान बनाना है। भारत में ट्रकिंग का क्षेत्र सरकारी नीतियों, बेहतर सड़कों और सुरक्षित व साफ-सुथरे ट्रांसपोर्ट की मांग के कारण तेजी से बदल रहा है। टाटा मोटर्स ने हमेशा से इस बदलाव में आगे रहकर नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं जोकि इंडस्ट्री के भविष्य को आकार देते हैं।

## वी-गार्ड का इंडक्शन कुकटॉप बना पहला 5-स्टार बीईई मॉडल

नयी दिल्ली। वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है। कंपनी के इन-हाउस विकसित इंडक्शन कुकटॉप मॉडल वीआईसी06वी1 को ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा 5-स्टार ऊर्जा दक्षता रेटिंग प्रदान की गई है। यह सम्मान प्राप्त करने वाला यह भारत का पहला इंडक्शन कुकटॉप मॉडल है। यह मान्यता ऊर्जा-कुशल नवाचार, इन-हाउस डिजाइन क्षमता, उच्च निर्माण मानकों और गुणवत्ता के प्रति वी-गार्ड की निरंतर प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है। यह इंडक्शन कुकटॉप तेज, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल कुकिंग अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है, ताकि उपभोक्ता सुविधा और प्रदर्शन से समझौता किए बिना बिजली की खपत कम कर सकें।

## मोटोरोला ने रिपब्लिक डे ऑफर्स की घोषणा की

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज अपने सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर रोमांचक रिपब्लिक डे ऑफर्स की घोषणा की है। इन ऑफर्स के तहत, उपभोक्ताओं को अविश्वसनीय कीमतों में तेज फीचर्स से लैस 5जी डिवाइस में अपग्रेड करने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। ये ऑफर्स आज से शुरू हो रही फ्लिपकार्ट रिपब्लिक डे सेल के दौरान उपलब्ध होंगे। रिपब्लिक डे सेल के तहत, मोटोरोला अपने पोर्टफोलियो से सबसे अधिक फीचर वाले स्मार्टफोन आकर्षक कीमतों पर पेश करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहरा रहा है, जिससे उपभोक्ता बेजोड़ मूल्य मिल सके।

## मेकमायट्रिप ने पेश किये महिलाओं के सुरक्षा संकेत

बंगलुरु। मेकमायट्रिप तकनीकी और यूजर द्वारा साझा की गई जानकारियों का उपयोगकरते हुए महिला यात्रियों को स्टे और इंटरसिटी बस बुकिंग के दौरान अधिक भरोसेके साथ निर्णय लेने में मदद कर रही है। यह पहल प्लेटफॉर्म पर सामने आए यूजरव्यवहार के ट्रेंड्स पर आधारित है, जिनसे साफ होता है कि महिला यात्री बुकिंग सेपहले विकल्पों की बारीकी से जांच-परख करती हैं। इसमें रिव्यू पर अधिक क्लिककरना यानी रिव्यूज को ध्यान से पढ़ना, मैप्स और स्ट्रीट व्यू पर ज्यादा समय देनाऔर बुकिंग कन्फर्म करने से पहले अन्य मेहमानों द्वारा अपलोड की गई तस्वीरों कोबारीकी से देखना शामिल है। महिलाएं अपनी यात्रा की योजना बनातेसमय पहले से ही बेहद सतर्क रहती हैं। प्लेटफॉर्म पर दिख रहे बुकिंग पैटर्न से पताचलता है कि वे स्टे और यात्रा मार्गकृदोनों का मूल्यांकन कितनी सोच-समझकरकरती हैं।

## एलएनके एनर्जी का लॉन्च 10 हजार करोड़ की निवेश योजना के साथ हुआ

नयी दिल्ली। एलएनके एनर्जी का लॉन्च 10,000 करोड़ रुपये की प्रारंभिक निवेश योजना के साथ हुआ। यह निवेश अगले पाँच सालों में किया जाएगा। एलएनके एनर्जी एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन फ्यूल्स और रिन्यूएबल एनर्जी उत्पादन के क्षेत्र में काम करती है। दीर्घकालिक पूंजी लक्ष्यों के साथ कंपनी का उद्यमिता का लंबा अनुभव है। कंपनी का पहला प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड इनगॉट और वेफर निर्माण सुविधा के साथ 6 वॉट का सोलर सेल मॉड्यूल है, जो छत्रपति संभाजी नगर, महाराष्ट्र में 60 एकड़ जमीन में फैला होगा। एलएनके एनर्जी द्वारा भारत में सस्टेनेबल विकास, जवाबदेह औद्योगिक विकास और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# सेंसेक्स में 1066 अंकों की गिरावट



मुंबई। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और वैश्विक बाजारों के कमजोर संकेतों के बीच मंगलवार को चौतरफा बिकवाली होने से घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,066 अंक लुढ़कते हुए 83,000 के नीचे फिसल गया जबकि निफ्टी 353 अंक टूट गया।

कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट जारी रहने और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,065.71 अंक यानी 1.28 प्रतिशत लुढ़ककर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,235.6 अंक फिसलकर 82,010.58 अंक तक आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 353 अंक यानी 1.38 प्रतिशत गिरकर 25,232.50 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू बाजारों में गिरावट का लगातार दूसरा दिन रहा। सोमवार को सेंसेक्स में 324.17 अंक की कमजोरी आई थी जबकि निफ्टी 108.85 अंक गिरा था। बाजार में गिरावट का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। कमजोर वैश्विक संकेतों और व्यापक बिकवाली से बाजार धारणा कमजोर रही। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और कमजोर रुपये से भी जोखिम लेने से परहेज देखा गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इटर्नल में सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके बाद बजाज फाइनेंस का शेयर भी 3.88 प्रतिशत गिर गया। इसके अलावा सन फार्मा, इंटरग्लोब एविएशन (यानी इंडिगो), ट्रेंट, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फिनसर्व के शेयर भी नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक सेंसेक्स में शामिल इकलौता ऐसा शेयर रहा, जो बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,503 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई जबकि 780 शेयर चढ़कर बंद हुए और 119 अन्य अपरिवर्तित रहे। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 2.74 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 2.52 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड में 5.21 प्रतिशत की सर्वाधिक गिरावट देखी गई जबकि सेवा खंड 2.89 प्रतिशत, पूंजीगत उत्पाद खंड 2.76 प्रतिशत और विवेकाधीन उपभोक्ता खंड 2.73 प्रतिशत गिर गया। अमेरिकी प्रशासन द्वारा शुल्क को विदेश नीति के एक उपकरण के रूप में आक्रामक और अक्सर अप्रत्याशित तरीके से इस्तेमाल किए जाने से वैश्विक बाजारों में बेचैनी बढ़ी है, जिससे वित्तीय बाजारों में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।

# रुपया सात पैसे टूटकर 90.97 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर



मुंबई। रुपया मंगलवार को सात पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.97 (अस्थायी) के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। धातु आयातकों से डॉलर की मजबूत मांग और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितता ने जोखिम से बचने की प्रवृत्ति को बढ़ा दिया है और उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बनाए रखा है। इसके अलावा, विदेशी पूंजी की निकासी के कारण घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती भी इसकी एक वजह रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 90.91 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 91.06 पर पहुंच गया। अंत में 90.97 (अस्थायी) प्रति डॉलर के अब तक के निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट है। रुपया सोमवार को 12 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.90 पर बंद हुआ था। रुपया इससे पहले 16 दिसंबर 2025 को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.93 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति एवं विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की लगातार निकासी से रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करता रहा और कारोबार के दौरान 91 के स्तर से नीचे फिसल गया। हालांकि, कमजोर डॉलर और भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप ने रुपये की तीव्र गिरावट को रोका। ग्रीनलैंड पर अमेरिका के रुख को लेकर विदेशी पूंजी की निकासी और वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति से रुपये में नकारात्मक रुख रहने के आसार हैं। व्यापार समझौते की बातचीत को लेकर अनिश्चितता रुपये पर दबाव डाल सकती है। हालांकि, कमजोर डॉलर और केंद्रीय बैंक के किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। डॉलर के मुकाबले रुपये के हाजिर भाव के 90.70 से 91.25 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.48 पर रहा।

# भारी गिरावट से निवेशकों के 9.86 लाख करोड़ रुपये डूब गये

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को भारी गिरावट आने से निवेशकों के 9.86 लाख करोड़ रुपये डूब गए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,065.71 अंक यानी 1.28 प्रतिशत फिसलकर 82,180.47 अंक पर बंद हुआ।

इसके साथ व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 2.74 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 2.52 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस चौतरफा बिकवाली से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल



बाजार मूल्यांकन 9,86,093.96 करोड़ रुपये घटकर 4,55,82,683.29 करोड़ रुपये यानी 5.01 लाख करोड़ डॉलर रह गया। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 3,503 शेयरों में गिरावट दर्ज की गई जबकि 780 शेयर चढ़कर बंद हुए और 119 अन्य अपरिवर्तित रहे।

# सोना 1.5 लाख पार, चांदी 323000 रुपये प्रति किलोग्राम

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोना मजबूत मांग आने से 5,100 रुपये की छलांग लगाते हुए पहली बार 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया जबकि चांदी ने 20,400 रुपये के उछाल के साथ नया रिकॉर्ड बना दिया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि सोना दिल्ली में 5,100 रुपये की बढ़त के साथ 153,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया। इसके साथ ही सोने ने 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का अहम मनोवैज्ञानिक स्तर भी पार कर लिया। सोना सोमवार को 148,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतों ने भी स्थानीय सर्राफा बाजार में मजबूती दिखाते हुए नया



उच्चतम स्तर छू लिया। सफेद धातु 20,400 रुपये यानी लगभग सात प्रतिशत बढ़कर 3,23,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी की कीमतों में 10,000 रुपये की तेजी देखी गई थी, जिससे यह तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई थी। विदेशी बाजारों में भी सोना और चांदी की मांग में तेजी रही। फॉरेक्स डॉटकॉम के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना पहली बार 4,700 डॉलर प्रति औंस का स्तर के पार पहुंचा। सोने में 66.38 डॉलर यानी 1.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ कीमत 4,737.40 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी हाजिर चांदी ने नया रिकॉर्ड बनाया।

# छोटी कंपनियों के लिए गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क में छूट तीन साल और बढ़ायेगी सरकार

नयी दिल्ली। सरकार छोटे और मझोले उद्यमों को समर्थन देने के लिए गुणवत्ता प्रमाणन शुल्क में दी जाने वाली छूट की समयसीमा को मौजूदा मध्य 2026 से तीन साल आगे बढ़ाने जा रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत विनिर्माण में गुणवत्ता को प्राथमिकता देने के नजरिये को बढ़ावा दे रहा है।

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस विस्तार के लिए एक प्रस्ताव पेश किया है, जिसके तहत सूक्ष्म इकाइयों को शुल्क में 80 प्रतिशत, छोटे उद्यमों को 50 प्रतिशत और मध्यम आकार की कंपनियों को 20 प्रतिशत की छूट दी जाती है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव भरत खेड़ा ने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स के एक कार्यक्रम में कहा, हाल में हमने एक प्रस्ताव पेश किया है और इसे जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावना है...। यह रियायत अगले तीन वर्षों के लिए उपलब्ध होगी। खेड़ा ने कहा कि देश को अपने विकसित भारत के विनिर्माण दृष्टिकोण को हकीकत में बदलने के लिए केवल अनुपालन पर जोर देने के बजाए गुणवत्ता को संस्कृति का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। सिर्फ अनुपालन के लिए गुणवत्ता पर जोर नहीं देना चाहिए।

# चीनी उत्पादन बढ़कर 159 लाख टन पर

नयी दिल्ली। गन्ने की अधिक आपूर्ति और बेहतर पैदावार के चलते भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 सत्र में 15 जनवरी तक सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 1.59 करोड़ टन हो गया है। उद्योग संगठन इस्मा ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

भारतीय चीनी एवं बायो-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) ने एक बयान में कहा कि पिछले साल इसी अवधि में उत्पादन 1.3 करोड़ टन था। इस साल 15 जनवरी तक लगभग 518 चीनी मिलें चालू थीं, जबकि एक साल पहले यह संख्या 500 थी। देश में चीनी का सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में उत्पादन सालाना आधार पर 42.7 लाख टन से 51 प्रतिशत बढ़कर 64.5 लाख टन हो गया। उत्तर प्रदेश में उत्पादन 42.8 लाख टन से बढ़कर 46 लाख टन हो गया। कर्नाटक का उत्पादन सालाना आधार पर 27.5 लाख टन से बढ़कर 31 लाख टन हो गया। गन्ने की पर्याप्त उपलब्धता, बेहतर पैदावार और प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में सुचारू कामकाज के कारण 2025-26 के सत्र में भारत के चीनी क्षेत्र ने अब तक स्थिर प्रगति की है। हालांकि, उद्योग निकाय ने चेतावनी दी कि गन्ने की बढ़ती कीमतों और चीनी की कीमतों में गिरावट से मिलों की वित्तीय स्थिति खराब हो रही है और किसानों को गन्ने के भुगतान में देरी हो रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक में मिलों से निकलने वाली चीनी की कीमतें गिरकर लगभग 3,550 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गई हैं, जो उत्पादन लागत से काफी कम है। संस्था ने कहा कि चीनी का भंडार बढ़ रहा है।

## सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025: टेक्नोलॉजी की मदद से भारतीय खेल में पहुंच बढ़ाना

नयी दिल्ली। खेल लंबे समय से सामाजिक गतिशीलता का साधन रहा है, लेकिन कोचिंग, सुविधाओं और एक्सपोजर तक एकजैसी पहुंच ना होना अक्सर प्रतिभा को भौगोलिक सीमाओं तक सीमित कर देती है। सैमसंग के प्रमुख शिक्षा कार्यक्रम, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो (एसएफटी) 2025 में आईआईटी दिल्ली के साथ साझेदारी में, युवा इनोवेटर्स ने टेक्नोलॉजी की मदद से खेल को अवसरों का मार्ग बनाने की कल्पना की ताकि पहुंच और लोगों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके। पूरे देश भर में हजारों छात्रों ने स्पोर्ट एंड टेक्नोलॉजी के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन थीम के तहत इसका जवाब दिया। यह श्रेणी प्रशिक्षण, वर्चुअल कोचिंग, ई-स्पोर्ट्स और कौशल विकास तक पहुंच विस्तार करने वाले नवाचारों को आमंत्रित करती है।

## विशेषज्ञों ने नवाचार-समर्थित जागरूकता की अपील की

नयी दिल्ली। सिप्ला ने इनहेल द चेंज शुरू किया है। यह बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन के साथ एक देशव्यापी जागरूकता पहल है। इसका मकसद इंसुलिन थेरेपी से जुड़ी भावना और व्यवहार संबंधी दिक्कतों को दूर करना है। डायबिटीज भारत की सबसे बड़ी जन स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। इसकी वजह से लोग लंबे समय तक बीमार रहते हैं और यह मौत का कारण भी बनता है। भारत में 10 करोड़ से ज्यादा लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। समय पर इंसुलिन लेना शुरू करना गेम-चेंजर हो सकता है, लेकिन कई मरीज डर, गलत जानकारी या बहुत ज्यादा भावनात्मक थकान की वजह से हिचकिचाते हैं।4 हमें ऐसी जगह बनाने की जरूरत है, जहां इन चिंताओं को सुना और दूर किया जा सके। साथ ही आसान और सुविधाजनक विकल्प भी देने होंगे।

# हम अमरावती को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर बनायेंगे भागीदार बनने के लिए सभी का स्वागत है: नायडू

दावोस। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को कहा कि वह अमरावती को दुनिया का सबसे बेहतरीन एवं खूबसूरत शहर बनाएंगे और इस प्रयास में भागीदार बनने के लिए सभी का स्वागत है।

अपनी सरकार और उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित सत्र में उन्होंने कहा कि हर देश बढ़ती उम्र की समस्या का सामना कर रहा है लेकिन भारत जनसंख्या संबंधी लाभ लाभ उठा रहा है और यह अगले 25-30 वर्ष तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत का एक और बड़ा लाभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में मजबूत नेतृत्व है। नायडू ने कहा, भारत में अंतर्निहित ताकतें हैं। पहले यह एक सोई हुई महाशक्ति हुआ करता था और इसकी क्षमता पर विश्वास करना किसी के लिए भी मुश्किल था। हालांकि अब हमें भारत की वृद्धि क्षमता के बारे में किसी को बताने की भी जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी एक प्रेरणादायक दौर में हैं। भारत तेजी से प्रगति कर रहा है और आंध्र प्रदेश तो उससे भी अधिक तेजी से विकास कर रहा है...। पहले हम व्यापार करने में आसानी की बात करते थे और अब हम व्यापार करने की गति की बात कर रहे हैं।

## अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास को नयी दिशा देगा आईडब्ल्यूडीसी 3.0

लखनऊ। अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र की उपलब्धियों को रेखांकित करने और इसके भविष्य के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के उद्देश्य से अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद की तीसरी बैठक 23 जनवरी को कोच्चि, केरल में आयोजित की जाएगी। यह एक दिवसीय बैठक केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल की अध्यक्षता में आयोजित होगी। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर सहित विभिन्न राज्य सरकारों के मंत्री भी इस बैठक में भाग लेंगे। बैठक के दौरान पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री विभिन्न राज्यों में अंतर्देशीय जल परिवहन के और विकास के लिए नई पहलों का शुभारंभ करेंगे। कई राज्य समर्थन समझौतो पर भी हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

## पेज एक का शेष

### भाजपा में

ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नवीन को शीर्ष श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) नवीन को जेड-श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराएगा। अधिकारियों ने बताया कि कुछ सप्ताह पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआरपीएफ को नितिन नवीन की सुरक्षा संभालने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि नितिन नवीन के देशभर के दौरों के दौरान सशस्त्र सीआरपीएफ कमांडो उनके साथ रहेंगे। 45 वर्षीय नितिन नवीन को मंगलवार को औपचारिक रूप से भाजपा अध्यक्ष घोषित किया गया। नितिन नवीन पांच बार बिहार विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं और भाजपा का शीर्ष पद संभालने वाले पार्टी के अब तक के सबसे युवा नेता हैं। उनका चयन ऐसे समय हुआ है जब पार्टी आगामी प्रमुख राज्य विधानसभा चुनावों को देखते हुए अपने संगठनात्मक आधार को और विस्तार देने की रणनीति पर काम कर रही है। नवीन के पूर्ववर्ती जे. पी. नड्डा को भी सरकार की ओर से इसी तरह की सुरक्षा दी गई थी, जिसकी व्यवस्था सीआरपीएफ के वीआईपी सुरक्षा शाखा करती थी। केंद्रीय सुरक्षा सूची के तहत वीआईपी सुरक्षा कवर की श्रेणियां-सर्वोच्च जेड-प्लस (एएसएल) से लेकर जेड-प्लस, जेड, वाई, वाई-प्लस और एक्स श्रेणी तक होती हैं। सीआरपीएफ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, गांधी परिवार और कई अन्य नेताओं तथा विशिष्ट व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है। वर्तमान में सीआरपीएफ लगभग 200 वीआईपी की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहा है।

### मेरे बॉस

दायित्व सिर्फ भाजपा को संभालना ही नहीं है बल्कि राजग के सभी साथियों के बीच तालमेल का दायित्व भी उन्हें संभालना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भाजपा अध्यक्ष उस युग से ताल्लुक रखते हैं जिसमें लोग बचपन में रेडियो पर खबरें सुनते थे और अब कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग करने में माहिर हैं। मोदी ने कहा, नितिन जी में युवा ऊर्जा और भरपूर अनुभव दोनों हैं। मोदी ने कहा कि घुसपैठिए देश की सुरक्षा के लिए बहुत गंभीर खतरा पैदा करते हैं और उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी पहचान करना और उन्हें वापस भेजना अत्यंत आवश्यक है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि वे देश की सबसे पुरानी पार्टी द्वारा की गई गलतियों से सबक लें और उन्हें दोहराने से बचें। उन्होंने कहा कि 1984 में कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ 400 से ज्यादा सीटें जीती थीं। उन्होंने कहा लेकिन आज कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा पार करने के लिए तरस रही है। प्रधानमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की उन बुरी प्रवृत्तियों की पहचान करने को कहा, जिन्होंने पार्टी को आत्म-विनाश के कगार पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा, हमें खुद को इन बुरी आदतों से बचाना है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हम इन बुरी प्रवृत्तियों को न अपनाएं। जहां-जहां हमने ऐसी प्रवृत्तियों से दूरी बनाए रखी है, वहां हम अजेय बनकर उभरे हैं।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने विनाशकारी पतन की कभी समीक्षा नहीं की, क्योंकि उसे डर था कि इससे उस परिवार पर सवाल उठेंगे जिसने पार्टी पर कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा, इसी वजह से वे बहाने ढूंढते रहते हैं। उन्होंने तो अपने पतन के असली कारण खोजने का साहस भी खो दिया है। मोदी ने कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के बाद भी अपने प्रदर्शन की निष्पक्ष समीक्षा करती है और जहां नुकसान होता है, वहां सुधार की कोशिश करती है। उन्होंने महाराष्ट्र में हाल ही में हुए निकाय चुनावों में भाजपा की जीत का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी अपनी उपलब्धियों पर आराम से नहीं बैठी है बल्कि अगले चुनावों की तैयारी में जुट गई है।

### नये भाजपा

की है। उनकी कार्यशैली न केवल संगठन को मजबूती प्रदान करेगी, बल्कि कार्यकताओं में नव ऊर्जा और नई प्रेरणा का संचार भी करेगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी जनकल्याणकारी नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन, सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने और संगठनात्मक विस्तार की दिशा में नए कीर्तिमान स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक मयार्दाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री धामी ने ईश्वर से नितिन नबीन के सफल, दूरदर्शी और प्रेरणादायी कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके नेतृत्व में राष्ट्रसेवा, जनहित और विकसित भारत के संकल्प को पूरी निष्ठा, समर्पण और एकजुटता के साथ आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध रहेगा।

### इंजीनियर मृत्यु

की यह टीम 5 दिनों में मामले की जांच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रिपोर्ट सौंपेगी। इस घटना में पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को नामजद आरोपी बिल्डर अभय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। रियल एस्टेट कंपनी एमजेड विजटाउन प्लानर्स लिमिटेड के सीईओ और बिल्डर अभय कुमार की गिरफ्तारी लापरवाही, गैर इरादतन हत्या और जान जोखिम में डालने जैसी गंभीर धाराओं में दर्ज एफआईआर के दृष्टिगत की गई है। वहीं, योगी सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर भी सख्त कदम उठाते हुए नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पद से हटा दिया गया था। इससे पूर्व, ट्रैफिक सेल अवर अभियंता नवीन कुमार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया था।

### जीवंत लोकतंत्र

में पहले भी आना हुआ है और उत्तर प्रदेश की विधानसभा जीवंत लोकतंत्र का प्रतीक लगती है। बिरला ने कहा कि प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने देश और दुनिया की सबसे बड़ी विधानसभा में लोकतांत्रिक मूल्यों, श्रेष्ठ परंपराओं, अच्छी परिपाटियों को लागू किया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा के विशेष योज्ञता धारक जनप्रतिनिधियों, डॉक्टर, इंजीनियर, सनदी लेखाकार आदि, के अनुभवों का महाना ने पेशेवरों के अलग-अलग समूह बनाकर लाभ उठाया।

सम्मेलन में उप्र विधानसभा के बदलाव से संबंधित दिखाई गई 13 मिनट की एक लघु फिल्म की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, उप्र विधानसभा ने महिलाओं और युवाओं के अलग-अलग सत्र आयोजित किये, ताकि महिलाओं की भागीदारी राजनीति में बढ़े और उसकी प्रेरणा सभी राज्य की महिलाओं को मिले। युवाओं की भागीदारी लोकतंत्र में बढ़ाने के लिए युवा संवाद और युवा चर्चा जैसे सत्र आयोजित करने जैसे अच्छे प्रयास किये गये। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी विधानसभा की श्रेष्ठ परिपाटी, परंपराएं, नियमों में बदलाव, लोकतंत्र में भागीदारी, नये प्रयोग प्रेरणादायी होते हैं और निश्चित रूप से हम इसीलिए चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा मैंने अपने छह साल के कार्यकाल में बदलती लोकतांत्रिक विधानसभाओं का स्वरूप देखा है। विधानसभाओं में पहले गया और उसके तीन-चार साल बाद गया, सभी माननीय अध्यक्षों ने बदलाव किया और समाज की सक्रिय भागीदारी के लिए बहुत प्रयास किये। बिरला ने कहा कि स्थायी समिति की बैठक में इस पर चर्चा भी हुई और मुझे आशा है कि आप बहुमूल्य सुझाव देंगे तो उसके लिए एक समिति बनाकर शीघ्र ही इसी सत्र के अंदर राज्यों की विधानसभाओं व लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति लोगों का और विश्वास बनाने, चर्चाओं और संवाद के सकारात्मक परिणाम के लिए प्रयास करेंगे। इसके पहले उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने अतिथियों का स्वागत किया। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने दूसरे दिन सम्मेलन की शुरुआत कराई। इस अवसर पर अपने संबोधन में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा, लोकतंत्र का सबसे सशक्त आधार जनता का अटूट विश्वास होता है। यह विश्वास रातों रात निर्मित नहीं होता और न ही वह किसी एक चुनावी सफलता के परिणाम से परिलक्षित होता है। यह निरंतर व्यवहार, सतत संवाद और अटूट उत्तरदायित्व की परिणति है। देवनानी ने कहा, हम सदन में बैठते हैं तो हमें संविधान के ट्रस्टी के रूप में व्यवहार करना चाहिए क्योंकि हमारे हाथ में जो शक्ति है वह जनता द्वारा दी गई पवित्र धरोहर है। जब हम जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही की बात करते हैं तो हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि विधायिका कोई स्वायत्त सत्ता केंद्र नहीं है बल्कि जनता की आकांक्षाओं और अभिलाषाओं का एक दर्पण है। उन्होंने कहा, सदन की सर्वश्रेष्ठता इस बात से तय नहीं होती कि वहां बहुमत कितना प्रभावी है बल्कि वह इस बात से तय होती है कि वहां अल्पमत की आवाज को कितना सम्मान और महत्व दिया जाता है। असहमति के स्वर को महत्व देने की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि जनता हमसे अपेक्षा करती है कि हम शासन के हर निर्णय की समीक्षा करें और एक एक पैसा जनकल्याण में खर्च हो, यह विधायिका की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारियों की भूमिका रेफरी या अंपायर से ज्यादा संरक्षक के रूप में होती है। मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र तोमर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों और उप्र विधानसभा अध्यक्ष महाना के नये प्रयोगों की सराहना करते हुए कहा कि आज निश्चित रूप से हम सबके लिए प्रसन्नता का क्षण है कि जब उप्र के इस ऐतिहासिक विधान भवन में हम लोग अपनी बात रखने के लिए एकत्र हुए हैं।

### सहारनपुर : एक

रहे हैं। उन्होंने बताया कि मौके से बरामद तीनों पिस्टल देशी हैं और वह लाइसेंसी हैं या नहीं, इसकी जांच कराई जा रही है। एसएसपी ने अब तक की छानबीन के हवाले से बताया कि अशोक राठी को अपने पिता की मौत के बाद उनकी जगह मृतक आश्रित श्रेणी में अमीन की नौकरी मिली थी और वह नकुड़ तहसील में अमीन के पद पर कार्यरत था। उसके दोनों बेटे दसवीं और 11वीं कक्षा में पढ़ रहे थे। पुलिस ने अमीन अशोक राठी के घर को सील कर दिया है ताकि किसी भी स्तर पर जांच प्रभावित न हो पाये।

एक ही परिवार के पांच सदस्यों के शव बरामद होने की सूचना मिलते ही सहारनपुर के डीआईजी अभिषेक सिंह, एसएसपी आशीष तिवारी, एसपी देहात सागर जैन सहित फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पांचों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा है।

### सर्दी में गरीब

मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने का हमारा अभियान चलता रहेगा। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो, अपनी इस कोशिश को हम बरकरार रखेंगे। इसमें कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा संकल्प है।




## जोबर्ग सुपर किंग्स की पार्ल रॉयल्स पर आसान जीत



पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)( ल्यूस डु प्लेय के तूफानी अर्धशतक और प्रेनेलन सुब्रायन के तीन विकेट की बदौलत जोबर्ग सुपर किंग्स ने यहां पार्ल रॉयल्स पर 44 रन की आसान जीत के साथ एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बना ली। डु प्लेय ने 27 गेंदों में 54 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल हैं।

उनकी इस शानदार पारी से सुपर किंग्स ने पांच विकेट पर 166 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। इसके जवाब में रॉयल्स की टीम दबाव में बिखर गई तथा ल्हुआंड्रे प्रिटोरियस के 25 गेंदों में 32 रन और डैन लॉरेंस के 45 रन के बावजूद 18.1 ओवरों में मात्र 122 रन पर ऑल आउट हो गई। सुपर किंग्स की तरफ से दक्षिण अफ्रीकी स्पिनर सुब्रायन ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि नंद्रे बर्गर (29 रन देकर दो) और इमरान ताहिर (17 रन देकर दो) ने उनका अच्छा साथ दिया। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने ग्रुप चरण के बाद 28 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया और उसकी टीम बुधवार को पहले क्वालीफायर में दूसरे स्थान पर काबिज प्रिटोरिया कैपिटल्स (24 अंक) से भिड़ेगी। तीसरे स्थान पर रहने वाली रॉयल्स की टीम गुरुवार को सेंचुरियन में होने वाले एलिमिनेटर में फिर से सुपर किंग्स से भिड़ेगी। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्युसन ने कहा कि भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनकी टीम को तैयारी के लिए उचित मंच प्रदान करेगी।

भारत के खिलाफ हाल ही में 2-1 से वनडे श्रृंखला जीतने से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम नागपुर में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में विश्व कप के सह-मेजबान भारत से भिड़ेगी। भारत में कीवी टीम के साथ जुड़ने वाले फर्ग्यूसन ने रवाना होने से पहले पत्रकारों से कहा, यह सचमुच बहुत अच्छी तैयारी होगी।

## टी20 में भी वनडे जैसा प्रदर्शन करें मिचेल : सैंटनर

नागपुर। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने मंगलवार को यहां कहा कि उन्हें उम्मीद है कि डेरिल मिचेल वनडे की अपनी शानदार फार्म को भारत के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 श्रृंखला में भी बरकरार रखेंगे। मिचेल ने भारत के खिलाफ खेले गए तीन वनडे मैचों में 84, नाबाद 131 और 137 रन बनाकर न्यूजीलैंड की श्रृंखला में 2-1 से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सैंटनर ने पहले टी20 मैच की पूर्व संध्या पर अपने सीनियर बल्लेबाज के बारे में कहा, डेरिल को शुरू में स्पिन के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा।

लेकिन उसने अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की और अब आप उसकी मेहनत का परिणाम देख सकते हैं। बाएं हाथ के स्पिनर सैंटनर ने कहा, वह स्पिन अच्छी तरह खेल रहा है। वनडे में वह बीच के ओवरों में खेल को नियंत्रित कर सकता है। उम्मीद है कि वह टी20 मैचों में भी कुछ ऐसा ही प्रदर्शन करेगा। सैंटनर ने टी20 विश्व कप से पहले भारत में खेलने के महत्व पर भी जोर दिया और इस दौरे को अपनी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाला विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा। उन्होंने कहा, हमें यहां खेलना बहुत पसंद है। हमारे लिए यह बेहद मायने रखता है कि हमें टी20 विश्व कप से पहले भारतीय परिस्थितियों में एक मजबूत टीम का सामना करने का मौका मिल रहा है। भारत के खिलाफ मिचेल का हालिया वनडे रिकॉर्ड सैंटनर की उम्मीदों को स्पष्ट करता है। मिचेल ने पिछले कुछ वर्षों में भारत के खिलाफ लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और विभिन्न परिस्थितियों में बड़ी पारियां खेली हैं। स्पिन को अच्छी तरह से खेलने और बीच के ओवरों में खेल पर नियंत्रण बनाए रखने के कारण वह न्यूजीलैंड के सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाज बन गए हैं। टी20 विश्व कप के करीब होने के कारण सैंटनर को उम्मीद है कि मिचेल टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में भी उसी स्पष्टता और संयम को बनाए रखेंगे, जिसमें भारत के स्पिन-प्रधान आक्रमण कीवी बल्लेबाजों के लिए कड़ी चुनौती पेश कर सकता है। वहीं दूसरी ओर न्यूजीलैंड के कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि ऑलराउंडर माइकल ब्रैसवेल का भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में खेलना इस बात पर निर्भर करेगा कि वह इंदौर में खेले गए तीसरे वनडे के दौरान बाएं पैर की पिंडली में लगी मामूली चोट से उबर पाते हैं या नहीं। न्यूजीलैंड ने होल्कर स्टेडियम में भारत को 41 रन से हराकर वनडे श्रृंखला 2-1 से जीती थी लेकिन फील्डिंग के दौरान पिंडली में हल्की चोट लगने के कारण ब्रैसवेल गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट की विज्ञप्ति में वाल्टर ने कहा, ब्रैसवेल का उपचार जारी रहेगा और उनकी फिटनेस पर निगाह रखी जाएगी। इसके बाद ही दौरे में उनकी आगे की भागीदारी के बारे में कोई निर्णय लिया जाएगा।



उन्होंने कहा, वनडे श्रृंखला जीतना और इतिहास रचना बेहद खास था। टीम के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हमने कुछ ऐसा हासिल किया जो पहले कभी नहीं हुआ था। वाल्टर ने कहा कि ब्रैसवेल टीम के साथ बने रहेंगे, लेकिन उन्हें जल्दी पूरी फिटनेस हासिल करनी होगी। उन्होंने कहा, माइकल टीम के साथ नागपुर गए हैं लेकिन टी20 श्रृंखला से पहले कम समय बचा है, इसलिए हमें उनकी फिटनेस पर जल्द ही गौर करना होगा। वाल्टर ने यह भी पुष्टि की कि तेज गेंदबाज क्रिस्टियन क्लार्क टीम के साथ बने रहेंगे।

## संक्षेप

### बीसीसीआई का आईपीएल के एआई के लिए 270 करोड़ का करार

नयी दिल्ली। बीसीसीआई ने इंडियन प्रीमियर लीग 2026 से पहले गूगल के एआई प्लेटफॉर्म जेमिनी के साथ 270 करोड़ रूपये का प्रायोजन करार किया है। जेमिनी की प्रतिद्वंद्वी कंपनी चैट जीपीटी महिला प्रीमियर लीग के प्रायोजकों में से एक है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, यह करार तीन साल के लिये है और आईपीएल की वैश्विक अपील की बानगी देता है। बीसीसीआई को पिछले साल जर्सी के लिये नया प्रायोजक तलाशना पड़ा जब भारत सरकार ने ड्रीम 11 जैसे वास्तविक धन गेमिंग प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया। बाद में अपोलो टायर 579 करोड़ रूपये के करार के बाद जर्सी का नया प्रायोजक बना। टाटा समूह के पास आईपीएल के टाइटल प्रायोजन अधिकार हैं। आईपीएल 2026 इस साल 26 मार्च से 31 मई तक खेला जायेगा।

### पूनाचा-इसारो की जोड़ी पहले दौर में बाहर

मेलबर्न। भारत के निकी पूनाचा और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार प्रुच्य इसारो मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर में बाहर हो गए। पूनाचा और इसारो की वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोड़ी ने पेड्रो मार्टिनेज और जौमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी के सामने अच्छी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें एक घंटे और 51 मिनट में 6-7(3) 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों जोड़ियों के बीच ज्यादा अंतर नहीं था, लेकिन पूनाचा और इसारो तीन में से केवल एक ब्रेक प्वाइंट के मौके को ही भुना पाए और मैच में दो बार अपनी सर्विस गंवा बैठे। युगल स्पर्धा में भारत की उम्मीदें अभी भी बरकरार हैं। युकी भांबरी स्वीडन के अपने साथी आंद्रे गोरान्सन के साथ चुनौती पेश करेंगे। उन्हें 10वीं वरीयता दी गई है और उनका पहला मुकाबला वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले स्थानीय खिलाड़ियों जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट (पूर्व विश्व नंबर एक लेटन हेविट के बेटे) से होगा। सुमित नागल की रैंकिंग में 2025 के सत्र में काफी गिरावट के कारण पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में भारत का कोई भी खिलाड़ी नहीं है।

### सानिया ने भारतीय महिला खिलाड़ियों के लिए द नेक्स्ट सेट लॉन्च किया

हैदराबाद। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सानिया मिर्जा ने मंगलवार को द नेक्स्ट सेट नामक एक पहल की घोषणा की, जिसका उद्देश्य टेनिस सहित भारत की अग्रणी और उभरती महिला खिलाड़ियों को सलाह और समर्थन देना है। सानिया ने खेल जगत को वापस कुछ देने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है जिसमें शीर्ष स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली खिलाड़ियों को सहायता प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत मुख्य रूप से एक समर्पित सहायता प्रणाली तक सहजता से पहुंच बनाना होगा जिसमें कोच फिजियोथेरेपिस्ट आदि शामिल होंगे जो पूरे सत्र में खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट में यात्रा कर सकते हैं ताकि पूरे सत्र में निरंतर तैयारी और समन्वय सुनिश्चित किया जा सके। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम के तहत सानिया की अकादमी में उनके नेतृत्व में विशेष टेनिस शिविर और कोचिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में प्रदर्शन के तकनीकी, रणनीतिक, शारीरिक और मानसिक पहलुओं पर ध्यान दिया जाएगा।

# आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत

## प्लेऑफ में पहुंची आरसीबी ,गुजरात को 61 रन से हराया, गौतमी नायक की फिफ्टी, सयाली साटघरे को 3 विकेट

एजेंसी

वडोदरा । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने विमेंस प्रीमियर लीग में लगातार पांचवां मैच जीतकर चौथे सीजन के प्लेऑफ में जगह बना ली। टीम ने सोमवार को वडोदरा में गुजरात जायंट्स को 61 रन से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच गौतमी नायक ने फिफ्टी लगाई। वहीं गेंदबाजी में सयाली साटघरे ने 3 विकेट लिए।

खराब शुरूआत के बाद मंधाना ने संभाला कोटाम्बी स्टेडियम में गुजरात ने बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु ने पावरप्ले में 2 विकेट गंवा दिए। ग्रेस हैरिस और जॉर्जिया वोल 1-1 रन बनाकर आउट हो गईं। कप्तान स्मृति मंधाना ने फिर गौतमी नायक के साथ टीम को संभाल लिया। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। मंधाना 26 रन बनाकर आउट हुईं। गौतमी ने फिर ऋचा घोष के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 130 के पार पहुंचा दिया। ऋचा 27 रन बनाकर आउट हुईं। गौतमी भी 73 रन बनाकर आउट हो गईं। आखिर में राधा यादव ने 17, नदीन डी क्लर्क ने 4 और श्रेयांका पाटील ने 8 रन बनाकर टीम को 178 तक पहुंचा दिया। गार्डनर-काशवी को 2-2 विकेट गुजरात जायंट्स से कप्तान एश्ले गार्डनर ने 43 रन देकर 2 विकेट लिए। काशवी गौतम ने 38 रन दिए और 2 विकेट लिए। रेणुका सिंह और सोफी डिवाइन ने 4-4 ओवर फेंक कर 1-1 विकेट लिया। हैप्पी कुमारी, जॉर्जिया वेयरहम और तनुजा कंवर कोई विकेट नहीं ले सकीं। गार्डनर की फिफ्टी के बावजूद हारा गुजरात 179 रन के टारगेट के सामने गुजरात ने 5 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। सोफी डिवाइन और कनिका



आहूजा खाता भी नहीं खोल सकीं। विकेटकीपर बेथ मूनी 3 रन बनाकर आउट हुईं। 56 रन तक टीम ने 3 और विकेट गंवा दिए। अनुष्का शर्मा 18, काशवी गौतम 4 और जॉर्जिया वेयरहम 2 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। कप्तान एश्ले गार्डनर ने एक एंड संभाल लिया, भारती फुलमाली उनके साथ कुछ देर टिकी रहीं। गार्डनर भी फिफ्टी लगाने के बाद 17वें ओवर में आउट हो गईं। फुलमाली 14 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 117 रन ही बना सकी और 61 रन से मुकाबला गंवा दिया। साटघरे को लगातार दूसरे मैच 3 विकेट तेज गेंदबाज सयाली साटघरे ने लगातार दूसरे डब्ल्यूपीएल मैच में 3 विकेट झटक लिए। उन्होंने 21 रन ही दिए।

इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी उन्होंने 3 विकेट लिए थे। नदीन डी क्लर्क ने 2 विकेट लिए। लौरेन बेल, राधा यादव और श्रेयांका पाटील को 1-1 विकेट मिला। प्लेऑफ में पहुंची 2024 की चैंपियन डब्ल्यूपीएल के 3 सीजन खेले जा चुके हैं। 2023 और 2025 में मुंबई इंडियंस ने खिताब जीता। वहीं 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु चैंपियन बनी।

### चोटिल कमलिनी की जगह वैष्णवी शर्मा मुंबई की टीम में शामिल

वडोदरा। भारतीय स्पिनर वैष्णवी शर्मा को मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शेष मैचों के लिए चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज जी कमलिनी की जगह मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल किया गया। सत्रह वर्षीय कमलिनी ने डब्ल्यूपीएल के इस सत्र में पांच मैचों में से चार में पारी की शुरुआत की जिसमें उन्होंने 97.40 के स्ट्राइक रेट से केवल 75 रन बनाए। डब्ल्यूपीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा, वैष्णवी शर्मा 30 लाख रुपये में मुंबई इंडियंस में शामिल होंगी। वैष्णवी 2025 में भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य थीं। उन्होंने पिछले महीने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया, जिसे भारत ने 5-0 से जीता था। इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने अपनी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी से अच्छा प्रभाव डाला और पांच विकेट लिए।

## नॉर्वे शतरंज 2026 में खेलेंगे प्रज्ञानानंदा



स्टावेंजर (नॉर्वे)। भारतीय स्टार आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को पुष्टि की कि वह तीसरी बार नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। नयी पीढी के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में शामिल प्रज्ञानानंदा ने 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है। उन्होंने यहां एक विज्ञप्ति में कहा नॉर्वे शतरंज में वापसी को बेकरार हूं। मुझे 2024 में वहां खेलने में काफी मजा आया। बेहद रोमांचक प्रारूप। नॉर्वे शतरंज के सीओओ बेनेडिक्टे रेस्ट्रे एस ने कहा, प्रज्ञानानंदा ने 2024 में यहां शानदार प्रदर्शन किया। उनका फिर स्वागत करना बेहतरीन होगा। प्रज्ञानानंदा ने सबसे पहले 2022 में नॉर्वे शतरंज में भाग लेकर टूर्नामेंट जीता था। इसके बाद 2024 में मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल प्रारूप में पहली बार हराया। इसी साल वह शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे।

## अफगानिस्तान की वेस्टइंडीज पर जीत में चमके जादरान और रसूली

दुबई। इब्राहिम जादरान और दरवेश रसूली के बीच तीसरे विकेट की रिकॉर्ड साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने तीन मैच की टी20 श्रृंखला के पहले मैच में वेस्टइंडीज को 38 रन से हराया। जादरान ने 56 गेंदों पर नाबाद 87 रन और रसूली ने 59 गेंदों पर 84 रन बनाए। इन दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी की जो टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की तरफ से तीसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी है। इससे अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

इसके जवाब में वेस्टइंडीज नौ विकेट पर 143 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से क्विंटिन सैम्पसन (30) और गुडाकेश मोती (28) ने कुछ योगदान दिया लेकिन यह लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त नहीं था। अफगानिस्तान की तरफ से कप्तान राशिद खान ने 19 रन देकर दो और मुजीब उर रहमान 29 रन देकर दो विकेट लिए।

# हिसाब चुकता करने उतरेगा भारत

एजेंसी

नागपुर। पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान सूर्यकुमार यादव न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से फॉर्म में वापसी करने के लिए बेताब होंगे जिसमें भारत की नजर वनडे श्रृंखला में मिली हार का बदला चुकता करके अगले महीने घरेलू धरती पर होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता अंजाम देने पर होगी। सूर्यकुमार ने 2024 में टी20 टीम की कप्तानी संभाली थी जिसके बाद भारत का प्रदर्शन अच्छा रहा है और उसकी जीत का प्रतिशत 72 प्रतिशत से अधिक रहा है। इससे कप्तान के बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन पर ज्यादा गौर नहीं किया गया लेकिन अब ऐसा नहीं है। पिछले दो वर्षों में भारतीय टी20 टीम स्वचालित मोड पर रही है, जिसमें उसे इक्का-दुक्का हार का ही सामना करना पड़ा। आईपीएल के कारण उसके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से जानते हैं। भारतीय टीम पर हालांकि विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने और घरेलू धरती पर खेलने का दबाव होगा और सूर्यकुमार न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला से पहले इन बातों पर जरूर गौर कर रहे होंगे। न्यूजीलैंड की टीम काफी मजबूत है और उसने पिछले एक साल में कई उपलब्धियां



### सूर्यकुमार के प्रदर्शन पर होगी नजर

हासिल की है जिसमें भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप करना और वनडे श्रृंखला जीतना भी शामिल है। भारतीय धरती पर पहली बार द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला जीतने से निश्चित तौर पर उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। लेकिन जब टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की बात आती है तो सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत एक अलग ही टीम साबित हुई है, जिसने पिछले 25 में से 18 मैच जीते हैं। इसका श्रेय काफी हद तक अभिषेक शर्मा की तूफानी शुरुआत और वरुण चक्रवर्ती की बीच के ओवरों में शानदार गेंदबाजी को जाता है। न्यूजीलैंड ने 2024 टी20 विश्व कप के बाद खेले गए 21 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 13 में जीत हासिल की है। आक्रामक सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे, कप्तान मिचेल सैंटनर, तेज गेंदबाज जैकब डफी, बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डैरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की मौजूदगी में न्यूजीलैंड मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम साबित हो सकती है। इसका यह भी मतलब है कि मौजूदा चैंपियन भारत को विश्व कप की तैयारी के लिए बेहतरीन समय मिलेगा। इस पृष्ठभूमि में केवल सूर्यकुमार ही ऐसे हैं, जिनकी खराब फॉर्म मजबूत टीम की कमजोर कड़ी साबित हुआ है। उन्होंने पिछले 19 मैचों में एक भी अर्धशतक लगाए बिना केवल 218 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123 से अधिक रहा है। तिलक वर्मा को खेलने का अधिक समय देने के लिए उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में खुद को तीसरे नंबर के बजाय चौथे नंबर पर खिसका दिया। सूर्यकुमार अच्छी तरह से जानते हैं कि उनके खराब प्रदर्शन का ड्रेसिंग रूम में असर पड़ सकता है और उन्हें अब हर हाल में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। किसी भी अन्य टीम में श्रेयस अय्यर जैसे काबिल खिलाड़ी को टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में स्वतः ही जगह मिल जाती, क्योंकि उन्होंने तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी को आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया है और एक बार जीत हासिल की है। भारतीय टीम में स्पिनरों के खिलाफ खेलने वाले सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक अय्यर को तिलक वर्मा के चोटिल होने के कारण टीम में जगह मिली है।

## आईसीसी के दबाव में नहीं आयेंगे : बांग्लादेश

ढाका। बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरूल ने मंगलवार को दोहराया कि उनकी टीम किसी भी हालत में टी20 विश्व कप के लिये भारत नहीं जायेगी हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को भागीदारी पर फैसला लेने के लिये 21 जनवरी तक का समय दिया है। बीसीबी अगर 20 टीमों के टूर्नामेंट के लिये भारत टीम नहीं भेजता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को उतारा जा सकता है। नजरूल ने पत्रकारों से कहा मुझे जानकारी नहीं है कि हमारी जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया गया है। अगर आईसीसी भारतीय क्रिकेट बोर्ड के दबाव में आकर बेतुकी शर्तें रखकर हम पर दबाव बनाने की कोशिश करता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा पहले भी ऐसा हुआ है कि पाकिस्तान ने कहा कि वे भारत नहीं जायेंगे तो आईसीसी ने वेन्यू बदल दिया।

## यूपी डोमिनेटर्स ने दिल्ली वॉरियर्स को हराया

एजेंसी

नोएडा। यूपी डोमिनेटर्स ने मंगलवार को यहां प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) के एक मुकाबले में शानदार वापसी का बेहतरीन नजारा पेश करते हुए दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 5-4 से हरा दिया। पुरुषों के 86 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के वफाइपुर हादी बख्तियार ने मिखाइलोव वासिल को 7-4 से हराया।



इसके बाद महिलाओं के 76 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली की अनास्तासिया अल्पीवा ने ओजो डामोला हन्ना पर 11-2 से जीत हासिल की। पुरुष वर्ग के 74 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में भी दिल्ली का पलड़ा भारी रहा।

अजरबैजान के तुरान बायरामोव ने अभिमन्यु मांडवाल को 3-0 से हराकर दिल्ली को 3-0 की बढ़त दिला दी। यूपी को आखिरकार तपस्या गहलावत ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में कार्ला गोंजालेज पर 8-2 से हराकर वापसी दिलाई। दिल्ली के कप्तान और अंडर-23 विश्व चैंपियन सुजीत कलकल ने हालांकि 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में विशाल कालीरमन को हराकर अपनी टीम की बढ़त को 4-1 तक पहुंचा दिया। निर्णायक मोड़ 57 किलोग्राम वर्ग के पुरुषों के मुकाबले में आया। राहुल देसवाल ने शुभम कौशिक को 8-5 से हराकर यूपी को मुकाबले में बनाए रखा।

इसके बाद हैवीवेट मुकाबले में यूपी के जसपूरन सिंह ने रोनक को 3-1 से हराया। यूपी की कप्तान निशा दहिया ने महिलाओं के 62 किलोग्राम वर्ग में अंजली के खिलाफ 9-5 से जीत हासिल करके मुकाबला 4-4 से बराबर कर दिया। ओलंपियन अंतिम पंघाल ने निर्णायक मुकाबले में महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में सारिका को पराजित करके यूपी की जीत सुनिश्चित की।

# सिनर की खिताबी हैट्रिक अभियान की जीत से शुरुआत

एजेंसी



मेलबर्न। मौजूदा चैंपियन यानिक सिनर और मैडिसन कीज ने अपने खिताब बचाने के अभियान की सकारात्मक शुरुआत करते हुए मंगलवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। सिनर ने रॉड लेवर एरिना पर सिर्फ तीन गेम गंवाए और एक घंटे से थोड़ा अधिक समय बिताकर खिताबी हैट्रिक पूरा करने के अपने अभियान की शुरुआत की।

विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर जब 6-2, 6-1 से आगे चल रहे थे, तभी ह्यूगो गैस्टन ने अचानक एक अज्ञात चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। सिनर ने कहा, मैंने देखा कि वह दूसरे सेट में बहुत तेज गति से सर्व नहीं कर रहा था लेकिन मैं इस तरह से मैच नहीं जीतना चाहता था। सिनर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार तीन बार चैंपियन बनने वाले चौथे खिलाड़ी बनने की राह पर हैं। नौवीं वरीयता प्राप्त कीज ने पहले दौर में ओलेक्सांद्रा ओलिन्यकोवा को 7-6 (6), 6-1 से हराया। अपने 50वें ग्रैंड स्लैम मैच में खेल रही कीज ने पहले सेट में 4-0 से पिछड़ने के बावजूद वापसी करके यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबला टाईब्रेकर तक पहुंचाया। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में खेल रही ओलिन्यकोवा ने टाईब्रेकर में भी 4-0 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन वह दो सेट प्वाइंट के मौकों को भुनाने में असफल रही। कीज ने कहा, मैच की शुरुआत में थोड़ी नर्वस हो गई थी। मैं जितनी नर्वस थी उसे देखते हुए वापसी करना और जीत हासिल करना शानदार रहा।

कीज़ ने ओलिन्यकोवा की प्रशंसा की जिन्होंने मैच के बाद ऑटोग्राफ दिए और कोर्ट पर यूक्रेन का ध्वज लहराया। इस बीच महिला वर्ग में सुबह के सत्र में दो वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशिया की जेनिस टजेन ने कनाडा की 22वीं वरीयता प्राप्त लेयला फर्नांडीज को 6-2, 7-6 (1) से और चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा ने ऑस्ट्रेलिया की 30वीं वरीयता प्राप्त माया जॉइंट को 6-4, 6-4 से हराया। पूर्व अमेरकी ओपन चैंपियन स्लोएन स्टीफंस भी पहले दौर में कैरोलिना प्लिस्कोवा से 7-6 (7), 6-2 से हार गई।

## खेल मंत्रालय ने एआईयू को दिया कारण बताओ नोटिस

नयी दिल्ली। देश में विश्वविद्यालय स्तर के खेलों में प्रशासनिक कमियों की ओर इशारा करते हुए खेल मंत्रालय ने एसोसिएशन आफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसमें कहा गया है कि यह संस्था खिलाड़ियों के विकास और नियोजन से जुड़े अपने दायित्व को निभाने में नाकाम रही है। पिछले साल जर्मनी के राइने रूर में हुए विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के दौरान एआईयू की काफी निंदा हुई थी जहां कथित प्रशासनिक चूक के कारण 12 में से छह बैडमिंटन खिलाड़ियों को हिस्सा लेने से रोक दिया गया था। अधिकारी प्रबंधकों की बैठक के दौरान सभी नाम सही ढंग से जमा नहीं कर पाये जिससे भारी हंगामा हुआ क्योंकि प्रभावित खिलाड़ियों ने आराप लगाया कि एआईयू के कुप्रबंधन के कारण उनके कैरियर को नुकसान हुआ है।

# ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जा आवश्यक

## ट्रंप ने चागोस द्वीपसमूह मॉरीशस को सौंपने के ब्रिटेन के फैसले की आलोचना की, ब्रिटेन ने बचाव किया



लंदन। चागोस द्वीपसमूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने के ब्रिटेन के फैसले की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आलोचना किए जाने के बाद हैरत में पड़ी ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को अपने निर्णय का बचाव किया। इससे पहले ट्रंप प्रशासन ने ब्रिटेन के इस फैसले का समर्थन किया था।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, हैरानी की बात है कि हमारा शानदार नाटो सहयोगी ब्रिटेन इस समय डिएगो गार्सिया द्वीप (जहां अमेरिका का एक अत्यंत महत्वपूर्ण सैन्य अड्डा स्थित है) को मॉरीशस को सौंपने की योजना बना रहा है और वह भी बिना किसी वजह के। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि चीन और रूस ने पूरी तरह कमजोरी भरे इस कदम पर ध्यान दिया होगा। ट्रंप ने कहा कि ब्रिटेन द्वारा अत्यंत महत्वपूर्ण भूमि को सौंपा जाना घोर मूर्खता का कार्य है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के उन कई कारणों में से एक है जिनके चलते ग्रीनलैंड पर अमेरिकी कब्जा आवश्यक है। अमेरिकी राष्ट्रपति की यह तीखी प्रतिक्रिया ग्रीनलैंड को लेकर बढ़े तनाव को शांत करने और कमजोर पड़ चुके अटलांटिक पार संबंधों को सुधारने के ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के प्रयासों के लिए एक झटका है। स्टार्मर ने सोमवार को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने संबंधी ट्रंप के बयानों को पूरी तरह गलत बताया, लेकिन साथ ही कहा कि इस मतभेद को शांतिपूर्ण चर्चा के जरिये सुलझाया जाना चाहिए। ब्रिटेन और मॉरीशस ने मई में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे जिसके तहत दो सदियों तक ब्रिटिश नियंत्रण में रहने के बाद चागोस द्वीपसमूह की संप्रभुता मॉरीशस को दी जाएगी। हालांकि, इस द्वीपसमूह के जिस डिएगो गार्सिया द्वीप पर अमेरिकी सैन्य अड्डा स्थित है, उसे ब्रिटेन कम से कम 99 साल के लिए पट्टे पर वापस लेगा। अमेरिका सरकार ने पूर्व में समझौते का स्वागत करते हुए कहा था कि इससे डिएगो गार्सिया में स्थित संयुक्त अमेरिकी-ब्रिटिश सैन्य अड्डे का दीर्घकालिक, स्थिर और प्रभावी संचालन सुनिश्चित होगा। ब्रिटेन के कैबिनेट मंत्री डैरेन जोन्स ने मंगलवार को कहा कि यह समझौता अगले 100 वर्षों के लिए उस सैन्य अड्डे को सुरक्षित करेगा। हाल के वर्षों में संयुक्त राष्ट्र और इसकी सर्वोच्च अदालत ने ब्रिटेन से द्वीपों को मॉरीशस को लौटाने को कहा है। सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि ब्रिटेन हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा पर कभी समझौता नहीं करेगा और यह समझौता डिएगो गार्सिया स्थित संयुक्त अमेरिकी-ब्रिटिश सैन्य अड्डे के संचालन को पीढ़ियों तक सुरक्षित करता है, जिसमें इसकी अनूठी क्षमताओं को बरकरार रखने और हमारे दुश्मनों को बाहर रखने के लिए मजबूत प्रावधान शामिल हैं। लेकिन इस समझौते का ब्रिटेन के विपक्षी दलों ने कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि द्वीपों को छोड़ने से उन पर चीन और रूस के हस्तक्षेप का खतरा बढ़ सकता है। समझौते को मंजूरी देने वाला विधेयक हाउस ऑफ कॉमन्स (निचले सदन) में पारित हो चुका है, लेकिन ऊपरी सदन में इसका कड़ा विरोध हुआ। सदन ने इसे पारित करने के साथ-साथ विधेयक पर खेद व्यक्त करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया। मंगलवार को इस पर आगे की चर्चा के लिए इसे सदन में फिर से प्रस्तुत किया जाएगा।

# उर्सला ने ग्रीनलैंड पर शुल्क की धमकी से ट्रंप की विश्वसनीयता पर उठाया सवाल



दावोस। यूरोपीय संघ की शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्होंने पिछले वर्ष यूरोपीय संघ के सदस्य देशों पर नए शुल्क नहीं लगाने पर सहमति जताई थी।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि ग्रीनलैंड पर ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नए शुल्क खासतौर पर लंबे समय से सहयोगी रहे देशों के साथ एक गलती हैं। वह ट्रंप की उस घोषणा पर प्रतिक्रिया दे रही थीं कि फरवरी से उन आठ यूरोपीय देशों से आने वाले सामान पर 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा, जिन्होंने डेनमार्क के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड पर अमेरिका का कब्जा करने के ट्रंप के आह्वान के बाद डेनमार्क का समर्थन किया है। वॉन डेर लेयेन ने स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक के दौरान कहा, यूरोपीय संघ और अमेरिका जुलाई में एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए थे। राजनीति में भी, जैसे व्यापार में-समझौता मतलब समझौता होता है। और जब मित्र हाथ मिलाते हैं, तो उसका कुछ अर्थ होना चाहिए। हम अमेरिका के लोगों को न केवल अपना सहयोगी बल्कि अपना मित्र भी मानते हैं। और हमें खाई में धकेलने से केवल उन्हीं शत्रुओं को लाभ होगा जिन्हें हम दोनों रणनीतिक परिदृश्य से बाहर रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह प्रतिबद्धता जतायी कि यूरोपीय संघ की प्रतिक्रिया अटल, एकजुट और जवाबी होगी। ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया है कि अमेरिका को चीन और रूस से संभावित खतरों से सुरक्षा के लिए इस क्षेत्र की आवश्यकता है। मंगलवार को अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि यूरोप के साथ अमेरिका के संबंध मजबूत बने हुए हैं और उन्होंने व्यापारिक साझेदारों से आग्रह किया कि वे गहरी सांस लें और ग्रीनलैंड को लेकर नए शुल्क की धमकियों से उपजे तनाव को सुलझने दें। मुझे लगता है कि हमारे संबंध इतने अधिक घनिष्ठ कभी नहीं रहे।

## संक्षेप

### दिल्ली के अयप्पा मंदिर में हुई सेंधमारी का मामला सुलझा

नयी दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के रोहिणी इलाके में स्थित अयप्पा मंदिर में सेंधमारी का मामला सुलझाते हुए पुलिस ने एक चोर और चोरी का सामान खरीदने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा चोरी का सारा सामान भी बरामद कर लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि चोरी की घटना 17 जनवरी को रोहिणी के सेक्टर सात में अयप्पा मंदिर में हुई। मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त सचिव एम के. सुरेश ने शिकायत दर्ज कराई कि जब सुबह मंदिर खोला गया तो भगवान के पास रखी पूजा की चीजें गायब थीं, जो पीतल और तांबे की थीं। उत्तर रोहिणी थाने में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई, जिसके बाद एक टीम का गठन कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने संदिग्धों का पता लगाने के लिए ह्यूमन इंटेलिजेंस और टेक्निकल सर्विलांस का इस्तेमाल किया। अपर पुलिस आयुक्त (रोहिणी) राजीव रंजन ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने राकेश महतो (22) की पहचान की और सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान महतो ने मंदिर में हुई चोरी में शामिल होने की बात कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर टीम ने चोरी के सामान को कथित रूप से लेने वाले मुनीम गुप्ता की दुकान-सह-घर पर छापा मारा और उसके पास से चोरी के सामान बरामद कर लिए। गुप्ता नाहरपुर गांव का रहने वाला है।

# यूक्रेन के बिजली ग्रिड पर रूस का हमला

कीव। रूस ने यूक्रेन के बिजली ग्रिड को निशाना बनाते हुए 300 से अधिक ड्रोन तथा बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें दागीं।

राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि मॉस्को की ओर से युद्ध समाप्त करने की कोई इच्छा फिलहाल दिखाई नहीं दे रही है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, सोमवार रात हुए इस हमले के कारण राजधानी में 5,600 से अधिक अपार्टमेंट इमारतों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उन्होंने बताया कि प्रभावित इमारतों में से लगभग 80 प्रतिशत में, हाल ही में 9 जनवरी को हुए बड़े रूसी हमले के बाद बिजली बहाल की गई थी। उस दौरान हजारों लोग कई दिनों तक बिजली गुल रहने से प्रभावित हुए थे। यूक्रेन हाल के वर्षों के सबसे सर्द मौसम का सामना कर रहा है। कीव में तापमान शून्य से 20 डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया है। इसी बीच, रूस ने बिजली ग्रिड पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं, जिनका उद्देश्य यूक्रेनवासियों को गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों के उपयोग और पेयजल आपूर्ति से वंचित करना तथा 24 फरवरी 2022 को शुरू किए गए पूर्ण पैमाने के आक्रमण के लगभग चार साल बाद उनके प्रतिरोध को कमजोर करना बताया जा रहा है।

# पुलिस को एआई से मिली मदद, तीन गिरफ्तार



नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक का इस्तेमाल करके शालीमार बाग में दिनदहाड़े हुई एक महिला की हत्या का मामला सुलझा लिया है। तकनीक की मदद से धुंधले सीसीटीवी फुटेज में आरोपियों की तस्वीर को और साफ किया गया, जिससे बिहार के तीन लोगों की पहचान हुई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से एक लंबे समय से फरार अपराधी भी शामिल है। उसने ही रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) की अध्यक्ष रचना यादव (44) की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस के अनुसार, रचना उन आरोपियों के खिलाफ गवाही देने वाली थीं जिन्होंने 2023 में उनके पति बिजेंद्र यादव की हत्या की थी। पुलिस के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज की गुणवत्ता खराब होने से काफी मुश्किलें आईं। उन्होंने बताया, सीसीटीवी फुटेज की गुणवत्ता सुधारने के लिए एआई तकनीक का इस्तेमाल किया गया और शूटरों की स्पष्ट तस्वीरें प्राप्त की गईं, जिससे एक आरोपी की पहचान हरियाणा के पानीपत निवासी निखिल के रूप में हुई। रचना यादव की 10 जनवरी को उनके घर के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस संबंध में निखिल (22), सुमित (23) और भारत यादव (33) को गिरफ्तार किया है। विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि घटना वाले दिन पूर्वाह्न करीब 11 बजे पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) को फोन आया।

# सैन्य ड्रोन समूह से निपटने में यूनान की मदद करेगा इजराइल

एथेंस। यूनान के रक्षा मंत्री ने मंगलवार को कहा कि इजराइल सैन्य ड्रोन समूह का मुकाबला करने के लिए प्रौद्योगिकी विकसित करने में यूनान की मदद करेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश पूर्वी भूमध्य सागर में रक्षा सहयोग को और गहरा कर रहे हैं।

यूनानी रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास और उनके इजराइली समकक्ष इजराइल काट्ज के बीच एथेंस में बातचीत हुई जिसमें इजराइल ने यूनान की मदद का भरोसा दिया। यह वार्ता यूनान, इजराइल और साइप्रस के बीच दिसंबर में हुए रक्षा समझौते पर आधारित थी। इजराइल पहले से ही बढ़ते सहयोग के तहत वायु रक्षा कवच बनाने में यूनान की मदद कर रहा है। हम विचारों और विशेषज्ञता का आदान-प्रदान करने पर सहमत हुए हैं ताकि हम मानवरहित उपकरणों, खासकर ड्रोन और पानी के नीचे चलने वाले मानवरहित वाहनों के समूहों का मुकाबला कर सकें। काट्ज़ ने इस साझेदारी को भूमध्य सागर में स्थिरता का एक आधार बताया। ड्रोन के समूह में आमतौर पर छोटे, कम लागत वाले ड्रोन होते हैं।

# राज्य पुलिस केंद्रीय कर्मचारियों के भ्रष्टाचार के मामलों की जांच कर सकती है : कोर्ट



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा कि रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के अपराधों के मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत राज्य पुलिस के अधिकारी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर सकते हैं और आरोप पत्र दाखिल कर सकते हैं।

न्यायालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि राज्य पुलिस द्वारा केंद्र सरकार के किसी कर्मचारी के खिलाफ मामला दर्ज करने से पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सोमवार को कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराधों की जांच राज्य एजेंसी या केंद्रीय एजेंसी या किसी भी पुलिस एजेंसी द्वारा की जा सकती है, इस शर्त के साथ कि पुलिस अधिकारी एक विशेष रैंक का होना चाहिए। पीठ ने कहा कि इसका उल्लेख अधिनियम की धारा 17 में देखा जा सकता है। धारा 17 राज्य पुलिस या राज्य की किसी विशेष एजेंसी को केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और कदाचार से संबंधित मामलों को दर्ज या जांच करने से नहीं रोकती है। पीठ ने कहा, सुविधा और काम के दोहराव से बचने के लिए, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को केंद्र सरकार और उसके उपक्रमों के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है, और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो - राज्य की एक विशेष जांच एजेंसी - को राज्य सरकार और उसके उपक्रमों के कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। न्यायालय ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध संज्ञेय होते हैं और इसलिए राज्य पुलिस द्वारा इनकी जांच की जा सकती है। उच्चतम न्यायालय का यह आदेश राजस्थान उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखते हुए आया है, जिसमें केंद्र सरकार के एक कर्मचारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि भले ही आरोपी केंद्रीय सरकारी कर्मचारी था, फिर भी राजस्थान एसीबी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने का अधिकार था।

# क्या प्रधानमंत्री से असहमत हर व्यक्ति अर्बन नक्सल है : जयराम



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या उनका यह मानना है कि उनसे असहमति रखने वाला हर व्यक्ति अर्बन नक्सल है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने राज्यसभा में 11 मार्च 2020 को सरकार से पूछे गए एक प्रश्न और उसके उत्तर की प्रति भी साझा की, जिसमें सरकार की तरफ से कहा गया है कि गृह मंत्रालय अर्बन नक्सल शब्दावली का उपयोग नहीं करता। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री ने आज अर्बन नक्सल से ख़तरे की बात कही। 11 मार्च 2020 को गृह राज्य मंत्री ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा था कि केंद्रीय गृह मंत्रालय अर्बन नक्सल शब्द का इस्तेमाल नहीं करता। उन्होंने कहा, 29 अप्रैल, 2024 को स्वयं प्रधानमंत्री ने जाति जनगणना की मांग करने वालों और आर्थिक असमानताओं पर चिंता जताने वालों पर अर्बन नक्सल मानसिकता से ग्रस्त होने का आरोप लगाया था। रमेश ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री स्पष्ट करेंगे, या उनका मानना है कि जो भी उनसे असहमत है, वह अर्बन नक्सल है? भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में नितिन नवीन (45) को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किए जाने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा शहरी नक्सली लगातार भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं। हमें अपने संगठन और विचारधारा की ताकत से इस गठजोड़ को हराना होगा।

## इंटरटेनमेंट...

# शूटिंग के बीच बदली 'सिकंदर' की कहानी




**मुंबई।** सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म सिकंदर साल 2025 की सबसे बड़ी फ्लॉप थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब प्रदर्शन किया और फिल्म की लागत तक नहीं निकल पाई। अब फिल्म की हीरोइन

> रश्मिका मंदाना ने सिकंदर के फ्लॉप होने की वजह बतायी

रश्मिका मंदाना ने फिल्म के फ्लॉप होने पर बात की है। रश्मिका ने हाल ही में तेलुगु पत्रकार प्रेमा से सिकंदर के बारे में बात की। उन्होंने फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा- बाद में जो हुआ वो बिल्कुल अलग था, लेकिन जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी थी, तब वो वाकई काफी अलग थी। लेकिन फिल्मों में ऐसा अक्सर होता है। जब आप कुछ सुनते हैं, तो वो एक अलग कहानी होती है। लेकिन फिल्म बनाने के दौरान, परफॉर्मेंस, एडिटिंग और रिलीज के समय के अनुसार चीजें बदल जाती हैं। यह बहुत आम बात है। सिकंदर के साथ भी ऐसा ही हुआ। बता दें कि सिकंदर के फ्लॉप होने के बाद फिल्म के डायरेक्टर ए आर मुरुगदास ने भाषा और सलमान खान दोषी ठहराया था।

उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि स्टार्स के साथ काम करना आसान नहीं होता। दिन के सीन के लिए भी हमें रात को शूट करना पड़ता था, क्योंकि वो रात 8 बजे सेट पर आते थे। हम वो लोग हैं। हम लोग सुबह से शूट करने के आदी हैं, लेकिन वहां ऐसा नहीं होता था। भाषा पर बात करते हुए उन्होंने कहा अपनी मातृभाषा तमिल में काम करना, मेरी सबसे बड़ी ताकत है क्योंकि मुझे पता है कि यहां क्या काम करता है। सोशल मीडिया पर ट्रेंडिंग कैप्शन और डायलॉग का इस्तेमाल कर युवा ऑडियंस को लुभाया जा सकता है। लेकिन मैं दुर्भाग्य से, मैं इसे बाकी भाषाओं खासकर हिंदी में नहीं कर सकता। वहां फिल्म की सफलता के लिए मैं सिर्फ स्क्रीनप्ले पर ही निर्भर रह सकता हूं। मुरुगदास के इन आरोपों पर सलमान ने 'बिग बॉस 19' में रिएक्शन देते हुए उनपर तंज कसा था।

# एआर रहमान के सपोर्ट में उतरीं महबूबा मुफ्ती




**मुंबई।** एआर रहमान उस बयान से विवादों में आ गए, जिसमें उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक वजहों से उन्हें बॉलीवुड में काम नहीं मिलता। जावेद अख्तर ने उनके बयान का खंडन किया था, जिसके बाद अब कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने जावेद अख्तर की आलोचना करते हुए एआर रहमान के बयान पर सहमति जताई है। कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है, जब जावेद अख्तर, एआर रहमान की बॉलीवुड में बढ़ती साम्प्रदायिकता को लेकर जताई गई चिंता को नजरअंदाज करते हैं, तो वह भारतीय मुसलमानों के उन अनुभवों को झुठलाते हैं जो उन्होंने खुद जिए हैं और जो समाज में साफ दिखाई देते हैं। आगे उन्होंने लिखा, 'इन अनुभवों में उनकी अपनी पत्नी शबाना आजमी के अनुभव भी शामिल हैं, जिन्होंने खुले तौर पर बताया है कि मुंबई जैसे आधुनिक और बड़े शहर में भी उन्हें मुस्लिम होने की वजह से घर नहीं दिया गया।

### मेरे खिलाफ हो रही साजिश : गोविंदा

मुंबई। बीते कुछ समय से गोविंदा की पत्नी सुनीता उनके खिलाफ बयान दे रही हैं। हाल ही में सुनीता ने गोविंदा के अफेयर पर कहा कि 63 की उम्र में ये सब शोभा नहीं देता। अब गोविंदा ने पहली बार इस पर रिएक्शन देते हुए कहा है कि उनके खिलाफ एक साजिश हो रही है, जिसमें उनके परिवार को इस्तेमाल किया जा रहा है। मेरे एक मित्र ने कहा था गोविंद (गोविंदा) तुम्हारे साथ थोड़ी सी साजिश चल रही है, आज नहीं सालों से चल रही है। उससे तुम कैसे बाहर निकलोगे, मैंने कहा देखिए एक साल, दो साल, 4-5 साल, 9-10 साल योग होते हैं, पूजा प्रार्थना किया करते हैं, यज्ञ करवाते हैं। पर जब 24-15 साल से वातालाप आगे निकलता है।

# पोस्टपोन नहीं हुई संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर'



**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म लव एंड वॉर इसी साल रिलीज होने के लिए शेड्यूल थी, हालांकि हाल ही में खबरें आईं कि शूटिंग डिले होने से फिल्म को पोस्टपोन कर 2027 में रिलीज किया जाएगा। इन दावों को अब फिल्म की टीम ने खारिज कर दिया है। टीम का कहना है कि फिल्म इसी साल रिलीज होगी। लव एंड वॉर फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र ने दैनिक भास्कर से बातचीत में

> टीम ने किया दावों को खारिज, जरूरी सीन शूट हो चुके हैं, 2026 में ही करेंगे रिलीज

फिल्म पोस्टपोन होने के दावे को बेबुनियाद कहा है। सूत्र के मुताबिक, 'संजयलीला भंसाली ने हाल ही में फिल्म का एक गाना शूट किया है। फिल्म के ज्यादातर जरूरी सीन पहले ही शूट किए जा चुके हैं। फिल्म 2026 में ही रिलीज होगी। हाल ही में पिंकविला की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग अब भी पूरी नहीं हुई है। फिल्ममेकर्स को जून के बाद फिल्म के जरूरी सीन शूट करने हैं। रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया कि फिल्म को बड़े स्केल में तैयार करने के लिए, एरियल एक्शन सीन जोड़ने और वीएफएक्स वर्क के लिए पोस्टपोन किया जा रहा है। फिल्म पोस्टपोन होने का एक कारण ये भी बताया जा रहा था कि रणबीर कपूर की मेगा बजट फिल्म रामायणः पार्ट-1 नवंबर 2026 में रिलीज हो रही है। ऐसे में मेकर्स चाहते हैं कि रणबीर की दोनों फिल्में रामायण और लव एंड वॉर अलग-अलग समय में रिलीज हों, जिससे दोनों ही फिल्मों को अच्छा मार्केट मिल सके। हालांकि अब टीम ने ये दावे खारिज कर दिए हैं। टीम ने साफ किया है कि फिल्म तय रिलीज डेट यानी 14 अगस्त को ही रिलीज होगी।

ऐसे में इसका क्लैश कार्तिक आर्यन की सुपरनैचुरल फैंटेसी फिल्म नागजिला से होगा, जो 14 अगस्त को ही रिलीज होने के लिए शेड्यूल है। इन दो बड़ी बॉलीवुड फिल्मों के साथ प्रभास की साउथ फिल्म फौजी भी इसी तारीख को रिलीज होने वाली है। संजयलीला भंसाली के निर्देशन की आखिरी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी थी, जो 2022 में रिलीज हुई थी। ऐसे में डायरेक्टर इस फिल्म से 3 साल बाद बड़े पर्दे पर बतौर डायरेक्टर कमबैक कर रहे हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com